स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

कानपुर, सोमवार
23 जून, 2025
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष 13
सं. 2082 वि.
वर्ष 36, अंक - 301 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर

# स्वतंत्र भारत

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net


सांसद प्रियंका चतुर्वेदी बोलीं अमेरिका ने वोट ट्रंप को दिया, बॉस बने नेतन्याहू



**मिडनाइट हैमर : ईरान के तीन प्रमुख परमाणु ठिकानों पर जबर्दस्त एयर स्ट्राइक**

# अब जंग में कूदा अमेरिका



**वाशिंगटन/तेहरान।** ईरान और इजरायल के बीच चल रहे तनाव में अब अमेरिका भी जंग में शामिल हो गया है। उसने अपने इस अभियान को मिडनाइट हैमर नाम दिया है। अमेरिका ने ईरान के तीन प्रमुख परमाणु ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं। इसमें फोर्डो, नतांज और इस्फहान

**फोर्डो परमाणु केंद्र को भारी नुकसान**

**अमेरिकी विमानों ने हमले के लिए 37 घंटे बिना रुके भरी उड़ान**

**ईरान ने इजरायल पर दागीं मिसाइलें**

**बोला अब हर अमेरिकी निशाने पर**

शामिल हैं। इन हमलों को पूरी तरह सफल बताया गया है। फोर्डो परमाणु केंद्र को हुआ भारी नुकसान, सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला रविवार तड़के किए गए अमेरिका के हमले में ईरान के फोर्डो परमाणु केंद्र को भारी नुकसान हुआ है। सैटेलाइट तस्वीरों से इसका खुलासा हुआ है। ईरान का फोर्डो परमाणु केंद्र भूमिगत था और एक पहाड़ के कई मीटर नीचे थे। अमेरिका ने अपने बी-2 स्टील्थ बॉम्बर से यहां हमला किया। यह हमला बंकर बस्टर बमों से किया गया, जिससे परमाणु केंद्र को भारी नुकसान होने की आशंका जताई गई। अब सैटेलाइट तस्वीरों से भी इसकी पुष्टि हो गई है। सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला है कि फोर्डो परमाणु केंद्र जिस पहाड़ में मौजूद था, उसे भी अमेरिकी हमले में नुकसान हुआ है। हमले में परमाणु केंद्र के एंट्री पॉइंट तबाह हो गए हैं, जिससे ईरान को परमाणु केंद्र तक पहुंचने और नुकसान का आकलन करने के लिए ही काफी मशक्कत करनी होगी। अमेरिका ने फोर्डो परमाणु केंद्र पर 30,000 पाउंड वजनी छह बंकर बस्टर बमों से हमला बोला।

अमेरिकी बी-2 स्पिरिट बमवर्षक विमानों ने मिसौरी से लगभग 37 घंटे तक बिना रुके उड़ान भरी और रविवार की सुबह ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया। हमले से पहले स्टील्थ बमवर्षक विमानों में बीच हवा में ईंधन भरा गया। इसके बाद ये विमान तीन प्रमुख ईरानी परमाणु ठिकानों फोर्डो, नतांज और इस्फाहान पर कहर बनकर टूटे।

हमले के बाद ट्रंप ने कहा कि फोर्डो खत्म हो गया है। उन्होंने भारी किलेबंद भूमिगत सुविधा का जिक्र किया, जिसे लंबे समय से तेहरान का सबसे सुरक्षित परमाणु स्थल माना जाता है।

बंकर-बस्टर बमों और टॉमहॉक मिसाइलों के संयोजन से किए गए हमले वर्षों में ईरान के खिलाफ यह सबसे प्रत्यक्ष अमेरिकी सैन्य कार्रवाई थी। ट्रंप ने कहा कि फोर्डो पर छह बंकर-बस्टर बम गिराए गए और लगभग 30 टॉमहॉक मिसाइलों ने अन्य परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया। पेंटागन ने भी पुष्टि की है कि हमले में बी-2 बमवर्षक विमानों का इस्तेमाल किया गया था, जो इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और एक सप्ताह तक जारी संघर्ष के बाद हुआ है।

इस बीच, ईरान के सरकारी टीवी ने दावा किया है कि हमले से कुछ समय पहले ही इन परमाणु स्थलों को खाली करा लिया गया था। साथ ही, टीवी प्रस्तोताओं ने हर अमेरिकी नागरिक के निशाने पर होने की धमकी दी है।


ईरानी अधिकारियों ने सरकारी टीवी पर इस्फ़हान, नतांज़ और फ़ोर्डो परमाणु केंद्रों पर हुए हमलों की पुष्टि की है। सरकारी एजेंसी इरना ने इस्फ़हान के गवर्नर के सहयोगी अकबर सालेही के हवाले से इन हमलों की पुष्टि की। सालेही ने बताया कि कई निवासियों ने इस्फ़हान और नतांज़ के परमाणु केंद्रों के पास हमले देखे, और इन क्षेत्रों में कई विस्फोट सुने गए। ईरान के सरकारी टीवी ने आगे दावा किया कि इस्लामिक रिपब्लिक ने कुछ समय पहले ही तीनों परमाणु स्थलों को खाली करा लिया था। सरकारी टीवी के अनुसार, ट्रम्प के बयानों पर भरोसा नहीं किया जा सकता। ऐसे में नुकसान की सीमा का आकलन करना आवश्यक है। इस्लामिक रिपब्लिक के परमाणु उद्योग को बमबारी से पूरी तरह नष्ट नहीं किया जा सकता। अमेरिकी हमले के बाद, ईरानी सरकारी टीवी प्रस्तुतकर्ताओं ने भी संभावित परिणामों की चेतावनी दी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने हमले को सफल बताया है। अमेरिका का यह हमला इजरायल के समर्थन के रूप में देखा जा रहा है।

### गंभीर नतीजे होंगे : ईरान

ईरानी विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने रविवार को अमेरिका द्वारा ईरान की परमाणु सुविधाओं पर किए गए हमलों की तीखी आलोचना की, और गंभीर परिणामों की चेतावनी दी। अराघची ने इन हमलों को अंतर्राष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) का स्पष्ट उल्लंघन बताया। एक्स पर अपने बयान में, उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य अमेरिका पर शांतिपूर्ण परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर आपराधिक कृत्य करने का आरोप लगाया।

# मोदी ने बढ़ते तनाव पर जताई चिंता

**ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियन से की बातचीत**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** ईरान-इजरायल संघर्ष के बीच अमेरिका की तरफ से ईरान पर हमला किया गया। वहीं आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से टेलीफोन पर बातचीत की है। इस दौरान दोनों नेताओं ने पश्चिम एशियाई क्षेत्र में बढ़ते तनाव और हालिया घटनाक्रमों पर गंभीर चर्चा की।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस बातचीत की जानकारी एक्स पर एक पोस्ट में साझा की है। पीएम मोदी ने लिखा- हमने वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। हालिया तनावों पर गहरी चिंता व्यक्त की। तुरंत तनाव कम करने, संवाद और कूटनीति को आगे बढ़ाने का आह्वान दोहराया, ताकि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता शीघ्र बहाल हो सके। बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और आपसी सहयोग को प्राथमिकता देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा से यह मानता रहा है कि संवाद और कूटनीति ही किसी भी संकट का समाधान हैं। हमने क्षेत्र की मौजूदा स्थिति पर विस्तार से चर्चा की और बढ़ते तनाव को लेकर अपनी गहरी चिंता भी जताई है। मैंने तनाव को कम करने के लिए बातचीत और कूटनीतिक को प्राथमिकता देने की अपील की है और क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता की जरूरत पर जोर दिया है।

पीएम मोदी और मसूद पेजेशकियन के बीच यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब पश्चिम एशिया में तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नजरें क्षेत्र में शांति की बहाली पर टिकी हैं।

# सऊदी अरब, चीन व ब्रिटेन सहित कई देशों ने की कड़ी निंदा



**रियाद।** सऊदी अरब ने भी अमेरिका की तरफ से ईरान के परमाणु ठिकानों पर किए गए हमलों की कड़ी निंदा की है। सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक बयान जारी कर कहा कि सऊदी अरब को ईरान में हो रही घटनाओं को लेकर गहरी चिंता है, खासकर अमेरिकी हमलों द्वारा ईरानी परमाणु स्थलों को निशाना बनाए जाने पर। सऊदी अरब ने अपने 13 जून 2025 के बयान की याद दिलाते हुए दोहराया कि वह ईरान की संप्रभुता का उल्लंघन किए जाने की निंदा करता है। बयान में कहा गया कि राज्य सभी पक्षों से संयम बरतने, तनाव कम करने और हालात को और बिगड़ने से रोकने की अपील करता है। कतर और ओमान ने ईरान पर अमेरिकी हमले की निंदा की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों देशों ने तनाव कम करने के लिए कहा है। लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने कहा कि अमेरिकी बमबारी से क्षेत्रीय संघर्ष पैदा हो सकता है। जिसे कोई भी देश बर्दाश्त नहीं कर सकता और उन्होंने बातचीत का आह्वान किया। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने ईरान से संकट को कूटनीतिक रूप से समाप्त करने के लिए वार्ता करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अस्थिर क्षेत्र में स्थिरता प्राथमिकता है। जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने कहा कि स्थिति को यथाशीघ्र शांत करने की जरूरत है। ईरान के परमाणु हथियारों के विकास को भी रोका जाना चाहिए। चीन की सरकारी मीडिया ने कहा कि अमेरिकी हमले एक खतरनाक मोड़ हैं। इसलिए जरूरी है कि बातचीत को प्राथमिकता देते हुए संतुलित, कूटनीतिक दृष्टिकोण अपनाया जाए। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि वह ईरान में परमाणु केन्द्रों पर अमेरिका के बम हमलों से बेहद चिंतित हैं।

## देशभर में बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम मानसून ने जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ को छोड़कर पूरे देश में पहुंच गया है। मानसून के प्रभाव से पूरे देश में झमाझम बारिश हो रही है, पूर्वोत्तर के साथ ही दक्षिण भारत के राज्यों में सबसे ज्यादा हालात खराब है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून की उत्तरी सीमा जयपुर, आगरा, रामपुर, देहरादून, शिमला और मनाली से होकर गुजर रही है। अगले दो दिनों के दौरान उत्तरी अरब सागर के शेष हिस्सों, राजस्थान के कुछ और हिस्सों, पश्चिम उत्तर प्रदेश के शेष हिस्सों, जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के कुछ और हिस्सों में दक्षिण पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं।

## बम की धमकी : रियाद डायवर्ट हुआ एयर इंडिया का विमान




**रियाद।** एअर इंडिया की बर्मिंघम (ब्रिटेन) दिल्ली आ रही एक उड़ान को शनिवार को बम की धमकी

**दिल्ली आ रही थी फ्लाइट**

मिलने के बाद सऊदी अरब के रियाद शहर में डायवर्ट करना पड़ा। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने रविवार को इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं और सुरक्षा जांच पूरी कर ली गई है। एअर इंडिया ने अपने बयान में बताया कि विमान को सुरक्षित रियाद एयरपोर्ट पर उतारा गया और पूरी सुरक्षा जांच की गई। जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया गया। सभी यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतारकर होटल में ठहराया गया। यात्रियों को उनके गंतव्यों तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक उड़ानों की व्यवस्था की गई है।

### मिडिल ईस्ट में एयरस्पेस बंद, चेन्नई लौटी फ्लाइट

**चेन्नई।** इजरायल और ईरान के बीच चल रही जंग में अब अमेरिका की भी एंट्री होने के बाद मिडिल ईस्ट में एअरस्पेस बंद कर दिया गया है। इसकी वजह से लंदन जाने वाली ब्रिटिश एअरवेज की एक फ्लाइट को रविवार (22 जून, 2025) सुबह चेन्नई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आपातकालीन वापसी करनी पड़ी। फ्लाइट नंबर बीए276 चेन्नई से सुबह 6 बजकर 24 मिनट पर रवाना हुई, जो अपने निर्धारित समय सुबह 5 बजकर 35 मिनट से लगभग एक घंटा लेट थी। इस फ्लाइट में 247 यात्री और 15 क्रू मेंबर सवार थे। जब ये विमान बेंगलुरु क्रॉस करके अरब सागर के ऊपर था तो पायलट को तत्काल सूचना मिली कि मिडिल ईस्ट में एअरस्पेस के मुख्य हिस्से को बंद कर दिया गया है और इस वजह से लंदन जाने वाला रास्ता अवरुद्ध हो गया है। ईरानी ठिकानों पर अमेरिकी हमले के बाद मिडिल ईस्ट के अधिकारियों ने एहतियात के तौर पर नागरिक उड़ानों को रोक दिया। इसका अलर्ट मिलने के बाद विमान सुबह करीब 10 बजे चेन्नई इंटरनेशनल एअरपोर्ट पर सुरक्षित उतरा और यात्रियों को उतारा गया।

## 19 रूटों पर उड़ानों को कम करने का फैसला

**नई दिल्ली।** टाटा ग्रुप की एयरलाइन 19 रूटों पर चलने वाली 118 साप्ताहिक उड़ानों को कम करेगी। ये उड़ानें छोटे आकार के विमानों (नैरो-बॉडी एयरक्राफ्ट) से भरी जाती हैं। इसके साथ ही, तीन रूटों पर विमान सेवा को अस्थायी तौर पर बंद कर दिया जाएगा। एयर इंडिया ने इससे पहले बड़े आकार के विमानों की 15त अंतरराष्ट्रीय उड़ानें कम करने का ऐलान किया था। ये सारे बदलाव कुछ समय के लिए ही किए जा रहे हैं। एयरलाइन का कहना है कि ये कदम पूरे नेटवर्क में ऑपरेशन को स्थिर रखने के लिए उठाया जा रहा है। इससे यात्रियों को आखिरी समय पर होने वाली परेशानी से बचाया जा सकेगा। एयर इंडिया ने एक बयान में कहा कि वह अपने छोटे आकार के विमानों के नेटवर्क में कटौती कर रही है।

# भारत ने रूस से बढ़ाया कच्चे तेल का आयात

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** ईरान इजरायल युद्ध में अमेरिका की एंट्री के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका है। इसका सीधा असर तेल की कीमतों पर पड़ेगा। इसे ध्यान में रखते हुए भारत ने पहले ही खास रणनीति के तहत रूस और अमेरिका से कच्चे तेल का आयात बढ़ा दिया है। भारत ने जून महीने में रूस से इतना तेल खरीदा है, जो पश्चिम एशिया और खाड़ी देशों से खरीदे गए कुल कच्चे तेल से भी ज्यादा है।

**पश्चिम एशिया में तनाव के बीच अपनाई खास रणनीति**

वैश्विक व्यापार विश्लेषक फर्म कैपलर के आंकड़ों के मुताबिक भारत ने जून महीने में रूस से 20-22 लाख बैरल प्रति दिन के हिसाब से कच्चे तेल की खरीद की है। यह बीते दो साल में सबसे ज्यादा है।

मई माह में भारत ने रूस से तकरीबन 11 लाख बैरल प्रति दिन के हिसाब से कच्चा तेल खरीदा था। भारत पहले रूस से अपनी जरूरत का महज एक प्रतिशत तेल ही आयात करता था, लेकिन अब इसमें भारी बढ़ोतरी हुई है और अब भारत अपने कुल तेल आयात का 40-44 प्रतिशत तेल रूस से मंगाता है।

# ‘ऐसी वैसी बातों से तो अच्छा है ख़ामोश रहो’

**नवकांत ठाकुर**

**नज़र और नज़रिया**

किसी भी मामले में दो विकल्प हमेशा मौजूद रहते हैं। बोलना, या फिर ख़मोश रहना। काल, स्थान और परिस्थिति के मुताबिक इन दोनों में से किसी एक का कितनी चतुराई से चयन किया जाता है, वही समझदारी और परिपक्वता की निशानी होती है। हालांकि कब, कहां और किस हद तक बोलना या ख़ामोश रहना चाहिए इसका कोई तय सिद्धांत, पैमाना या मापदंड तो नहीं है, लेकिन अपनी लेखनी से लोगों को सही राह दिखाने और बताने वाले कवियों, शायरों और विद्वानों ने हर कालखंड में मुख्य रूप से यही बताया है जिसे डॉ. नवाज देवबंदी साहब के शब्दों में कहें तो– **‘ऐसी वैसी बातों से तो अच्छा है ख़ामोश रहो, या फिर ऐसी बात कहो जो ख़ामोशी से अच्छी हो।’** इसी बात को अपने अंदाज में समझाते हुए संत कबीर ने भी कहा था कि– **‘बोली एक अनमोल है जो कोई बोले जानि, हिए तराजू तौल के तब मुख बाहर आनि।’**

वैसे भी बातों में असर और वजन तभी आता है जब खामोश रहने के लिए भाव–भंगिमा का और बोलने के लिए शब्दों का चयन सटीक, संतुलित और लक्ष्य केंद्रित हो। यूं तो इसका ध्यान हर किसी को रखना चाहिए लेकिन खास तौर से उनको तो इसकी जरा भी अनदेखी या अवहेलना नहीं करनी चाहिए जिनकी जुबान से निकले हर शब्द का व्यापक-विस्तृत विश्लेषण होता हो और मौन के भी मायने निकाले जाते हों। तभी तो पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी से मुलाकात के दौरान जब देश के एक नामचीन मीडिया हाउस के मालिक ने अनौपचारिक बातचीत में श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देने वाली उनकी भाषण शैली की तारीफ करते हुए कहा कि वह उनसे बोलने की कला सीखना चाहते हैं, तो अटल जी ने अपनी चिर-परिचित मुस्कान के साथ चुटीले अंदाज में कहा कि ‘अगर आप मुझसे कुछ सीखना ही चाहते हैं तो पहले यह सीखिए कि कहां चुप रहा जाए।’ वाकई, जिनकी जुबान से निकली बातें बहुत दूर तक सुनी–सुनाई जाती हों ऐसी शख्सियतों को इसका ध्यान तो रखना ही चाहिए कि वह जो भी बोलें उसमें स्थायित्व हो, तारतम्यता हो और वजन हो। यह नहीं कि किसी भी मसले पर बिना इस बात की परवाह किए कुछ भी बोल जाएं कि इसका असर क्या होगा और इससे उनकी छवि पर क्या प्रभाव पड़ेगा। यह विचारणीय प्रश्न तब सामने आया है जब शिक्षा की भाषा को लेकर चल रहे विवाद के बीच भारतीय भाषाओं की श्रेष्ठता, उत्कृष्टता और आवश्यकता पर जोर देते हुए एक पुस्तक विमोचन के कार्यक्रम में गृहमंत्री अमित शाह ने कह दिया कि ‘देश में अंग्रेजी बोलने वालों को शर्म आएगी, ऐसे समाज का निर्माण अब दूर नहीं है।’ उपनिवेशवादी सोच और गुलामी की मानसिकता से बाहर निकल रहे भारतीय समाज के भावी भाषाई स्वरूप की शाह द्वारा प्रस्तुत परिकल्पना की गहराई और सियासी मारकता को समझा जाए तो उनकी इस बात से निश्चित तौर पर देश के तकरीबन 90 फीसदी ऐसे लोगों को गर्व की अनुभूति होगी जिन्होंने 2011 की जनगणना में अपनी मातृभाषा के साथ ही बोलचाल और समझ आने वाली भाषाओं में अंग्रेजी का नाम नहीं लिखवाया था। लेकिन, हर मुद्दे पर सरकार का विरोध ही करने की नीति के तहत लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इस मामले में भी ना सिर्फ सत्तारूढ़ भाजपा बल्कि आरएसएस को भी लपेटते हुए यहां तक कह दिया कि भाजपा-आरएसएस नहीं चाहते कि भारत का गरीब बच्चा अंग्रेजी सीखे और आगे बढ़े। सवाल यह नहीं है कि बिना अंग्रेजी सीखे अगर रूस, चीन, जापान, इजरायल, फ्रांस, जर्मनी और दक्षिण कोरिया सरीखे देशों के बच्चे ‘आगे बढ़ने’ के हर मापदंड पर सफल दिख सकते हैं तो भारतीय बच्चों को आगे बढ़ने के लिए अंग्रेजी का आश्रय लेना क्यों अनिवार्य बताया जा रहा है। असली सवाल तो यह है कि भारत और भारतीयता के हित, गौरव और स्वाभिमान से जुड़े मुद्दों पर अनाप-शनाप बोलने के बजाय ख़ामोश रहने का विकल्प क्यों नहीं अपनाया जाता। क्यों राहुल अक्सर बिना सिर–पैर की ऐसी बातें बोलते रहते हैं जिसके लिए कभी सुप्रीम कोर्ट में माफी मांगनी पड़ती है, कभी इलाहाबाद उच्च न्यायालय की फटकार सुननी पड़ती है और कभी सूरत की कचहरी उन्हें सजा सुनाती है और कभी एमपी–एमएलए कोर्ट में उन्हें नीचा देखना पड़ता है। बहरहाल, फर्रुख़ाबाद के शायर आलोक यादव की कलम से निकले इस कलाम पर राहुल को ग़ौर करना चाहिए कि – **‘मौन के ये आवरण तुझको बचा ले जाएंगे, वरना बातों के कई मतलब निकाले जाएंगे, राजनैतिक व्याकरण तुम सीख लो पहले ज़रा, वरना फिर अख़बार में फ़िक़रे उछाले जाएंगे।’** जैसी नज़र, वैसा नज़रिया।

## आतंकियों को पनाह देने में दो लोग गिरफ्तार



**जम्मू।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पहलगाम में हमला करने वाले आतंकियों को पनाह देने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग के पहलगाम में आतंकियों ने 22 अप्रैल को भयानक हमले को अंजाम दिया था, हमले में 26 निर्दोष पर्यटक मारे गए थे जबकि 16 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। एनआईए के अनुसार, पहलगाम के बटकोट के परवेज अहमद जोथर और पहलगाम के हिल पार्क के बशीर अहमद जोथर ने हमले में शामिल तीन सशस्त्र आतंकवादियों की पहचान का खुलासा किया है और यह भी पुष्टि की है कि वे प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े पाकिस्तानी नागरिक थे। एनआईए की जांच के अनुसार, परवेज और बशीर ने हमले से पहले हिल पार्क में मौसमी ढोक (झोपड़ी) में तीन हथियारबंद आतंकवादियों को जानबूझकर शरण दी थी। दोनों लोगों ने आतंकवादियों को भोजन, आश्रय और रसद सहायता प्रदान की थी, जिन्होंने उस दुर्भाग्यपूर्ण दोपहर को धर्म की पहचान के आधार पर पर्यटकों को चुन-चुन कर मार डाला था।

## सात वाहनों का चालान

पुरवा,उन्नावः एआरटीओ कार्यालय में तैनात पीटीओ शैहपर किदवई ने चेकिंग अभियान चलाया। पीटीओ को कस्बे के बस स्टेशन, मिर्री चौराहा व बस स्टाप के पास चलाए गए चेकिंग अभियान में 3 निजी बस, 1 लोडर, 2 ई रिक्शा व 1 टेम्पों चालकों से वाहन संबंधी कागजात मांगे। उक्त चालकों द्वारा कागजात न दिखा पाने पर सभी वाहनों का चालान कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। कोतवाल ने बताया कि एआरटीओ कार्यालय में तैनात पीटीओ ने 7 वाहनों के चालान किए हैं। जिन्हें कोतवाली में खड़ा कर दिया गया है।

## सरकार का फरमान बंद होंगे सैकडों स्कूल आंदोलन करेंगे शिक्षक

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**उन्नाव ।** यूपी सरकार ने बीते दिनों एक बड़ा फैसला लेते हुए बेसिक शिक्षा परिषद के ऐसे प्राथमिक विद्यालयों जहां छात्र संख्या 50 से 10 तक है । उन स्कूलों को पास के दूसरे प्राथमिक विद्यालय में पेयरिंग यानी कि मर्जर करने का आदेश जारी कर दिया है। सरकार के फैसले से प्रदेश के हर जिले में बड़े स्तर पर प्राथमिक विद्यालयों की संख्या घट जाएगी और शिक्षकों के पद पर असर पड़ेगा । सरकार के इस फैसले के खिलाफ उत्तर प्रदेशीय जूनियर शिक्षक संघ ने बड़े आंदोलन का ऐलान कर दिया है । वहीं शिक्षक इस फैसले को आरटीई एक्ट का उल्लंघन करार देते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर कमजोर होने का दावा कर रहे हैं । शिक्षक नेताओ के मुताबिक प्राथमिक विद्यालय की संख्या कम होने पर भविष्य में शिक्षक भर्ती भी नहीं आएगी । जिससे बीएड डीएलएड टेट किए हुए अभ्यर्थियों का भविष्य अंधकार में चला जाएगा । सरकार भविष्य के शिक्षकों के साथ खड्यंत्र रच रही है। वहीं मौजूदा समय के शिक्षक भी परेशान होंगे । शिक्षक नेताओं का दावा है कि स्कूलों का मर्जर होने से छात्र संख्या घटेगी और ग्रामीण बच्चे शिक्षा से दूर होंगे । राइट टू एजुकेशन एक्ट के तहत हर गांव में स्कूल खोलने का प्राविधान किया गया जिससे कि शिक्षा का स्तर बढ़ाया जा सके । जबकि यूपी सरकार शिक्षा के स्तर को तोड़ने का फरमान लेकर आई है। उत्तर प्रदेशीय जूनियर शिक्षक संघ के पदाधिकारी ने सरकार के आदेश का विरोध करते हुए 27 जून को प्रदेश भर में ब्लॉक मुख्यालय स्तर पर विरोध प्रदर्शन करने का बड़ा कार्यक्रम प्लान किया है । ब्लॉक् स्तर से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारियों को दिया जाएगा । जिसमें सरकार को इस फैसले को वापस लेने की मांग की जाएगी । शिक्षक नेताओं ने कहा कि जब तक सरकार आदेश को निरस्त नहीं करेगी तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा । यह आदेश किसी भी स्थिति में लागू नहीं होने दिया जाएगा ।

यूपी के उन्नाव में 2709 प्राथमिक विद्यालय व 834 जूनियर विद्यालय संचालित हैं । इन स्कूलों में 7 हजार से ज्यादा शिक्षक.शिक्षिकाएं कार्यरत है। सरकार के नए आदेश से उन्नाव में 150 से ज्यादा स्कूल पेयरिंग ऑफ स्कूल मर्जर की श्रेणी में शामिल हो जाएंगे।

उत्तर प्रदेश सरकार ने बेसिक शिक्षा विभाग के कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक स्कूलों को पेयरिंग करने का जो आदेश जारी किया है। उस आदेश में हेड मास्टर को अभिभावक से सहमति पत्र लेना होगा कि हमारे बच्चे को दूसरे स्कूल में दाखिला कर लिया जाए । ग्राम प्रधान से भी सहमति पत्र लेना होगा कि छात्र संख्या कम होने की स्थिति में ऐसा कर दिया जाए हम सहमत है कोई दिक्कत नहीं है । इसके अलावा भी कई बिंदु शामिल है ।

## चोखा बाटी खाते समय निकला कीड़ा युवक की हालत खराब

उन्नाव खाद्य विभाग की लापरवाही चलते लोगो की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है

शदर कोतवाली के मोती नगर स्थित उन्नाव की जानी.मानी राजस्थानी चोखा.बाटी में खाते समय युवक के थाल में निकला ककरोज लगभग आधी प्लेट खा चुके युवक ने जब देखा तो उसे उल्टियाँ सुरु हो गई आनन. फानन में युवक ने जिला अस्पताल में इलाज कराया लगभग 4 घंटे बाद युवक की हालत सामान्य हुई युवक ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की है लेकिन जांच के नाम पर खाद्य विभाग द्वारा सिर्फ सैम्पल लेने का काम किया गया है जब मीडिया कर्मियों ने जानकारी के लिए बोला तो प्रभारी खाद्य विभाग शैलेन्द्र दिक्षित ने साफ मना कर दिया उन्होने कहा कि मैं कुछ नही बोलूंगा पीड़ित युवक मीडिया को बयान देकर अपनी समस्या बताई है

## स्टेशन के समीप संदिग्ध परिस्थितियों में एक अज्ञात महिला का शव मिलने से हड़कंप



**स्वतंत्र भारत सफीपुर उन्नाव।** रेलवे स्टेशन के समीप संदिग्ध परिस्थितियों में एक अज्ञात महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गयाण शव देखे जाने की सूचना पर स्थानीय पुलिस और रेलवे पुलिस मौके पर पहुंचीण्पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास शुरू किए जब मौके पर शिनाख्त नहीं हो सकी तो शव को सी एच सी पहुंचाया गया जहां पर मृतका के परिजनों ने पहुंच शव की शिनाख्त कीण शव की पहचान होने के उपरांत पुलिस ने शव का पंचनामा भर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दियाण कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जगदीश खेड़ा मजरा सफीपुर ग्रामीण निवासी भैया लाल राजपूत की 45 वर्षीय पत्नी रामसरोजनी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे स्टेशन के समीप देखे जाने से हड़कंप मच गयाण्सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शिनाख्त कराने के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए भेज दियाण् वहीं मृतका के पति भैया लाल पुत्र जुग्गीलाल ने बताया कि घर से 10 बजे निकल गई थी काफी खोजबीन की परंतु पता नहीं लग सका थाण्मोहल्ले के कुछ लोगों ने बताया कि एक महिला का शव रेलवे स्टेशन के पास पड़ा मिला है ण्यह बात सुनकर मैं दंग रह गया और तुरंत वहां से रेलवे स्टेशन पहुंचा तो वहां पता चला कि शव को पहचान न हो पाने के कारण पुलिस शव को लेकर सरकारी अस्पताल गई हैं जहां पहुंच मैने अपनी पत्नी की लाश देखी ण्मृतका का 30 वर्षीय पुत्र पवन है जो खेती बड़ी का काम करता है जिसका भी विवाह हो चुका हैण् माँ की अचानक मौत होने की सूचना पर सी एच सी पहुंचे पुत्र पवन और पुत्र वधू प्रेमा का रो रोकर बुरा हाल हैण्इस संबंध मे एस ओ सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि परिजनों ने अभी तक तहरीर नहीं दी है वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है रिपोर्ट आने पर ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगाण

## भूमाफियाओं के कब्जे से खाली कराई गई लगभग तीन करोड़ की जमीन



स्वतंत्र भारत बांगरमऊ उन्नाव

अवैध कब्जों के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है । डीएम गौरांग राठी के निर्देश पर प्रशासन ने बड़ा एक्शन लेते हुए बांगरमऊ तहसील क्षेत्र के बिखारीपुर कस्बे में तीन करोड़ रुपये मूल्य की सरकारी भूमि पर किए गए अवैध प्लॉटिंग को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया । यह कार्रवाई जिला पंचायत मुख्य अधिकारी कृतिका सिंह और एसडीएम बांगरमऊ के नेतृत्व में की गई । बताया जा रहा है की बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के बिखारीपुर कस्बे में 0ण्423 हेक्टेयर सरकारी भूमि पर भूमाफियाओं ने अवैध रूप से प्लॉटिंग कर उसे बेच दिया था । वहीं कुछ हिस्सों पर बाउंड्री वाल भी खड़ी कर दी गई थी । मामले की शिकायत जिलाधिकारी गौरांग राठी से की गई । डीएम ने एसडीएम बांगरमऊ और जिला पंचायत अधिकारियों को जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए । पूरे मामले की जांच में भूमि पर अवैध कब्जे और बिक्री की पुष्टि होते ही प्रशासन हरकत में आ गया । आज जिला पंचायत मुख्य अधिकारी कृतिका सिंह और एसडीएम बांगरमऊ के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ बुलडोजर से अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया गया । वहीं कार्रवाई के दौरान तहसील प्रशासनए राजस्व विभागए पुलिस बल और जिला पंचायत विभाग की टीमें मौजूद रहीं । बाउंड्री वॉल को बुलडोजर से गिरा दिया गया । वहीं भूमाफियाओं से खाली कराई गई जमीन की कीमत तीन करोड़ बताई जा रही है ।

## ग्राम बीजीमऊ में पट्टा आवंटन में अवैध वसूली का आरोप

उन्नाव। विकास खंड मियागंज के ग्राम बीजी मऊ में उप जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र देकर मांग की गई है कि पट्टा आवंटन में उगाही के लिए दबाव बनाया जा रहा है। जो नहीं सुन रहे हैं उन्हें कब्जा होने के बावजूद कब्जे से हटाने की बात कही जा रही है। रामू नामक किसान ने उप जिलाधिकारी से अवैध वसूली रोकने की फरियाद की है

## दबंगों ने युवक को बेरहमी से पीटा

**उन्नाव।** युवक को ढाबे पर टीसू पेपर मांगना पड़ा महंगा। मारपीट में युवक गंभीर रूप से घायल।दबंगों ने युवक को मरा हुआ समझकर मौके से हुए फरार।घायल युवक का आरोप है कि ढाबा मालिक के कहने पर हुई मारपीट। घायल युवक को सीएचसी सफीपुर में कराया भर्ती।पीड़ित युवक ने अज्ञात दबंगों और ढाबा मालिक के खिलाफ पुलिस में की शिकायत।घायल युवक कानपुर के थाना बिठूर क्षेत्र का है निवासी। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के परियर स्थित प्रधान ढाबे का है मामला।

## वर्षा के दिनों में मवेशी कई बीमारियों की चपेट में आ जाते

**चौरासी उन्नाव।** वर्षा के दिनों में मवेशी कई बीमारियों की चपेट में आ जाते है।इसमें मुख्य रूप से गला घोंटू की बीमारी मवेशियों को चपेट में लेती है।जिसको लेकर पशु विभाग की ओर से टीकाकरण किया जा रहा है।करीब 55 हजार मवेशियों के गला घोंटू का टीका लगाया जाएगा। वर्षा में मवेशियों को बीमारियों से बचाने के लिए पशु विभाग की ओर से गला घोंटू का टीका लगाने का कार्य प्रगति पर है।करीब 55 हजार मवेशियों के गला घोंटू का टीका लगाएगा।जिसमें अभी तक छह हजार मवेशियों के टीका लग चुका है।गला घोंटू की बीमारी में मवेशियों के गले में सूजन आ जाती है और वह सांस नहीं ले पाते है जिसके कारण मवेशी की मौत भी हो जाती है।वहीं पशु विभाग की टीम मवेशियों के आसपास साफ सफाई रखने के अलावा अन्य जानकारी दे रहीं है।

## नाले में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी



स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव

शुक्लागंज पोनी रोड पर रविवार तड़के सुबह क्षेत्र वासियों में उस समय हड़कंप मच गया जब एक स्थानीय ने नाले में एक युवक का शव पड़ा देखा।हैरानी की बात ये है जहां शव मिला वो रास्ता दिन हो या रात बेहद व्यस्त रहता है। क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकलवाया और जांच शुरू कर दी।युवक की उम्र लगभग 28 साल के आसपास बताई जा रही है युवक का नाम शिवप्रकाश चौरसिया पिता का नाम रामभजन चौरसिया बताया जा रहा है। मृतक कुरसठ गांव थाना आसीवन क्षेत्र का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि व्यक्ति राजधानी मार्ग पर मोमोज की दुकान भी लगाता था।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक की मौत के कारणों का पता चल पायेगा।

## सफेद हांथी साबित हो रही है ग्राम कुइथर की सोलर टंकी

लाखों खर्च करने पर भी नहीं मिल रहा पानी।

स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव

विकास खंड बिछिया की ग्राम पंचायत कुईथर में आम लोगों को शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लाखों रूपए खर्च कर सोलर पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था। टंकी चालू भी हुई लोगों तक पानी भी पहुंचा किंतु जल्दी ही उसने दगा दे दिया। बताते हैं कि टंकी सही हैए सोलर सही हैए मोटर भी सही हैए चल भी रही है किंतु दुर्भाग्य कि लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है।

जल निगम में दर्जनों बार फरियाद की गईए छे त्रिय जन प्रतिनिधि से भी कहा गया किंतु किसी के कान पर जूं नहीं रेंगी। सूत्र बताते हैं कि कई जगह पर पाइप में लीकेज होने के कारण उसे बंद कर दिया गया। लाइन में डाले गए पाइप में भारी गोलमाल के चलते कुछ महीनों में ही लीकेज की शिकायत मिलने लगी।

अब तो स्थिति यह है कि लोग दूषित पानी पीने को विवश हैं। टंकी के बंद होने से कई गावों के लोगों के सामने पेय जल का संकट है। मजबूरन देशी हैंडपंप का पानी पीने को विवश हैं ।

## 21 करोड़ रुपये के प्रस्ताव शामिल, स्टेडियम स्मार्ट स्कूल व पार्क का होगा निर्माण

स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव

शहर के विकास की राह देख रहे लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। जल्दी ही शहर के विकास में 21 करोड़ रुपये खर्च होगा। इससे गदन खेड़ा में सिटी सेंटरए सिंगरोसी में बहुउद्देशीय खेल स्थलए पांच उच्च प्राथमिक विद्यालयों का कायाकल्प करते हुए उन्हें स्मार्ट क्लास में विकसित किया जाएगा। ऐसा इस लिए क्योंकि प्रदेश सरकार ने नगर पालिका को मुख्यमंत्री वैश्विक नवोदय योजना में चयनित किया है। इससे करोड़ों रुपये के प्रस्ताव शामिल करते हुए शहर का कायाकल्प किया जाएगा। शहर के विकास को लेकर नगर पालिका परिषद पिछले काफी प्रस्ताव भेज रही थी। इसमें नगर के सुंदरीकरणए स्कूलों के कायाकल्पए विभिन्न मार्गों के निर्माण समेत अन्य कार्य शामिल थे। यह प्रस्ताव शासन में काफी समय से लंबित थे। इसी बीच प्रमुख सचिव नगर विकास ने 29 मई को जिलाधिकारी को एक पत्र जारी करते हुए नगर पालिका परिषद उन्नाव को नगरए मुख्यमंत्री वैश्विक नवोदय योजना में शामिल करने की जानकारी दी। शासन के विभिन्न कार्यों के लिए जिलाधिकारी गौरांग राठी राठी की अध्यक्षता में बैठक हुईए जिसमें प्रभारी अधिकारी नगर पालिका एडीएमए ईओ नगर पालिका परिषद संजय कुमार गौतम आदि अधिकारियों की मौजूदगी में चर्चा हुई। इसमें नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता भानू मिश्रा व अन्य सदस्यों के विचार विमर्श के बाद रखे गए प्रस्तावों पर चर्चा के उपरांत नगर विकास के लिए गदन खेड़ा में सिटी सेंटर का निर्माणए तहसील मोड़ पर मनोरंजन पार्कए नए नगर पालिका कार्यालय के निर्माणए पांच स्कूलों को स्मार्ट स्कूल करने के समेत अन्य कार्यों को शामिल करने के लिएकरीब 21 करोड़ रुपये के प्रस्तावों का डीपीआर तैयार करते हुए शासन को भेज दिया है। खास बात यह है वैश्विक नवोदय योजना के रूप में विकसित किए गए कार्यों में शहर के पार्कए स्टेडियम आदि के अलावा कई वार्डों में सीसी रोड के निर्माण कार्य को भी शामिल किया गया है।नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता भानू मिश्रा ने बताया कि शासन ने नगर पालिका परिषद उन्नाव को वैश्विक नवोदय योजना में शामिल करते हुए नगर विकास के लिए महत्वपूर्ण कार्यों को कराने की स्वीकृति दी है। जिलाधिकारी के अनुमोदन पर प्रस्तावों को है। के स्वीकृति के लिए शासन भेजा गया धन जारी होने पर तय कार्ययोजना अनुसार काम होंगे।

# कानपुर देहात समाचार

## 27 जून को नगर भ्रमण करेंगे भगवान जगन्नाथ



स्वतंत्र भारत संवाददाता

शुक्लागंज । श्री मदभगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा 27 जून दिन शुक्रवार को नगर में भ्रमण करेगी रथ यात्रा के तत्वाधान में आज रविवार को श्रीमद भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा समिति की त्रतीय एवं अन्तिम बैठक का आयोजन समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला के आवास पर किया गया। जिसमे समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के बीच आगामी यात्रा के सम्बंध में किये गए कार्यों के विषय में चर्चा की गयी और आगामी यात्रा की तैयारियों के सम्बन्ध मैं विचार विमर्श किया गया ।

समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला ने अन्य पदाधिकारियों के साथ यात्रा मार्ग का निरीक्षण करने के उपरान्त बताया की रथ यात्रा अपने निर्धारित समय दोपहर 03रू00 बजे से नगर में भ्रमण करेगीए रथ यात्रा भगवान श्री जगन्नाथ जी के मन्दिर स्व0 माँ बालेस्वरी स्म्रति भवन ; गिरधर ज्वैलर्स द्ध नेहरू नगर से प्रारम्भ होकर राजधानी मार्ग अम्बिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल से होते हुए दुर्गा मन्दिर के आगे से पोनी रोड होते हुए लकी गारमेंट तक जाएगी इसके पश्चात पुनः वहाँ से मुड़कर उसी मार्ग से गंगाघाट थाने से घूमकर मिश्रा कालोनीए झण्डा चौराहा तक जायेगी। जहाँ से वापस राजधानी मार्ग आकर सब्जी मण्डी स्थित कमल ज्वैलर्स के प्रतिस्ठान पर यात्रा का विश्राम होगाए परन्तु इसके पूर्व प्रभु की मूर्तियों का पूजन गोपीनाथ पुरम स्थित राधा कृष्ण मन्दिर में दोपहर 1 बजे होना सुनिश्चित किया गया है । आज की इस विशेष बैठक का संचालन महामन्त्री अंजनी कुमार अग्निहोत्री ने किया । बैठक मे प्रमुख रूप से कमल वर्माए प्रदीप शुक्लाए मिथलेश बाजपेयीए श्याम नरायण मिश्राए अनूप मिश्राए प्रमोद बाजपेयीए विष्णु प्रसाद पाण्डेयए नीलकमल दीक्षितए आशुतोष शुक्लाए श्रीकान्त पाण्डेयए ओम नारायण मिश्राए राजेश अग्निहोत्रीए अनुज तिवारीए अरुण शुक्लाए डा? तारकेश्वर पाण्डेयए श्रीयांश मिश्राए दीपेन्द्र अवस्थीए गंगासागर चतुर्वेदीए राम प्रकाश त्रिवेदीए निशान्त गुप्ताए अर्जुन सिंहए रमेश मिश्राए नीरज मिश्राए अंकुर शुक्लाए सन्तोष कुमार तिवारीए कमल दोसर आदि सम्मानित पदाधिकारी एवम सदस्यगण उपस्थित रहे ।

## बार कौंसिल यूपी के उपाध्यक्ष अनुराग पांडेय ने विजयी पदाधिकारियों को दिए प्रमाण-पत्र

**-बार कौंसिल उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग पांडेय ने कार्यालय में विधि पुस्तकों के लिए 2लाख रुपये देने की घोषणा की**



**रसूलाबाद कानपुर देहात ।** बार कौंसिल उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष अनुराग पांडेय ने रसूलाबाद लायर्स एसोसिएशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष अरविंद राठौर व पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में विजयी पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देते हुए कहा कि वकीलों को न्यायपालिका की रीढ़ माना जाता है और उन्हें अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए ।

उन्होंने वकीलों से न्यायपालिका की गरिमा और स्वतंत्रता की रक्षा करने का आग्रह किया इस अवसर पर अनुराग पांडेय ने वकीलों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

उन्होंने लायर्स एसोसियेशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष अरविंद कुमार को कार्यालय में स्टेशनरी विधि पुस्तको के खरीदने के लिए 2 लाख रुपये देने की घोषणा करते हुए कहा कि वकील बन्धुओ के लिए मेरे दरवाजे हर समय खुले रहते है । उन्होंने किसी भी अधिवक्ता साथी की मौत पर 5 लाख रुपये आर्थिक सहायता दिए जाने की बात भी कही । इससे पहले नव निर्वाचित अध्यक्ष अरविंद कुमार राठौर व महामंत्री धीरेंद्र प्रताप सिंह व कोषाध्यक्ष राज गुप्ता उर्फ गोपाल गुप्ता सर्वेश पाल द्वारा आये हुए अतिथियों पूर्व अध्यक्ष एकीकृत बार एसोसिएसन वरिष्ठ अधिवक्ता विश्वनाथ कटियार महामंत्री देवेन्द मिश्रा उर्फ भोला वर्तमान महामंत्री अमर सिंह भदौरिया कानपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रहे सतीश पाल दिलीप सिंह कुशवाहा राजेश सिंह नरेंद्र राठौर रघुराज सिंह राठौर कानपुर जिला बार एसोसिएसन के पूर्व महामंत्री राकेश तिवारी का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया ।

इस मौके पर जनपद के वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र राठौर विनोद कुमार त्रिपाठी लायर्स एसोसिएसन के पूर्व अध्यक्षों संतोष यादव संतोष सिंह गौर बलराम सिंह चौहान कुलदीप अवस्थी महेश चंद्र बर्मा दया राम पाल राज गुप्ता उर्फ गोपाल गुप्ता उदयवीर सिंह चौहान प्रदीप कुमार शर्मा सहित अन्य अधिवक्ता बन्धु मौजूद रहे ।

## तंत्र मंत्र के चक्कर में युवक ने एक बोतल शिवलिंग पर चढ़ाया खून

**रुरा कानपुर देहात ।** रूरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बचौत भरथू में गांव के जसू रोड पर बाहर जंगल में स्थित एक शिव मंदिर में रक्त मिलने की सूचना मिलने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। गांव के लोगों ने शिवलिंग पर चढ़े लगभग 500ग्राम खून देख ग्रामीणों के आश्चर्यचकित हो गए। ग्रामीणों ने तत्काल सूचना प्राप्त थाने में दीए मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी जनार्दन प्रताप सिंह मौके पर पहुंच कर क्षेत्राधिकारी अकबरपुर को दी मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी ने मौके पर फील्ड यूनिट को बुलवाकर परीक्षण करवाया तथाए देखा कि यह तो रक्त मानव है । फील्ड यूनिट ने नियम अनुसार सैंपलिंग और फोटोध्वीडियो ग्राफी करवाई कि। ग्रामीणों की जानकारी के अनुसार बताया गया की हर्षित अग्निहोत्री 26 वर्षीय पुत्र राजेश अग्निहोत्री ने शनिवार दोपहर को डॉक्टर के पास बैंडेज करवाने गया था और डॉक्टर की पूछताछ पर बताया तंत्र मंत्र के जरिए मनोकामना पूरी होने पर लगभग 500ग्राम खून शिवलिंग पर चढ़ा दिया है ।

क्षेत्रीय ग्रामीण की तहरीर पर प्रकरण में अज्ञात अभियुक्त के विरुद्ध धर्मस्थल की पवित्रता नष्ट करने व धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस इस प्रकरण में गहनता से जांच कर रही है। पुलिस ने पूछताछ करने के लिए हर्षित अग्निहोत्री के घर में दबिश दी तो मौके पर नहीं मिला है। थाना प्रभारी जनार्दन प्रताप सिंह बताया कि मुकदमा दर्ज कर हर्षित अग्निहोत्री के नाम युवक को पकड़ने के लिए टीम लगा दी गई है।

## अपने अकबरपुर शहर के लोगों को प्रदेश के परिवहन मंत्री आज सौंपेंगे नमस्ते चौराहा

**माती कानपुर देहातै।** अकबरपुर शहर में गुड्डन भैया द्वारा अपनी मेहनत से लाएं गए विकास के निखार का आज जोरदार प्रदर्शन होगाए प्रदेश सरकार के वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री दयाशंकर सिंह की मौजूदगी और जनप्रिय भाजपा सांसद देवेंद्र सिंह भोले की अध्यक्षता में आयोजित भव्य समारोह में ना सिर्फ नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह गुड्डन अपनी अर्धांगिनी दिपाली सिंह के दों वर्ष के कार्यकाल का सम्पूर्ण ब्योरा जनता के सामने रखेंगे बल्कि विकास की बुलंदियों को छूते अकबरपुर की शानदार तस्वीर भी जनता के समक्ष रखी जाएगी कैबिनेट मंत्री दयाशंकर सिंह लोकतंत्र सेनानी पंडित संतोष शुक्ला बस स्टैंड का लोकार्पण एवं नमस्ते चौराहे का उद्घाटन करेंगे वहीं सांसद देवेंद्र सिंह भोले जनता से सीधा संवाद स्थापित करते हुए केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों और योजनाओं की जानकारी आम जनमानस को उपलब्ध कराएंगेए कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह गुड्डन अधिशासी अधिकारी आशीष कुमार वरिष्ठ लिपिक राजेश बाबू एवं नगर पंचायत के नामित अधिवक्ता सुरेंद्र पाल शर्मा आदि ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर तैयारी का विस्तृत जायजा लेते हुए समय से कार्य पूर्ण करने का निर्देश जारी किया गुड्डन भैया द्वारा क्षेत्र वासियों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की गई है। लंबे समय से अपने अकबरपुर शहर को एक अदद बस स्टॉप की दरकार थीए हर कोई शहर को चमकाने की बात तो करता रहा लेकिन किसी ने समस्या की जड़ तक जाने की आवश्यकता महसूस नहीं की नतीजा यहां विकास भूसे पर लीपने की तरह होता रहाए कानपुर देहात जनपद को अनेकों तरीके से आगे बढ़ाने का काम करने वाले दिवंगत भाजपा नेता प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री पंडित संतोष शुक्ला की मूर्ति भी लंबे समय तक एक कमरे में बंद रखीं रही जिम्मेदार मूर्ति लगवाना और दिवंगत भाजपा नेता संतोष शुक्ला के सम्मान में वृद्धि करना तो दूर मूर्ति लगाने के लिए एक स्थान तक नहीं तलाश पाए यहां प्रशंसा करनी होगी नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह गुड्डन के प्रयासों की जिन्होंने जनता से किए गए एक.एक वायदे को अपनी मेहनत एवं लगन के साथ पूरा करते हुए ना सिर्फ अपने शहर को विकास की बुलंदियां दिलाने का काम किया बल्कि पंडित संतोष शुक्ला के सम्मान को भी आगे बढ़ते हुए सभी को खुलकर इस बात का संदेश दे दिया की राजनीति में जाति धर्म और मजहब से इतर केवल इंसान और इंसानियत को तवज्जो देने वाला व्यक्ति ही जनता की निगाह में सच्चा सेवक बनकर उभर पाता हैए अकबरपुर लोकसभा के जनप्रिय भाजपा सांसद देवेंद्र सिंह भोले का आशीर्वाद प्राप्त कर गुड्डन द्वारा पेट्रोल पंप के समीप खाली पड़ी भूमि पर लोकतंत्र सेनानी पंडित संतोष शुक्ला बस स्टैंड का निर्माण बीते वर्ष प्रारंभ कराया गया था जो इस समय पूरी तरह जनता की सेवा में समर्पण भाव से खड़ा दिखाई दे रहा है उपरोक्त स्थान पर ही नमस्ते चौराहे का भी गुड्डन भइया के प्रयासों से निर्माण पूर्ण हुआ है अब अपने शहर को किसी दूसरे के नाम की पहचान की आवश्यकता नहीं रही है जबकि भाजपा सांसद देवेंद्र सिंह भोले केंद्र एवं प्रदेश सरकार की नीतियों से आम जनमानस को परिचित कराने का काम करेंगे नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह गुड्डन द्वारा कहा गया कि जनता की सेवा का व्रत धारण कर उन्होंने राजनीति शुरू की थी इसलिए जनता की सेवा से वह अपने जीवन की आखिरी सांस तक कभी विमुख नहीं होंगे उन्होंने साफ तौर से कहा कि जनता जनता को ने अपना आशीर्वाद प्रदान करेगी अकबरपुर शहर विकास के मामले पर निरंतर आगे बढ़ता दिखाई देगा उन्होंने क्षेत्र वासियों से भारी संख्या से कार्यक्रम में भाग लेने का आह्वान किया

## रूक-रूक कर होती रही बारिश, मौसम हुआ सुहाना



कानपुर। रविवार सुबह की शुरुआत मानसून की बारिश के साथ हुई। सुबह से छाए घने बादलों ने बरसना शुरू कर दिया है। बारिश के चलते मौसम सुहाना हो गया है। सुबह से ही धूप-छांव के बीच रुक-रुककर बारिश हो रही है।

शहर में मानसून सीजन में पहली बार बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। यानि की 50 मिमी तक बारिश दर्ज की जा सकती है। घने बादलों की आवाजाही सुबह से बनी हुई है। शनिवार देर रात करीब 1 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं गुरुवार शाम से बारिश होनी शुरू हुई। शनिवार देर रात तक सीएसए के वेदर स्टेशन में 13.6 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। पिछले 72 घंटों में यहां 46.1 मिमी और एयरफोर्स वेदर स्टेशन में 70 मिमी रिकॉर्ड की जा चुकी है। रविवार को रूक-रूक बारिश होने से अधिकतम पारा 32 डिग्री रहा। न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस हो गया। तापमान बढ़ने के बावजूद यह सामान्य से कम रहे।

## ई-रिक्शा चालक ने कुत्ते को रौंदा, दो किमी तक बांध कर घसीटा

**कानपुर।** ई-रिक्शा चालक ने सड़क पर कुत्ते को कुचलकर मार डाला। सुबह क्षेत्रीय लोगों ने विराया तो तो चालक ने अपने रिक्शे के पीछे कुत्ते को बांधकर कर दो किमी तक घसीटते हुए ले गया। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है।

बाबूपुरवा थाना क्षेत्र के बागाही में शनिवार रात भी वह ई-रिक्शा लेकर चार्ज करने आया था। चार्ज करने के बाद उसने अपना रिक्शा चालू किया और मोड़कर जाने लगा, तभी अचानक से उसने रिक्शा रोका और कुछ देर रुकने के बैक करते हुए कुत्ते के ऊपर चढ़ा दिया। ये पूरी घटना पास में लगे एक सीसीटीवी में कैद हुई हैं। इसमें देखा गया है कि युवक जानबूझ कर कुत्ते के ऊपर रिक्शा चढ़ाता है और उसकी मौके पर ही मौत हो जाती हैं। सुबह क्षेत्रीय लोगों ने कुत्ता मरा देखा तो इसके बाद सीसीटीवी खंगाला गया, जिसके बाद घटना का खुलासा हुआ। सुबह जब लोगों को घटना की जानकारी हुई तो क्षेत्रीय लोगों ने उसे बुलाकर कहा कि इसे कही ले जाकर फेंक कर आओ। इस पर ई-रिक्शा चालक ने कुत्ते को रस्सी से बांधा और उसे ई-रिक्शा के पीछे बांध कर घसीटते हुए यशोदा नगर बाइपास की ओर ले गया, जहां उसे रास्ते में फेंक कर भाग गया।

## पुलिस ने मुठभेड़ में पकड़ा गया शातिर वाहन चोर, दो साथी फरार



कानपुर। लूट व चोरी की घटनाओं के रोकथाम के लिए शनिवार रात बर्रा व गुजैनी पुलिस मेहरबान सिंह पुरवा स्थित एकता पार्क के पास चेकिंग कर रही थी। पुलिस को देखते ही लोडर सवार शातिर चोर भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो चोरों ने सीधे फायर झोंक दिया। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्यवाही एक बदमाश के पैर में गोली मार गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसके दो साथ मौके से भाग निकले।

डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि साउथ ज़ोन के गोविंद नगर, बर्रा और गुजैनी आदि थाना क्षेत्रों में बीते दिनों चार पहिया वाहनों की ताबड़तोड़ चोरी हो रही थी। चोरी की घटनाओं को देखते हुए शनिवार रात को बर्रा और गुजैनी पुलिस मेहरबान सिंह का पुरवा एकता पार्क के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बिना नंबर प्लेट वाली संदिग्ध महिंद्रा पिकअप गाड़ी को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन वाहन सवार भागने लगे। पुलिस द्वारा पीछा करने पर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिस पर जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया और दो बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। घायल बदमाश ने पूछताछ में अपना नाम फफूंद औरेया निवासी शिवम बताया। जबकि उसके दो अन्य साथी बॉबी और सुहेल भाग निकले। शिवम ने बताया कि तीनों साथ मिलकर गाड़ियां चोरी करता था। ये गिरोह फरीदाबाद से संचालित होता है और पुराने मॉडल की गाड़ियों को निशाना बनाता है। इन्होंने कुछ दिन पहले कानपुर से दो गाड़ियां चोरी कर कबाड़ी को बेच दी थीं। आज ये गिरोह फिर से चोरी प्लानिंग करके आया था, लेकिन पुलिस की सतर्कता से पकड़ा गया। डीसीपी साउथ ने बताया कि घायल को इलाज के लिए हैलट भेजा गया है। इसके साथ ही गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में पुलिस की टीमों को लगाया गया है।

### पूराने मॉडल की गाड़ियों को चोरी कर कबाड़ी को थे बेचते

## महाना ने किया पंडित कालीशंकर मिश्रा मार्ग का नामकरण



कानपुर। पी रोड स्थित सीसामऊ में पंडित काली शंकर मिश्रा मार्ग का नामकरण मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व महापौर प्रमिला पांडे ने किया। इस मौके पर एमएलसी सलिल विश्नोई भी मौजूद रहे। इस मार्ग का नामकरण पंडित काली शंकर मिश्रा मार्ग के नाम से किया गया। लोकार्पण के दौरान सतीश महाना ने कहा कि पंडित काली शंकर मिश्रा का नाम इस मार्ग से जुड़ना हम सभी के लिए गर्व की बात है। उनका योगदान समाज और शिक्षा जगत में अमूल्य रहा है। यह मार्ग शहर की प्रगति का प्रतीक बनेगा। महापौर प्रमिला पांडे ने नगर निगम की ओर से सभी नागरिकों को बधाई देते हुए कहा हमारा निरंतर प्रयास है कि कानपुर को एक स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक शहर के रूप में विकसित किया जाए। यह मार्ग उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर मनोज मिश्रा, संजय मिश्रा, पंकज मिश्रा, हिमांशु मिश्रा, गुड्डन श्रीवास्तव, शंकर सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूर रहे।

## बाबा भैरवनाथ का भव्य श्रृंगार कर किया भण्डारे का आयोजन





कानपुर। बालाजी सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार को भैरव घाट स्थित बाबा भैरवनाथ जी का भव्य श्रृंगार तथा विशाल भंडारा का आयोजन राघव जी महाराज द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाचार पत्र विक्रेता संघ के वरिष्ठ महामंत्री सुरेंद्र यादव, कलेक्टरगंज हनुमान मंदिर के महंत सोमदत्त अग्निहोत्री, शुचि गुप्ता सुहास गुप्ता, रजत, पूनम यादव, वन्दना, रेनू मिश्रा, संजू गुप्ता, सुनील कुमार, सैकड़ो की संख्या में भक्त मौजूद रहे। सभी भक्तों ने बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा भंडारे के प्रसाद ग्रहण किया।

## भजनों के बीच छात्र नेता को दी गई श्रद्धांजलि



कानपुर । कानपुर विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय पुष्पेन्द्र सिंह उर्फ पिंकू यादव की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजन परमट स्थित पुष्पेंद्र चौराहे पर किया गया। श्रद्धांजलि सभा मे भजन संध्या में कलाकारों ने अपने भजनों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। कानपुर की महापौर प्रमिला पांडे सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, समाज सेवियों और छात्र नेताओं ने अपने श्रद्धां सुमन अर्पित किये। वक्ताओं ने कहा कि पुष्पेंद्र सिंह उर्फ पिंकू यादव ने राजनीति के नये आयाम स्थापित किये थे। महापौर प्रमिला पांडे ने कहा कि अपनी लोकप्रियता के चलते डीएवी कालेज में पहली बार में ही पुष्पेंद्र सिंह अध्यक्ष पद पर विजयी हुए। उन्होंने कम उम्र में ही सेवा कार्य के बल पर प्रसिद्धि हासिल की थी। इस दौरान अन्य वक्ताओं ने भी पुष्पेंद्र सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला। पूर्व पार्षद कीर्ति अग्निहोत्री और परमट व्यापार मंडल अध्यक्ष राम सिंह यादव के संयोजन में हुए समारोह में पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी, विधायक अमिताभ बाजपेई, पूर्व विधायक सतीश निगम, कांग्रेस नेता आलोक मिश्रा, जिला परिषद सदस्य अरुण पाठक, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दीपू पाण्डे, भाजपा नेता सुरेश अवस्थी, पप्पू यादव सहित बड़ी संख्या में राजनैतिक और सामाजिक हस्तियों के अलावा छात्र नेताओं व अधिवक्तओ ने हिस्सा लिया।

## आईआईटी में सेना ने देखा साइबर सुरक्षा व नवाचारों का प्रदर्शन

**-स्वदेशीकरण में सहयोग को बढ़ावा देने हेतु मुख्यालय पश्चिमी कमान के साथ हुआ एमओयू**



**कानपुर।** आईआईटी निदेशक प्रो मणींद्र अग्रवाल तथा मुख्यालय पश्चिमी कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने विविध क्षेत्रों में अनुसंधान, नवाचार तथा स्वदेशीकरण में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस मौके पर अनुसंधान एवं विकास के कार्यवाहक डीन प्रो कुमार वैभव श्रीवास्तव की उपस्थिति रही। इस साझेदारी का उद्देश्य इंजीनियरिंग, भौतिक विज्ञान, जैव चिकित्सा विज्ञान, प्रबंधन तथा सामाजिक विज्ञान सहित क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान को आगे बढ़ाना है। समझौता ज्ञापन में पश्चिमी कमान के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सेना अधिकारियों के शैक्षिक अनुभव को बढ़ाने तथा आईआईटी कानपुर के संकाय और छात्रों के लिए सशस्त्र बलों के सामने आने वाली वास्तविक दुनिया की चुनौतियों से निपटने के अवसर पैदा करने की परिकल्पना भी की गई है। इस सहयोग से राष्ट्रीय सुरक्षा और विकास की आवश्यकताओं के अनुरूप ज्ञान, संयुक्त परियोजनाओं, इंटर्नशिप, प्रशिक्षण और तकनीकी नवाचार के आदान-प्रदान की सुविधा मिलने की काफी उम्मीद है। इस अवसर पर प्रो मणींद्र अग्रवाल ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन अकादमिक शोध और वास्तविक दुनिया की रक्षा आवश्यकताओं को जोड़ने की दिशा में एक और कदम है। भारतीय सेना की पश्चिमी कमान के साथ मिलकर काम करके, हमारा लक्ष्य स्वदेशी तकनीक और समाधान विकसित करना है, जो रक्षा रणनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति करते हैं। इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन के प्रभारी प्रो दीपू फिलिप ने एसआईआईसी और परिसर में कई उन्नत शोध सुविधाओं का दौरा कराया। टीम ने साइबर सुरक्षा में नवाचारों का प्रदर्शन देखा। प्रो दीपू फिलिप ने कहा भारतीय सेना के साथ यह जुड़ाव महत्वपूर्ण रक्षा चुनौतियों को हल करने के लिए अकादमिक ज्ञान और अनुवाद संबंधी शोध को लागू करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। एसआईआईसी में हम मिशन-उन्मुख नवाचार को सक्षम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह सहयोग नए रास्ते खोलने में मद्द करेगा।

## रोबोट की सहायता से अब मिल रहा कम समय में सटीक ईलाज

**आईएमए व मेदांता हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में हुआ सीएमई प्रोग्राम**




**कानपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कानपुर और मेदांता मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान मे रविवार को आईएमए ऑडिटोरियम में एक सीएमई प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए मेदांता हॉस्पिटल के डॉयरेक्टर डॉ राकेश कपूर का आईएमए अध्यक्ष डॉ नंदिनी रस्तोगी ने स्वागत किया। सीएमई कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए डॉ राकेश कपूर ने कहा कि आज इलाज सिर्फ तकनीक के साथ-साथ दृष्टिकोण से तय हो रहा है। रोबोट की सहायता से अब कम समय से सटीक इलाज में मदद मिल रही है। हमें अब मरीज की पूरी लाइफस्टाइल को समझकर उपचार का प्लान करना होता है। यही आज की चिकित्सा शिक्षा का मूल है। दूसरे सत्र में मेदांता हॉस्पिटल के निदेशक डॉ राज कुमार शर्मा ने कार्डिओ-रीनल-मेटाबोलिक मैनेजमेंट सिंड्रोमः सीकेडी मैनेजमेंट में नया नज़रिया विषय पर बात रखी। डॉ शर्मा ने कहा कि क्रॉनिक किडनी डिज़ीज के इलाज में अब तकनीक की महत्वपूर्ण भूमिका हो गई है और रोबोट इसमें कारगर साबित हो रहा है। हार्ट किडनी और मेटाबॉलिज़्म के बीच जो आपसी संबंध हैं, उन्हें समझे बिना इलाज अधूरा है। यह बहु-आयामी दृष्टिकोण अब इलाज का नया मानक बन रहा है। अंतिम सत्र में डॉ अभिषेक सिंह ने इम्यूनोथेरेपी कैंसर के इलाज में नया युग विषय पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि इम्यूनोथेरेपी में दवा के साथ-साथ सकारात्मक सोच महत्वपूर्ण बदलाव ला रही है। अब हम शरीर की अपनी प्रतिरक्षा को वैज्ञानिक ढंग से बदल कर कैंसर से लड़ रहे हैं। इसके ज़रिए न सिर्फपरिणाम बेहतर हो रहे हैं, बल्कि दुष्प्रभाव भी कम हो रहे हैं। कार्यक्रम में आईएमए से डॉ एसी अग्रवाल, डॉ अर्चना भदौरिया, डॉ युवराज गुलाटी, डॉ देवराज गुर्जर, डॉ वसीम, डॉ पीके अग्रवाल, डॉ दीप्ति मिश्रा, डॉ विकास मिश्रा, डॅ कुणाल सहाय समेत कई डॉक्टर मौजूद रहे।

## सीपी आवास के पास तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शे में मारी टक्कर

**-हादसे में चालक की मौत, दो घायल**



**कानपुर।** रविवार सुबह पुलिस कमिश्नर आवास के सामने तेज रफ्तार कार सवार ने ई-रिक्शा को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल ई.रिक्शा चालक की मौत हो गई। जबकि उस पर बैठी दो सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गई। पूरा हादसा वहां पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। ग्वालटोली पुलिस अब सूचना पर पहुंची और घायलों को उर्सला में इलाज के लिए भेजा। कार चालक की तलाश में पुलिस की टीमों को लगाया गया है। ग्वालटोली थाना क्षेत्र के पुलिस कमिश्नर आवास के सामने रविवार सुबह 7 बजे ई-रिक्शा चालक दो सवारियों को लेकर जा रहा था। इस दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे ई-रिक्शा सवार और दोनों सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। इलाकाई लोगों ने हादसे की जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस की मदद से सभी घायलों को उर्सला में एडमिट कराया। जहां डॉक्टरों ने ई-रिक्शा चालक संजय कुमार को मृत्यू घोषित कर दिया। हादसे के बाद कार चालक मौके से भाग निकला। मौके पर पहुंची ग्वालटोली पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू की तो एक सीसीटीवी सामने आया है। इसमें इसमें कार चालक ई-रिक्शा में टक्कर मारते हुए साफ देखा गया है। सीसीटीवी से सामने आया कि टक्कर के बाद ई.रिक्शा चालक संजय कुमार उछलकर कार के सामने आ गया और टक्कर के बाद कार के नीचे आने से उसकी मौत हो गई। इलाकाई लोगों की सूचना पर ग्वालटोली थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए उर्सला में एडमिट कराया। एसीपी कर्नलगंज अमित चौरसिया ने बताया कि हादसे में ई-रिक्शा चालक की मौत हुई है। परिजनों को सूचना देने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। हादसे के बाद जांच में ग्वालटोली पुलिस को एक सीसीटीवी मिला है। इसमें कार का नंबर समेत अन्य जानकारी मिली हैं। इसी आधार पर कार चालक की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपी कार चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। इसके साथ ही आरोपी को जेल भेजा जाएगा।

## खबर एक नजर

### डीएम पर लगे आरोपों की उच्चस्तरीय जांच की मांग



**कानपुर।** पूर्व सीएमओ डॉ हरिदत्त नेमी के निलबंन के बाद भी विवाद थमता नजर नहीं आ रहा है। एक तरफ जहां नगीना सांसद चंद्रशेखर ने पूर्व सीएमओ को ईमानदार बताया वहीं पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने मुख्यमंत्री को भेजकर उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने यूपी के मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर निलंबित सीएमओ डॉ हरिदत्त नेमी द्वारा डीएम कानपुर नगर जितेंद्र प्रताप सिंह पर लगाए गए आरोपों की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा कि डॉ नेमी ने 17 जून 2025 को मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर डीएम पर गंभीर आरोप लगाए थे। इनमें डीएम द्वारा एसीएमओ भंडार और नोडल अधिकारी नर्सिंग होम के पद पर 20 वर्षो से तैनात डॉ सुबोध यादव के ट्रांसफर को निरस्त करने व सीबीआई के चार्जशीट फर्म मेसर्स जेएम फार्मा को रुपए 1.6 करोड़ का नियम विरुद्ध भुगतान करने का दबाव बनाने और डॉ नेमी पर जातिगत टिप्पणी करने के आरोप शामिल हैं। अमिताभ ठाकुर ने कहा कि ये आरोप अत्यंत गंभीर हैं, जिनके संबंध में डॉ नेमी ने अभी मौखिक रूप से कहा है। न्यायहित में इन आरोपों की जांच अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होने पर वे इसे आगे सक्षम फोरम पर ले जाएंगे।

### दीनू उपाध्याय को सोनभद्र जेल में किया गया ट्रांसफर

कानपुर। बसपा नेता पिंटू सेंगर मर्डर के मामले में जेल में बंद दीनू उपाध्याय कानपुर से सोनभद्र जेल ट्रांसफर कर दिया गया है। पुलिस को इनपुट मिला था कि दीनू जेल में बैठकर अपने गुर्गो तक मुलाकातियों के जरिए सूचनाएं आदान-प्रदान कर रहा है।

पिंटू सेंगर हत्याकांड में आरोपी दीनू को पुलिस ने 10 मई को जेल भेजा था। इसके बाद से दीनू के खिलाफ शिकायत करने वालों की लाइन गई हुई है। जमीनों पर कब्जा करने, रंगदारी मांगने समेत कई आरोपों में दीनू का रिमांड लिया गया। साथ ही नए मुकदमे दर्ज किए गए। अब तक दीनू के खिलाफ17 मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। दीनू का गिरोह बड़े पैमाने पर शहर में जमीनों पर कब्जे और रंगदारी वसूलने का काम करता था। जेल में बंद होने के बाद भी दीनू मुलाकातियों के जरिए सूचनाओं का आदान-प्रदान कर रहा था। लगातार लोकल एक्टिविटी में शामिल था। पुलिस ने इसकी गोपनीय जांच कराई और कई अहम इनपुट मिले। इसके बाद शासन को चार दिन पहले रिपोर्ट भेजी गई थी। इस रिपोर्ट पर शासन ने भी मुहर लगा दी। शनिवार की दोपहर आदेश पहुंचा तो शाम 7.30 बजे दीनू को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में सोनभद्र जेल के लिए रवाना कर दिया गया।

### प्रोपेल ग्लोबल बिज़नेस सीज़न 4 के विजेता रहे ऑरिक

कानपुर। आज ऑरिक, आईएसएके फ्रेगरेंसेज़ और फिक्स माय कर्ल्स को अमेज़न के प्रोपेल ग्लोबल बिज़नेस एक्सेलेरेटर सीजन 4 का विजेता घोषित किया गया। इस प्रोग्राम को डायरेक्ट टू कंज्यूमर क्षेत्र में उभरते भारतीय ब्रांड को सहायता प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है, ताकि वे ईकॉमर्स निर्यात का उपयोग कर दुनिया भर के ग्राहकों तक पहुंच सकें। अमेज़न ग्लोबल सेलिंग इंडिया के प्रमुख श्रीनिधि कलवापुडी ने कहा मैं प्रोपेल ग्लोबल बिज़नेस एक्सेलेरेटर सीज़न 4 के सभी विजेताओं और फाइनलिस्ट को बधाई देना चाहता हूं। देश भर से वैश्विक ब्रांड बनाने से जुड़े इस तरह के नवोन्मेष और महत्वाकांक्षा को देखना प्रेरणादायक है, जो ई-कॉमर्स निर्यात को तेज़ी से अपनाए जाने का प्रमाण है।

### निवेश की मद्द से ऑपरेशंस इंफ्रास्ट्रक्चर का किया जाएगा विस्तार

कानपुर। सबसे सुरक्षित और सबसे विश्वसनीय ऑपरेशंस नेटवर्क का निर्माण और संचालन करने की अपनी प्रतिबद्धता के अंतर्गत एमेज़ॉन द्वारा 2025 में 2000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जा रहा है। इस निवेश की मदद से ऑपरेशंस इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार किया जाएगा, उसे अपग्रेड किया जाएगा, एसोसिएट्स की सुरक्षा बढ़ाई जाएगी, कल्याण कार्यक्रम चलाए जाएंगे तथा इसके फुलफिलमेंट नेटवर्क के लिए नए टूल्स और टेक्नोलॉजी का विकास किया जाएगा। अभिनव सिंह वीपी-ऑपरेशंस, एमेज़ॉन इंडिया एवं ऑस्ट्रेलिया ने कहाए हम भारत में एक दशक से अधिक समय से सर्वश्रेष्ठ लॉजिस्टिक्स इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास कर रहे हैं, जो पूरे देश में हमारे ग्राहकों को सुरक्षा, तीव्रता, विस्तार और विश्वसनीयता से डिलीवरी करने में समर्थ बनाता है।

### शादी का झांसा देकर युवती से किया रेप

कानपुर। शादी का झांसा देकर नेवी जवान ने युवक से रेप करता रहा। शादी का दबाव बनाने पर युवक ने धमकी दी कि पर्सनल फोटो व वीडियो वायरल कर दूंगा। पीड़िता ने पुलिस अधिकारियों से शिकायत की है।

मूल रूप से कानपुर देहात निवासी पीड़िता यहां काकादेव में हॉस्टल में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है। पीड़िता ने बताया कि उसके भाई का दोस्त सचेंडी निवासी युवक नेवी में कार्यरत है। उसका घर पर आना जाना था। आरोपी पिछले चार साल से युवती के पीछे पड़ा था। जब वो घर पर आता था तो युवती से बात करने का प्रयास करता था। एक बार भाई घर पर नहीं था तो आरोपी आया और भाई के बारे में पूछा। पीड़िता ने कहा कि वो घर पर नहीं है। तो आरोपी ने पीड़िता से कहा कि वो उससे दोस्ती करना चाहता है। इस तरह से दोनों के बीच बात शुरू हो गई। कुछ दिन बाद आरोपी ने कहा कि वो उसे पसंद करता है और शादी करना चाहता है। इस बहाने से उसे बाहर मिलने के लिए बुलाया। पीड़िता भी उसके बुलाने पर चली गई। पीड़िता के मुताबिक वो आरोपी से कल्याणपुर इलाके में मिली। जहां पर उसने नशीला पदार्थ मिलाकर उसे जूस पिला दिया औ होटल में ले जाकर उसके साथ रेप की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता को जब होश आया तो उसने विरोध किया तो उसने कहा कि हमें शादी तो करनी है फिर कैसी शर्म है। इसके बाद सन 2022 से अब तक उसने कई बार अलग अलग स्थानों पर बुलाकर शादी का झांसा देते हुए रेप की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता के मुताबिक 5 मार्च 2025 को फजलगंज स्थित एक होटल बुलाकर आरोपी ने जब उसके साथ संबंध बनाए तब पीड़िता ने उसपर शादी करने का दबाव बनाया। इसपर आरोपी ने साफ मना कर दिया। साथ ही पीड़िता को धमकी देते हुए कहा कि अगर उसने जबरन दबाव बनाया तो वो उसकी पर्सनल फोटो और वीडियो वायरल कर देगा। पीड़िता के मुताबिक उसने पुलिस अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री तक शिकायती प्रार्थना पत्र भेजा है।

## खबर एक नज़र

### योग केवल व्यायाम ही नहीं बल्कि प्राचीन भारतीय जीवन शैली है



-अमौर के एसएसएम इंटर कालेज में हुआ योग का आयोजन

**भीतरगांव।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पर्व में सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थानों के अतिरिक्त विद्यालयों में भी योग दिवस का आयोजन कर लोगो को जागरूक किया गया। अमौर स्थित एसएसएम इंटर कालेज में कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्रिंसिपल धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि योग केवल एक व्यायाम ही नहीं बल्कि शरीर मन और आत्मा को संतुलित करने वाली एक प्राचीन भारतीय जीवन शैली है योग हमारे तन की थकान और मन की उलझन को दूर करता है जिससे हम स्वस्थ शांत और ऊर्जावान बनते है।उन्होंने आगे कहा कि योग का अर्थ है मिलन या एकजुट होना यह हमे न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है बल्कि मानसिक तनाव चिंता और बीमारियों से लड़ने की क्षमता भी बढ़ाता है निरंतर योग के अभ्यास से मांसपेशियां मजबूत होती है रक्त प्रवाह बेहतर होता है और हम बेहतर नींद पाते है आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में योग हमे मानसिक शांति स्वास्थ्य और संतुलन प्रदान करता है हमें योग को केवल एक दिन नहीं बल्कि हर दिन अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए हम सब मिलकर योग को अपनाए और स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाए योग शिविर में विद्यालय के छात्र सहित शिक्षक मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री आरोग्य मेलारू 95 मरीजों का हुआ इलाज

कुलपहाड़;महोबाद्ध मुख्यमंत्री आरोग्य मेला के तहत जिले के खमा और अजनर में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गयाए जिसमें कुल 95 मरीजों का इलाज किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी महोबा डॉण् आशाराम के निर्देशन में अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुरए डॉण् पवन राजपूत की देखरेख में अजनर में स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया। इस मेले में डॉण् रामकुमार वर्माए डॉण् बैशाली सोनीए स्टाफ नर्स भगवतीए अरूण राजपूत और बिनोद कुमार ने अपनी सेवाएं प्रदान की। अजनर में 44 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें आवश्यक दवाएं वितरित की गई। वहीं खमा में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गयाए जिसमें 52 मरीजों का इलाज किया गया। इस अवसर पर डॉण् पी एन शर्माए डॉण् जे पी पस्तोरए डॉण् शैलेन्द्र सिंहए प्रेनारायण और किरण यादव मौजूद रहे। खमा मेले का निरीक्षण अधीक्षक डॉण् पवन राजपूत ने किया।

### क्रोध दौरान ग्रहण किया गया भोजन होता है विष के समान रू एलसी अनुरागी

महोबाए संत कबीर अमृत वाणी सत्संग समिति के तत्वावधान में शहर के संत कबीर आश्रम में रविवार को सत्संग कार्यक्रम आयोजित किया गयाए जिसमें वक्ताओं ने कबीरी दोहे के अलावा श्रीमद भागवत गीता के श्लोक के माध्यम से काम क्रोध व लोभ की व्याख्या करते हुए तीनों को नरक का द्वार बताया गया। इस मौके पर साहित्यकारों व रचनाकारों ने भी अपनी अपनी रचना भजन और विचारों से लोगों को संतों जीवन जीने की दिशा बताई।

सत्संग की शुरुआत कबीर वंदना जय कबीर जय कबीर जय गुरू कबीराए दा तोरे द्वार खड़े उनकी हरो पीरा से की गई। इसके बाद समिति प्रमुख व साई डिग्री कालेज के के प्राचार्य डा0 एलसी अनुरागी ने श्रीमद्भागवत गीता क श्लोक की व्याख्या करते हुए कहा कि मनोवैज्ञनिकों के अनुसार क्रोध करने से मनुष्य के शरीर का रक्त दूषित हो जाता है और क्रोधावस्था में किया हुआ भोजन विष के समान हो जाता हैए इसलिए मनुष्य को क्रोध नहीं करना चाहिए। बताया कि काम क्रोध और लोभ ये तीनों नरक के द्वार है। उन्होंने जहां क्रोध वहां काल है जहां क्षमा तहां आप की विस्तार से व्याख्या की। त्रिविधं नरक स्येदं द्वारं नाशनमात्मनःए कामः क्रोधस्तथा लोभ स्तस्मादेतत्त्रयं त्यजेत। भजन गायक इंद्रजीत सिंह ने करम गटि टारै न टरै भजन की प्रस्तुति दी तो वहीं पं0 जगदीश रिछारिया ने कम भजहौ हरि नाम भजन सुनाया। सत्संग में सुखराम स्नेही ने पुरानी तर्ज में शानदार भक्ति रचना बस्ती बस्ती पर्वत पर्वत गाता जाए बंजाराए लेके दिल का इक तारा सुनायाए जिसे लोगों द्वारा खूब सराहा गया। कामता प्रसाद चौरसिया ने अंखियां हरि दर्शन की प्यासी भजन सुनाकर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। हरीशंकर नायक ने प्रेम जब अनंत हो गयाए रोम रोम संत हो गया की बेहतरीन प्रस्तुति दी। वरिष्ठ कवि हरिश्चंद्र वर्मा ने कबीर पर रचना सुनाई कि तुम्हारा ही निसदिन नाम पुकारूं बना दे बिगरे काम। अधिवक्ता सुनीता अनुरागी ने कबीर का दोहा राम बुलावा भेजियाए दिया कबीरा रोयए जो सुख साधु संग में सो बैकुंठ न होय की विस्तार से व्याख्या करते हुए कहा कि स्वर्ग की तुलना में साधु संगति में सच्चा सुख प्राप्त होता है। कार्यक्रम में करताल वादक कमलापतए प्रेमचंद्र चौरसियाए पप्पू सैनए रामदीन अनुरागी सहित तमाम कबीरी भक्त मौजूद रहे ।

### अंगुली मूल शक्ति विकासक क्रिया से आसान होगी टाइपिंग और बुनाई- रमेश



चित्रकूट ब्यूरोः जिला मुख्यालय के कुबेर गंज निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम ''एक पृथ्वी और एक स्वास्थ्य के लिए योग'' को ध्यान में रखकर उंगली मूल शक्ति विकासक योग क्रिया का अभ्यास कराया। बताया कि इस सूक्ष्म योग क्रिया से करतल, कर पृष्ठ, कलाई की मांसपेशियों को मजबूती मिलती है और जोड़ों का दर्द मिटता है।

योगाचार्य ने बताया कि उंगली मूल शक्ति विकासक योग क्रिया करने से रक्त परिसंचरण में सुधार होता है, हथेलियां मजबूत बनती है, तनाव में राहत मिलता है तथा हाथ के समस्त विकार दूर होते हैं। साथ ही उंगली की पकड़, ताकत व सहनशक्ति और धीरज बढ़ता है। मनवाहा नाड़ियां प्रभावित होती हैं, जिससे शरीर और मन एकाग्र होते हैं और आध्यात्मिक उन्नति होती है। हाथों का कंपना ठीक होता है। टंकण या कंप्यूटर पर काम करने वाले इस क्रिया से लाभान्वित होते हैं। बताया योग शक्ति का धर्म से कोई लेना देना नहीं है तथा यह एक विशाल विज्ञान है, जिसका साहित्य समृद्धिशाली है। योग शक्ति ब्रह्मांड की सबसे मजबूत स्तर की शक्ति है और यह ब्रह्मांडीय ज्ञान का आधार भी है। इस योग शक्ति से हम अपनी जीवन शैली से लेकर समाज को भी बेहतर बना सकते हैं। यह क्रिया लेखकों, टाइपिंग वर्क करने वाले, ड्राइवर, कपड़ा बुनने वालों, शिल्पकारों और वाद्य यंत्र संगीतज्ञों के लिए बहुत ही उपयोगी है। इसे करने के लिए साम्यावस्था में एड़ी पंजा मिलकर सीधे खड़े होते हैं, दोनों हाथ सामने धरती के समांतर सीधा फैलाते हैं, हाथों के बीच सीने की चौड़ाई के बराबर दूरी रखते हैं, कंधों से कलाई तक दोनों हाथों को सीधा और टाइट रखते हुए हथेली को ढीला छोड़ते हैं, जिससे करतल भाग जमीन की ओर रहे, श्वास सामान्य रखते हुए उंगलियों को शक्ति के साथ 10-15 बार आगे पीछे हिलाते हैं। सावधानी के तौर पर हाथ की उंगलियों में चोट की दशा में इसे धीरे-धीरे करते हैं।

## रोड़वेज बस ने अपर जिला न्यायाधीश की कार में मारी टक्कर, बाल-बाल बचे अपर जिला न्यायाधीश

**-चालक लखनऊ से कार में अपर जिला जज को लेकर जा रहा था हमीरपुर**

**घाटमपुर।** थाना सजेती के आन्नू पुर मोड़ के पास महोबा डिपो की रोड़ वेज बस की टक्कर अपर जिला न्यायाधीश जहां बाल बाल बच गए। वहीं उनकी कार चला रहा चालक जख्मी हो गया। हादसा देख पहुंचे लोगों ने क्षतिग्रस्त हुई कार की किसी तरह खिड़कियों को खोलकर अपर न्यायाधीश व चालक को कार से बाहर निकाला।अपर जिला न्यायाधीश के चालक जनपद हरदोई के रईसो के मूल निवासी सुनील पुत्र हेमनाथ ने घटना की रिपोर्ट थाना सजे ती में दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि वह जनपद न्यायालय हमीरपुर में तैनात अपर जिला न्यायाधीशध्विशेष न्यायाधीश ;एससीध्एसटीद्ध एक्ट वर्तमान तैनाती जनपद न्यायालय हमीरपुर की गाड़ी का चालक हूं।जो अपर न्यायाधीश के नाम पंजीकृत है।जो ग्रीष्म काल में जनपद हमीरपुर से मुख्यालय छोड़ने की अनुमति लेकर अपने निज निवास लखनऊ गए थे। ग्रीष्मकालीन अवकाश के उपरान्त मैं हुन्डई क्रेटा गाड़ी से उन्हें सावधानी पूर्वक लेकर हमीरपुर 20 जून की रात करीब 8 बजे रात्रि मे लखनऊ से लेकर जब हमीरपुर आ रहा थाएतभी महोबा डिपो बस का चालक जो हाइवे पर बस को उल्टे.सीधे से चला रहा था। उसके कई बार हार्न देने के बाद भी बस चालक गलौज करते हुये कहा कि आगे चल तुझे सबक सिखाता हूं। जब वह कार लेकर आनूपुर मोड़ के पास पहुंचा ही था कि बस नं0 न्च् 78 स्छ 1510 के चालक ने बस को तेज रफ़्तार से चलाकर जान बूझकर जान से मारने की नियत से उसकी गाड़ी मे पीछे से टक्कर मार दी। जिससे गाड़ी आगे एवं पीछे पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। तथा गाड़ी में बैठे अपर जिला न्यायाधीश बाल बाल बच गए। जबकि मुझे गम्भीर चोटे आईं। हादसा देख पहुंचे लोगों ने किसी तरह उसे जब गाड़ी के दरवाजे नहीं खुले तो बड़ी मुश्किल से उसे व अपर जिला न्यायाधीश को गाड़ी से बाहर निकाला। घटना के बाद महोबा डिपो का बस ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भाग गया। थाना प्रभारी कमलेश रॉय ने बताया कि कार चालक की तहरीर पर रोड़ वेज बस चालक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# कन्फेक्शनरी की दुकान से 90 हजार नगदी व दस्तावेज़ चोरी

**-सीसीटीवी फुटेज में कैद हुआ चोरए पुलिस कर रही थी तलाश**

**घाटमपुर।** कस्बे के एचडीएफसी बैंक के बगल में व सर्विस रोड़ पर स्थित एक कन्फेक्शनरी दुकान में घुसा चोर 90 हजार र व रेजगारी तथा दस्तावेज चोरी कर ले गए। रविवार की सुबह दुकान खोलने पहुंचे मालिक को चोरी की घटना की जानकारी हुई तो होश उड़ गए। दुकान के बाहर लगे सीसी कैमरे में कैद हुए चोर की पुलिस द्वारा तलाश की जा रही थी। कस्बे के कजियाना वार्ड निवासी राजू पुत्र हकीमुल्ला की सर्विस रोड पर ओवरब्रिज के बगल में पप्पू एजेंसी के नाम से कन्फेक्शनरी की थोक व फुटकर दुकान है। राजू ने बताया कि रविवार की सुबह जब दुकान पहुंचा तो उसे चोरी की जानकारी हुई। टीन काटकर चोर दुकान में रखे 90 हजार रुपए व रेजगारी समेत



दस्तावेज चोर उठा ले गए हैं। उसने इसकी सूचना पुलिस को दी तो मौके पर पहुंची ।

दुकान के बाहर लगे सीसी फुटेज में रात के अंधेरे में एक चोर गमछे से अपना मुंह ढकते कैद हुआ है। चोर का चेहरा कुछ समय के लिए साफ दिख रहा है। इसके बाद वह चेहरा ढकते नजर आ रहा है। पीड़ित ने चोरी की तहरीर पुलिस को दी है। थाना प्रभारी धनंजय पाण्डेय ने बताया कि सूचना मिली थीए घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।

## समिति द्वारा वर वधुओं को शादी के वस्त्र व अन्य सामग्री की गई भेंट



कानपुर नगर.रविवार को जय बाबा श्री आनन्देश्वर मानव सेवा समिति कानपुर द्वारा हिन्दू सर्वजातीय दहेज रहित 10वाँ 11 बेटियों का सामूहिक शुभ विवाह समारोह 29 जून को आयोजित होगा उसी के अर्न्तगत रविवार को वर.वधूओ के वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शादी से पूर्व वर वर वधूओ को समिति द्वारा वस्त्र व अन्य सामग्री प्रदान की गई समिति के संस्थापक अध्यक्ष ने कार्यकम को सम्बोधित करते हुए कहा कि धर्म परिवर्तन लव जेहाद व दहेज कुप्रथा जैसी भयंकर ऑधी से बचकर समाज व आने वाली पीढ़ी को इससे बचने के लिये सभी को जागरूक करना है कार्यक्रम में अध्यक्ष डा0ओ0पी0 सिंह विनोद बाजपेई डी0पी0सिंह शुभम बनजी राहुल चौहान एड0अजय कुमार नवीन कुमार प्रमोद कुमार पनकी पार्षद आरती त्रिपाठी जया श्रीवास्तव आदि लोग कार्यकम में उपस्थित रहे

### चोरों ने खेत से चोरी किए 6 डीजल इंजन

**बिल्हौर ।** कानपुर जनपद के बिल्हौर थाना क्षेत्र में नानामऊ तिराहे के पास स्थित खेतों से चोरों ने 6 डीजल इंजन चुरा लिए। चोरी किए गए इंजन की कीमत लाखों में बताई जा रही है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार नानामऊ तिराहे के पास शहंशाह आलम सौरभ कटियार रमजान हुसैन रईस बेग चांद बाबू राजू खान आदि किसानों के खेत है और सभी ने फसल की सिंचाई के लिए डीजल इंजन लगा रखे है जिनकी सुरक्षा के लिए उन्हें ड्रम या लोहे के बॉक्स में रखकर ताला लगाया दिया जाता था। चोरों ने रविवार रात को सभी खेतों को निशाना बनाकर इंजन निकालकर ले गए और बॉक्स को वही छोड़ दिया। सोमवार को सुबह खेत पर पहुंचने पर किसानों को चोरी का पता चला। बिल्हौर पुलिस के अनुसार घटना की जांच की जा रही है। शीघ्र ही दोषियों को पकड़कर घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

## ऊसर और बंजर भूमि में वन विभाग लगाएगा 2 लाख से ज्यादा पौधे



**घाटमपुर रेंज में की गई जमीन चिह्नित**

**घाटमपुर।** वन विभाग इस बार बारिश में ऊसर और बंजर भूमि पर 2ण्40 लाख पौधे लगाएगा। साथ ही 2ण्60 लाख बीज बोने की भी तैयारी की गई है। जिसके लिए जमीन भी चिह्नित की जा चुकी है। जुलाई के पहले सप्ताह से विभाग पौधरोपण का कार्य शुरू करेगा।

वन विभाग द्वारा क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांव में भूमि भी चिह्नित कर ली है। इसमें ऊसर में जहां पौधरोपण होगा वहीं बीहड़ में पौधरोपण के साथ साथ बीज भी बोए जाएंगे। इसके लिए क्षेत्र के रामपुरए मोहटाए कोरोंए काटरए समुहीए मऊ नखतए पताराए बरईगढ़ए नेवादा उजागरए ताहरपुरए दहिलर अव्वलए दहिलर सानीए बीबीपुरए गड़ाथा आदि गांवों में भूमि चिन्हित की गई है।

पौधरोपण के लिए विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। नर्सरियों में विभाग ने खुद के साथ साथ अन्य विभागों के लिए भी पौधे तैयार कर लिए हैं। वहीं वन महोत्सव सप्ताह एक जुलाई से सात जुलाई की तैयारी में अधिकारी जुटे हुए हैं। वन क्षेत्राधिकारी राकेश पांडेय ने बताया कि विभाग ने अपने लक्ष्य के अनुसार पौधरोपण करने और अन्य विभागों को देने के लिए नर्सरियों में पौधे तैयार कर रखे हैं। शासन द्वारा वृहद पौधरोपण की तिथि अभी नहीं आई है। तैयारी पूरी कर ली गई है।

# दो मासूमों के साथ दस दिन से धरने पर बैठी महिला ने नहीं छोड़ी आस



**सपा के प्रतिनिधिमंडल ने न्याय न मिलने तक संघर्ष जारी रखने की भरी हुंकार**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

भीतरगांव। साढ़ थाना क्षेत्र के चिरली गांव में बीती 12 जून को दो मासूम बच्चों के साथ पति के घर पहुंची महिला को ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा इंट्री न मिलने पर महिला बीते दस दिन से सरकारी स्कूल में डेरा डाले न्याय की आस में पड़ी है जिसकी जानकारी मिलने पर शनिवार को समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल मुनींद्र शुक्ला की अगुवाई में चिरली गांव पहुंचा और पीड़िता को न्याय न मिलने तक संघर्ष करने की हुंकार भरी।

ग्रामीणों के आग्रह पर पहुंचे सपा के प्रतिनिधिमंडल के साथ सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण महिला के पक्ष में खड़े दिखाई दिए पीड़िता ने बताया कि वह पति के सेवाकाल में उनके साथ रही लेकिन अब पति द्वारा उसे और उसकी दो मासूम बच्चियों को घर से बाहर कर दिया गया सभी वैवाहिक दस्तावेज होने के बाद भी उसे घर में प्रवेश नहीं दिया जा रहा।बताया जाता है कि स्थानीय पुलिस द्वारा समझौते के प्रयास के बावजूद बृजेश सिंह परिजनों सहित घर में ताला लगाकर फरार है।सपा के पूर्व विधायक मुनींद्र शुक्ला ने बताया कि ग्रामीणों और प्रतिनिधिमंडल के दबाव पर साढ़ थाना पुलिस ने मकान के बरामदे को खुलवाकर महिला को बच्चो सहित अस्थाई रूप से वही रहने की अनुमति दी गई मुनींद्र शुक्ला ने कहा कि ऐसी घटना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और नारी सशक्तिकरण जैसे नारों को खोखला साबित करती है हम सब मिलकर इस पीड़िता को न्याय न मिलने तक संघर्ष जारी रखेंगे प्रतिनिधिमंडल में सर्वेश यादव कर्मवीर यादव विराट तोमर राघवेंद्र यादव इकबाल अली पंकज मिश्रा ललित गौतम शिवम् सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### हादसे में घायल प्रधान की बेटी की मौत

**घाटमपुर।** कस्बे के हमीरपुर रोड में ऑटो व ट्रक की टक्कर में 16 जून को घायल हुई प्रधान देवली की बेटी की हैलट में इलाज दौरान रविवार को मौत हो गई। कस्बे के मोहल्ला जवाहर नगर निवासी उदित सचान की पुत्री प्रांजली 21 हादसे में घायल हो गई थी। जिसकी रविवार को इलाज दौरान मौत हो गई।

### स्थानान्तरित डीआईओएस पर भ्रष्टाचार के लगाए गए गंभीर आरोप

चरखारी ;महोबा। अभी हाल में ही स्थानान्तरित हुए जिला विद्यालय निरीक्षक पर संस्कृत बोर्ड के अध्यापकोंष् विद्यालयों द्वारा भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जाने पर माध्यमिक संस्कृत शिक्षक कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष की शिकायत पर चरखारी विधायक डॉण् बृजभूषण राजपूत द्वारा मुख्यमन्त्री को पत्र लिखते हुए जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग की गयी है।

माध्यमिक संस्कृत शिक्षक कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉण् सुखनन्दन मिश्र ने प्रदेश के मुख्यमन्त्री सहित शिक्षा विभाग के प्रमुख् सचिव सहित जिला प्रशासन को प्रार्थना पत्र देते हुए स्थानान्तरित जिला विद्यालय निरीक्षक राघवेन्द्र सिंह पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया कि महोबा जनपद में कार्यरत रहे जिला विद्यालय निरीक्षक की नियत महोबा जनपद के मानदेय शिक्षकों के बढ़े मानदेय पर रही जिसके कारण शासनादेश के बावजूद माह मार्च अप्रैल एवं मई का मानेदय नहीं दिया और इस मानदेय को दिए जाने के लिए प्रत्येक मानदेय शिक्षक से सुविधा शुल्क की मांग की गयी थी और सुविधा शुल्क न मिलने पर उन्होंने शिक्षकों का वेतन अनावश्यक रोके रखा। इसके आलवा आरोप है कि शासन द्वारा संचालित महत्वपूर्ण ष्प्रोजेक्ट अलंकार योजनाष् के अन्तर्गत द्वितीय किश्त को रोककर कार्य में बाधा उत्पन्न की गयी तथा द्वितीय किश्त निर्गत करते समय कार्यदायी संस्था.प्रधानाचार्य श्री गुमान बिहारी संस्कृत माध्यमिक विद्यालय चरखारी से जबरन सुविधा शुल्क वसूला गया। श्री सीताराम संस्कृत माध्यमिक विद्यालय जैतपुर के द्वितीय किश्त की मांग प्रेषित किए जाने में देरी की गयी। अखण्ड इण्टर कालेज कबरई में प्राधिकार नियंत्रक व्यवस्था होने के कारण प्राधिकार नियंत्रकध् प्रधनाचार्य पर दबाव बनाकर विद्यालय निधियों से अवैधानिक रूप से धन निकालकर राजकीय मुकुन्दलाल इण्टर कालेज महोबा स्थित जिला विद्यालय निरीक्षक आवास पर भोग विलाषिता की आपूर्ति हेतु एअर कण्डीशन एवं बैड आदि की व्यवस्था की गयी। प्रदेश अध्यक्ष श्री मिश्र ने बताया कि अपने कार्यकाल में डीआईओएस कभी भी 10 बजे से 5 बजे तक कार्यालय में नहीं बैठे और 5 बजे के बाद गलत कार्यो को अंजाम देने के लिए रात में काम करते रहे जिसका साक्ष्य सीसीटीवी फुटेज से मिल सकते हैं। डीआईओएस पर लगे गंभीर भ्रष्टाचार के आरोपों को चरखारी विधायक डॉण् बृजभूषण राजपूत ने भी गंभीरता से लिया है तथा प्रदेश के मुख्यमन्त्री को पत्र भेजते हुए जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

### श्रीनगर पुलिस ने जानलेवा हमले के वांछित 04 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

महोबाए बीते रोज थाना श्रीनगर के ग्राम मवई में सजातीय एवं पडोसी दो पक्षों के मध्य हुए विवाद के दौरान हुई फायरिंग में एक व्यक्ति को गोली लगीए जिस पर घायल व्यक्ति घायल व्यक्ति को उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गयाए जहाँ से बेहतर इलाज हेतु पीड़ित को हायर सेंटर में भर्ती कराया गया। प्रकरण में उच्चाधिकारीगण द्वारा घटना स्थल का मौका मुआयना किया गया । प्रकरण में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना श्रीनगर में मु0अ0स0 126ध्25 धारा 109;1द्धध्190ध्191;2द्धध्191;3द्धध्3;5द्ध ठछै का अभियोग पंजीकृत किया गया।पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा घटना कारित करने वाले वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित किये जाने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर द्वारा उप निरीक्षक हरिभजन गौतम के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गयी। आज गठित पुलिस टीम ने मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 04 अभियुक्तगण पुष्पराज सिंह उर्फ बब्लू पुत्र स्व0 स्वरूप सिंह उम्र करीब 34 वर्षए भूपेन्द्र सिंह उर्फ छोटे राजा पुत्र स्व0 स्वरूप सिंह उम्र 42 वर्षए नरेन्द्र सिंह उर्फ नन्हू राजा पुत्र स्व0 स्वरूप सिंह उम्र 40 वर्ष व पप्पू कुशवाहा पुत्र कमला कुशवाहा उम्र 30 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम मबई थाना श्रीनगर जनपद महोबा को ग्राम मवई व भण्डरा तिगैला कस्बा श्रीनगर से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया इस दौरान अभियुक्त पुष्पराज उपरोक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा 315 बोर नाजायज सहित 01 खोखा कारतूस व 01 जिन्दा कारतूस की बरामदगी की गयी है। गिरफ्तार शुदा अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में न्यायालय के समक्ष पेशी के उपरान्त जेल भेजा गया है।

### बीज बुआन अभियान का कार्य शीघ्र करे पूरा ए एचबी गिरीश

कुलपहाड़;महोबाद्ध . झाँसी मंडल के मुख्य वन संरक्षक एच बी गिरीश ने अजनर क्षेत्र के वन ब्लॉकों का निरीक्षण करते हुए बीज बुआन कार्य को जल्द समाप्त करने का निर्देश दिए है। रविवार को घंघौराए बघौरा और पासानाबाद वन ब्लॉकों में निरीक्षण करते हुएए उन्होंने गड्ढाभरण और ड्रेसिंग कार्य की स्थिति का अवलोकन किया। इस दौरान प्रभागीय वनाधिकारी महोबा डॉण् नरेंद्र सिंहए वन दरोगा अशोक कुमारए अमित कुमारए अमित तिवारीए महिला कांस्टेबल अपर्णा देवीए रामखिलावन समेत अजनर रेंज का संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा मुख्य वन संरक्षक ने कहाए ष्बीज बुआन का कार्य पर्यावरण संरक्षण के लिए आवश्यक है। हमें इसे यथाशीघ्र पूरा करना होगा।ष् उन्होंने पौधशालाओं की व्यवस्था की भी सराहना की और रेंज अधिकारी जीतेन्द्र कुमार को एक सप्ताह के भीतर बीज बुआन के लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया। यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कि क्षेत्र में वृक्षारोपण अभियान सफल हो सकेए वन विभाग के अधिकारियों ने आगामी रणनीतियों पर भी चर्चा की।

मुख्य वन संरक्षक की इस सक्रियता से निश्चित रूप से क्षेत्र में पर्यावरणीय संतुलन में योगदान मिलेगा।

### मृतक की हुई शिनाख्त

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के अन्र्तगत एनएच-2 में सड़क हादसे में 35 वर्षीय अज्ञात युवक की मौत हो गयी थी। जिसे पुलिस ने मार्च्युरी हाउस में रखा दिया था। मृतक के पास से मिले आई कार्ड के मुताबिक पुलिस ने परिजनो को सूचना कर दी। जिस पर घर वालों ने मृतक की शिनाख्त की है। बताते चलें कि बीस मई को सड़क हादसे में युवक की मौत हो गयी थी। जिस पर परिजनो ने उसकी शिनाख्त रमन झा पुत्र स्व0 राजू झा निवासी देंगगांव मनियारी चौक थाना मेजरगंज जिला सीतामडी बिहारी के रूप में करते हुए बताया कि वह ट्रक चालक था जिसकी सडक हादसे में मौत हो गयी है।

# 23.87 लाख के निर्माण कार्यों का विधायक ने किया लोकार्पण



**फतेहपुर।** बहुआ ब्लाक के देवगांव (मूसेपुर) में विधायक निधि, मनरेगा, राज्य वित्त एवं पंद्रहवां योजनान्तर्गत से बनाई गई दो इंटरलॉकिंग एवं एक सीसी रोड का अयाह-शाह विधायक विकास गुप्ता ने लोकार्पण कर जनता को सौंपी। देवगांव ग्राम पंचायत में विधायक निधि, मनरेगा, राज्य वित्त एवं पंचम योजनान्तर्गत 23.87 लाख की लागत से दो इंटरलॉकिंग एवं एक सीसी रोड़ का निर्माण कार्य कराया गया था। रविवार को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर अयाह-शाह विधायक विकास गुप्ता ने तीनों कार्यों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री गुप्ता ने पंचायत चौपल में ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर स्वारित निस्तारण किया। ग्राम प्रधान पुत्र तसलीम खान व सचिव नीरज सिंह ने विधायक का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संजय सिंह हांड़ा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरिमर्दन सिंह, महामंत्री अखिलेश तिवारी, ग्राम प्रधान चिदानंद शुक्ला, वीरेंद्र दयाल सिंह, कुंदनलाल शर्मा, सुशील सिंह चंदेल, राजा सिंह, गोरे प्रजापति, चंद्रसेन सिंह भी उपस्थित रहे।

# चौडगरा कस्बे में हुई बड़ी चोरी का खुलासा, 4 गिरफ्तार



**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के चौडगरा कस्बे में पांच दिन पूर्व एक घर में हुई बड़ी चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दस लाख रूपए के आभूषण व पांच हजार रूपए की नगदी बरामद की है। किरायेदार महिला ने अपने सहयोगियों के साथ रैकी करके घटना को अंजाम दिया था। किरायेदार महिला अभी भी पुलिस की गिरफ्त से दूर है। पुलिस लाइन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि चौडगरा कस्बे में मुकदमा वादी की किरायेदार पूनम पाल पत्नी बबलू पाल निवासी डिडौलिया थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात व पड़ोसी गोलू लोहार पुत्र राम प्रसाद, नीरज उर्फ पत्तर प्रजापति पुत्र इन्द्रपाल निवासीगण चौडगरा, हिमांशु विश्वकर्मा पुत्र स्व0 दीनदयाल निवासी शुक्लानगर थाना औंग, सोनू निषाद पुत्र राम प्रताप निवासी रामपुर थाना औंग ने घटना को अंजाम दिया था।

अभियुक्ता पूनम पाल, हिमांशु व सोनू निषाद ने 17 जून को दिन में मुकदमा वादिनी के घर के आस-पास लगातार निगरानी की। तत्पश्चात अभियुक्त गोलू लोहार व नीरज उर्फपत्तन प्रजापति ने घर के तालों को सब्बल से तोड़कर जेवरात व नकदी पार कर फरार हो गए थे। 21/22 जून को मुकदमे से संबंधित अभियुक्तों को मुखबिर की सूचना पर दस लाख रूपए के आभूषण व पांच हजार रूपए की नगदी के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्ता पूनम पाल अभी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। एएसपी ने बताया कि सभी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्रवाई कर न्यायालय भेजा जा रहा है। वार्ता के दौरान बिंदकी सीओ प्रगति यादव भी मौजूद रहीं। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्रा, वरि. उपनिरीक्षक अभिषेक यादव, चौकी प्रभारी चौडगरा उपदेश कुमार, उपनिरीक्षक सुमित तिवारी, हेड कांस्टेबल ध्यान सिंह, अजय कुमार, कांस्टेबल दुर्गेश सिंह, वसीम, ललित लौर भी शामिल रहे।

**■ 10 लाख रूपए के आभूषण व पांच हजार की नगदी बरामद**
**■ किरायेदार महिला ने सहयोगियों संग रैकी कर मकान मालकिन के घर की थी चोरी**

# राष्ट्रभक्त दानवीर भामाशाह की जयंती मनाएगा वैश्य समाज

**■ जनपद से पदाधिकारी जाएंगे दिल्ली, बैठक में लिया निर्णय**

फतेहपुर। अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद की बैठक कृष्णा लाज में आहुत की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए परिषद के जिलाध्यक्ष अरूण जायसवाल ने कहा कि राष्ट्रभक्त दानवीर भामाशाह जी का जीवन दानपुरुष के रूप में जाना जाता है। उन्होंने महाराणा प्रताप जी को अपनी पूरी संपत्ति राष्ट्रहित में समर्पित कर दिया था। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय प्रधान महासचिव विनोद कुमार गुप्त ने कहा कि राष्टभक्त दानवीर भामाशाह जी की 478 वीं जयंती समारोह 28 जून को धूमधाम के साथ मनायी जायेगी।

मुख्य आयोजन दिल्ली में प्यारेलाल भवन में परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा0 सुमंत गुप्ता के सानिध्य में धूमधाम से मनाया जायेगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित परिषद के युवा इकाई के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिंपल ने कहा कि समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं दिल्ली मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित दिल्ली प्रदेश के वैश्य विधायक एवं मंत्री उपस्थित रहेंगे। जिला संरक्षक संजय गुप्ता ने कहा कि समारोह में जनपद से काफी संख्या में दिल्ली जाकर वैश्य शक्ति का प्रदर्शन करेंगें। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिम्पल, प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, रामस्वरूप गुप्त, संजीव गुप्ता, वेद प्रकाश गुप्त, उमेश अग्रहरि, मनीष गुप्ता, आशीष अग्रहरि, सत्येंद्र गुप्ता, विनोद मोदनवाल, अमित गुप्ता, गुड्डू मोदनवाल, सतीश साहू, यश गुप्ता आदि रहे।




# घोष पुलिस के हत्थे चढ़ा बाइक चोर, घटना का खुलासा

फतेहपुर। मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले का सुल्तानपुर घोष पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए बाइक चोर को गिरफ्तार कर लिया। चोरी की बाइक बरामद कर चोर के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेज दिया। सुल्तानपुर घोष थाना पुलिस ने पंजीकृत मु0अ0सं0 103/2025 धारा 303(2) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए आरामपुर बसही तिराहे के पास चेकिंग के दौरान अभियुक्त राहुल पुत्र राकेश 19 वर्ष निवासी ग्राम नेवादा थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से संबंधित मोटरसाइकिल अपाचे व एक मोबाइल फोन बरामद किया है। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में अपराध धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त राहुल को न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक तेजबहादुर सिंह, उपनिरीक्षक शिवानन्द सिंह, कांस्टेबल दिलीप कुमार, अनिल कुमार, प्रभाकर शाक्य शामिल रहे।

# - शैलेन्द्र साहित्य सरोवर की साप्ताहिक काव्य गोष्ठी सम्पन्न



-कृपा ज्ञान की कीजिए, क्षमा करो सब भूल

फतेहपुर। शहर के मुराइन टोला स्थित हनुमान मंदिर में शैलेन्द्र साहित्य सरोवर के बैनर तले 390वीं साप्ताहिक रविवासरीय सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन केपी सिंह कछवाह की अध्यक्षता एवं शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी के संचालन में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में मंदिर के महंत स्वामी रामदास उपस्थित रहे। काव्य गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए केपी सिंह कछवाह ने वाणी वंदना में अपने भाव प्रसून प्रस्तुत करते हुए कहा कि वंदन माता शारदे, अर्पित अक्षत फूल। कृपा ज्ञान की कीजिए, क्षमा करो सब भूल।। पुनः कार्यक्रम को गति देते हुए काव्य पाठ में कुछ इस प्रकार से अपने अंतर्भावों को प्रस्तुत किया राम नाम का कीजिए, नित्य निरंतर जाप। जीवन में सुख शांति हो, कट जाएं सब पाप।।

डा. सत्य नारायण मिश्र ने अपने भावों को एक छंद के माध्यम से कुछ इस प्रकार व्यक्त किया अरे ओ मानवता के दूत, दिखाई पड़ते क्यों यों खिन्न। हुए क्यों इतने आज निराश, न होओ कर्तव्यों से भिन्न।। प्रदीप कुमार गौड़ ने अपने क्रम में काव्य पाठ में कुछ इस प्रकार भाव प्रस्तुत किए प्रतिदिन योग प्रयोग कर, उपजाएं संयोग। मिले मुक्ति दुर्योग से, तन-मन रहे निरोग।। डॉ शिवसागर साहू ने काव्य पाठ में अपने भावों को कुछ इस प्रकार शब्द दिए न्यू क्लियर वार की आहट से, सारी दुनिया घबराई है। इजराइल व ईरान मध्य, बारूद गई बरसाई है।। आयोजक व संचालक शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी ने अपने भाव एक गीत के माध्यम से कुछ यों व्यक्त किये भारत माता की आश बनो, जग का नूतन विश्वास बनो। दीनों-दलितों की बन पुकार, तुम बढ़ो नया इतिहास बनो।। कार्यक्रम के अंत में स्वामी जी ने सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। आयोजक ने आभार व्यक्त किया।

# बाइकों की भिड़ंत में युवती की मौत, दो घायल

फतेहपुर। खखरेरू थाना क्षेत्र के ग्राम चांदपुर औढेरा के समीप बाइकों की हुई भिड़ंत में एक युवती की मौत हो गयी, वहीं दो लोग घायल हो गये। जिन्हे पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के शिवपुरी गांव निवासी गनेश पासवान की 18 वर्षीय पुत्री मुस्कान उर्फखुशी अपने साथ रिया व अमन निवासी जनपद कौशाम्बी के साथ बाइक में बैठकर रिश्तेदारी में जा रहे थे। जैसे ही यह लोग चांदपुर औढेरा के पास पहुंचे तभी सामने से आ रही बाइक से सीधी टक्कर हो गयी। जिससे रिया मुस्कान व अमन घायल हो गये। गंभीर रूप से घायल मुस्कान को धाता सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल रिया व अमन को पास के ही अस्पताल में भर्ती करा दिया गया। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

# फाउंडेशन के स्थापना दिवस पर लगा रक्तदान शिविर




फतेहपुर। संस्था सर्व फॉर ह्यूमैनिटी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंह सभा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बीस रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर का उदघाटन विद्या कोचिंग सेंटर के संचालक गुरमीत सिंह, आनंद मौर्य व जिला उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रवि प्रकाश दुबे, प्रदेश कोषाध्यक्ष आशुतोष रस्तोगी व फरहत अली सिद्दकी ने किया। शिविर में बीस रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में सईद, बक़ीर, शौकत, अब्बास, दीपक सिंह, आबिद, शौकत आब्दी, अश्विन दीक्षित, अनुपम पांडेय, हेमंत कुमार, चंद्र शेखर, शिवांशु शुक्ला, प्रभात सिंह, शोभित सिंह, आकाश कुमार, सुभाष चंद्र, सुयश, गुरमीत सिंह, निधि मिश्रा, शुभम कुमार, गौरव मिश्रा, राम कुमार शामिल रहे। शिविर प्रयागराज मेडिकल कॉलेज रक्तकेंद्र के सहयोग से लगवाया गया। जिससे फतेहपुर से प्रयागराज रेफर मरीजों की मदद आसानी से की जा सके। शिविर में गुरमीत सिंह ने 44 वां रक्तदान किया।

कहा कि हर स्वस्थ्य व्यक्ति को हर तीन महीने में रक्तदान करना चाहिए। एक रक्तदान से चार जिन्दगियां बचाई जा सकती हैं। रक्तदान शिविर में भोजन जन सेवा समिति के तीन रक्तदाताओं, व टी मैक्स से तीन रक्तदाताओं का सहयोग रहा। इस मौके पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से ज्ञानी सिमरजीत सिंह, प्रधान चरणजीत सिंह, सेकेट्री परमजीत सिंह, संस्था सर्व फॉर ह्यूमैनिटी से अध्यक्ष गुरप्रीत कौर, उपाध्यक्ष रितेश दीक्षित, अंचल रस्तोगी, आकाश भदौरिया, मयंक भारद्वाज, हरविंदर कौर, जिला उद्योग व्यापार मंडल से राजकुमार मिश्रा, राजकमल, जिला अस्पताल रक्तकेंद्र से परामर्शदाता दीपाली वर्मा, प्रयागराज मेडिकल कॉलेज रक्तकेंद्र विभाग से पीके पांडेय, वीके तिवारी, अनुराग सिंह, अनिल कुमार तिवारी, राजेश कुमार, संतोष कुमार, प्रदीप कुमार, श्याम बिहारी, आशुतोष, भानु, अनुज कुमार, दुर्गेश कुमार उपस्थित रहे।

# आदर्श व्यापार मंडल के जिला कार्यालय का प्रदेश अध्यक्ष ने किया उद्घाटन



फतेहपुर। शहर के स्टेट बैंक के समीप आदर्श व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के जिला कार्यालय का उद्घाटन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप गर्ग ने कार्यालय का फीता काटा। प्रदेश महामंत्री कालीशंकर श्रीवास्तव व प्रदेश युवा अध्यक्ष संजय पांडेय भी उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप गर्ग ने बताया कि उद्घाटन का उद्देश्य आम व्यापारियों की समस्याओं सुनी जा सके। छोटे व्यापारी यहां आकर अपनी समस्याएं बता सकते हैं। जिससे उनकी समस्याओं का निराकरण करवाया जा सके। किसी भी ट्रेड का व्यापारी हो उसकी समस्याओं का निदान करना हमारा दायित्व है। व्यापारी उत्पीड़न बंद होना चाहिए। नहीं तो अब सड़क पर उतरने का कार्य किया जाएगा। प्रशासनिक अधिकारियों का बहिष्कार किया जाएगा। जिलाध्यक्ष अभिनव यादव ने कहा कि जिला कार्यालय में हर समय एक स्टाफ उपलब्ध रहेगा। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष स्क्रैप मो. शमी, प्रदेश अध्यक्ष महिला डॉ. माधुरी साहू, महिला जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता, संगठन मंत्री रवि तिवारी, महामंत्री अमित शरण बॉबी, अमित सोनी, युवा जिलाध्यक्ष मो. इमरान, आफाक अली, अंकित गुप्ता, आनंद गुप्ता, निरंजन श्रीवास्तव, शुभम शुक्ला, दिनेश साहू, राधेश्याम गुप्ता, विष्णु दीक्षित, अभय गुप्ता, बबला सोनी, अमित सोनी, मो. इरशाद कादरी, अभिलाष गुप्ता, प्रशांत केसरवानी, नीरज सोनी समेत तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

## खबर एक नज़र

### मुफ्त अनाज लेने कोटे पहुंच रहे ज्यादातर उपभोक्ता लौट रहे खाली हाथ

फतेहपुर। प्रधानमंत्री गरीब अन्न योजना के तहत वितरित होने वाले अनाज का लाभ उठाने से पहले उपभोक्ता को कोटे के कई कई चक्कर काटने पड़ रहे है। सुबह सवेरे लाइन पर लगने वाले ज्यादातर उपभोक्ताओं को सर्वर की समस्या से दो-चार होना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा समस्या का सामना महिलाओं को करना पड़ रहा है जो गृहस्थी का काम धाम छोड़कर सरकारी राशन के लिए जूझते देखा जा रहा है। कोरोना कल से सरकार इस योजना को चल रही है। पात्र गृहस्थी के कार्ड पर प्रति यूनिट पर पांच किलो अनाज की व्यवस्था की गई है जिसमें तीन किलो चावल और दो किलो गेहूं फिलहाल मुहैया कराया जा रहा है। इस व्यवस्था का लाभ उठाने के लिए जिस तरह से उपभोक्ताओं को समस्याओं से दो-चार होना पड़ रहा है। वह इस सुविधा पर अपरोक्ष रूप से ही सही सवाल भी खड़े कर रहा है। सरकारी अनाज लेने कोटे पहुंचने वाले उपभोक्ताओं को सारा दिन कोटेदार सर्वर की समस्या बताते सुने जा सकते हैं। इस समस्या से पार पाने के लिए तमाम राशन की दुकानों में सुबह पांच से ही लंबी-लंबी लाइन लग जाती हैं। जबकि सर्वर की प्रॉब्लम सुबह आठ बजते ही सर उठाने लगती है जिससे ज्यादातर उपभोक्ताओं को मायूसी हाथ लगती है। उनका सारा दिन इंटरनेट की राह देखने में निकल जा रहा है। सबसे ज्यादा तकलीफ महिलाओं को होती है जो घर का काम छोड़कर अनाज के लिए कोटा में कई कई घंटा इंतजार करना पड़ता है। शहर के आबूनगर के कोटेदार को अक्सर अक्सर, उपभोक्ताओं को यही समस्या बताते सुना जाता है। तमाम उपभोक्ताओं की शिकायत है कि जानबूझकर इस समस्या को खड़ा किया जा रहा है। उपभोक्ता राजू ने बताया कि वह दो दिन से लौट रहा है। कोई सटीक जवाब नहीं दिया जा रहा है। कब तक अनाज बंटेगा, स्पष्ट जवाब भी नहीं दिया जा रहा है।

### अपने शिष्य को गुरु दक्षिणा देकर बनाए निपुण

- तीन सैकड़ा शिक्षक प्रशिक्षण में सीखे निपुणता के गुर

खागा, (फतेहपुर)। सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज शहजादपुर में दो दिवसीय द्वितीय आचार्य प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिले और क्षेत्र के अनेक प्रमुख शिक्षकों और प्राचार्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक राकेश त्रिवेदी रहे जबकि विशिष्ट अतिथियों में फतेहपुर के प्रधानाचार्य शिवबाबू शुक्ल, रायबरेली के क्षेत्रीय प्रबंधक अरविंद मिश्रा, खागा के प्रधानाचार्य राजकपूर सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त लगभग 10 इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्य और करीब 300 शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

शिविर का उद्देश्य शिक्षकों को नवीन शिक्षण तकनीकों, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और शैक्षणिक वातावरण के उन्नयन की दिशा में प्रशिक्षित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना से हुई, जिसके बाद अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि राकेश त्रिवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय की व्यवस्था इस प्रकार होनी चाहिए कि कोई भी शिक्षक अथवा छात्र किसी प्रकार की असुविधा का अनुभव न करे। उन्होंने उपस्थित सभी प्रधानाचार्यों और शिक्षकों से आग्रह किया कि वे स्वयं में परिवर्तन लाकर शिक्षा की गुणवत्ता को उच्चतम स्तर पर ले जाने का प्रयास करें।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि अध्यापक स्वयं प्रेरित और अनुशासित होंगे तो निश्चित ही छात्र भी उसी दिशा में अग्रसर होंगे। विशिष्ट अतिथि अरविंद मिश्रा ने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज के युग में शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में अध्यापकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आधुनिक तकनीक और मूल्य आधारित शिक्षा के संतुलन पर जोर दिया। इस अवसर पर शिव प्रताप सिंह, दीपक, आदर्श, सुरेश यादव समेत शिक्षक उपस्थित रहे।

### कुरीतियों व अन्याय के खिलाफएकजुट हो मौर्य समाजः अजय

- अखिल भारतीय मौर्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का दो दिवसीय दौरा
- गांव-गांव जाकर मौर्य समाज को एकजुट करने के लिए किया जनसंपर्क

फतेहपुर। अखिल भारतीय मौर्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय कुमार मौर्य का जिले में दो दिवसीय प्रवास संपन्न हुआ। उन्होंने मौर्य समाज के विभिन्न वर्गों से मुलाकात कर उन्हें संगठित रहने और समाज में व्याप्त कुरीतियों व अन्याय के खिलाफएकजुट होकर लड़ने का आह्वान किया। अजय मौर्य ने जिले के कई गांवों का दौरा कर लोगों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि जब तक समाज संगठित नहीं होगा, तब तक सामाजिक न्याय की लड़ाई अधूरी रहेगी। उन्होंने मौर्य समाज के युवाओं को शिक्षा, आत्मनिर्भरता और संगठन निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने का संदेश दिया। दौरे के दौरान संगठन विस्तार को लेकर भी व्यापक चर्चा हुई।

ग्राम स्तरीय इकाइयों के गठन से लेकर जिला स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर मंथन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आज भी समाज के एक बड़े तबके को अधिकारों से वंचित रखा गया है, जिसे लेकर महासभा लगातार संघर्षरत है। श्री मौर्य शनिवार को भृगुधाम भिटौरा पहुंचे। वहां उन्होंने स्वामी विज्ञानंद सरस्वती से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। मुलाकात के दौरान संगठन के विस्तार और सामाजिक जागरूकता को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। अजय मौर्य ने बताया कि समाज को दिशा देने में संतों का मार्गदर्शन अहम होता है। इसके बाद नगर पालिका परिषद के चेयरमैन राजकुमार मौर्य से भी भेंट की। समाज की स्थिति और संगठन विस्तार को लेकर अहम चर्चा हुई।

चेयरमैन राजकुमार मौर्य ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का गौतम बुद्ध की प्रतिमा व शाल भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम में संगठन के कई पदाधिकारी, स्थानीय प्रबुद्धजन रामप्रकाश मौर्य उर्फ बच्चू मौर्य, नरसिंह मौर्य, दुर्गेश, संदीप, नीरज, पीयुष, शंकर, पुष्पराज, जानकी, मतोले, कृष्णपाल, बालकृष्ण मौर्य, राजन मौर्य सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### नाली के विवाद में दबंग पिता-पुत्रों ने महिला व पुत्रों को पीटा

- पीड़िता बोली-सुलह न करने पर दी जा रही धमकियां

फतेहपुर। किशनुपर थाना क्षेत्र के ग्राम सरौली जमीनी विवाद को लेकर दबंग पिता पुत्रों ने सगे भाईयों समेत मां को लाठी डंडा व धारदार हथियार मार कर घायल कर दिया। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। वहीं सुलह न करने पर दबंगो द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही है। जानकारी के अनुसार सरौली गांव निवासी महेश का 18 वर्षीय पुत्र रविचन्द्र उर्फसाजन, राजन 11 वर्ष, मां सोमवती 45 वर्ष को जमीनी विवाद को लेकर गांव के ही दबंग कुलदीप नरायन मिश्रा पुत्र श्रीदत्त मिश्रा उनका पुत्र शशांक मिश्रा पत्नी गौरी मिश्रा एवं श्रीदत्त मिश्रा ने 20 जून को घर के अन्दर घुस कर लाठी डंडा व धारदार हथियार मारकर घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल दोनो भाईयों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज दौरान महेश पांडा ने बताया कि दबंगो द्वारा उनके घर के सामने जबरन गुन्डाई के बल पर पानी फेंका जाता था। इसका जब विरोध किया गया तो पिता पुत्रो व पत्नी द्वारा घर में घुसकर उसकी पत्नी व दोनो पुत्रो पर जानलेवा हमला किया गया। उसने बताया कि जब वह थाने पहुंचा तो वहां पुलिस ने अपने मन मुताबिक तहरीर लिखवाई। यहीं नहीं उसने बताया कि पुलिस द्वारा उल्टा ही उनके दोनो पुत्रो व पत्नी का चालान कर दिया जबकि पुलिस ने पीडिता की तहरीर पर श्रीदत्त मिश्रा, कुलदीप नरायन मिश्रा, शशांक मिश्रा एवं गौरी देवी के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर तहकीकात कर रही है। वहीं पीडित सोमवती ने बताया कि कुलदीप नरायन मिश्रा द्वारा धमकी दी जा रही है कि तुम लोगो ने समझौता नहीं किया तो जान से हाथ धोना पडेगा।

### युवक ने जहर खाकर दी जान

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम शाखा में गांव के बाहर खेत में संदिग्ध अवस्था में 26 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार शाखा गांव निवासी गोलू यादव ने शनिवार की शाम गांव के बाहर खेत में जाकर जहर खा लिया और कुछ देर बाद उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। शाम को जब गांव वाले जब शौचक्रिया के लिए जब खेत गये तो गोलू का शव देख उसके परिजनो को सूचना दिया। जिस पर रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## सावधानी भी जरूरी

तकनीक के क्षेत्र में नई सनसनी कृत्रिम मेधा यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ने पिछले कुछ समय से दुनिया में धूम मचा रखी है। बड़े पैमाने पर इसका इस्तेमाल हो रहा है। बच्चे भी इसकी मदद से अपने टैलेंट के नए-नए पहलू सामने ला रहे हैं। स्वाभाविक है कि तकनीक को विभिन्न क्षेत्रों में तेजी के साथ लागू कर रहा भारत भी इससे अछूता नहीं है। रक्षा, घरेलू सुरक्षा, कृषि, यातायात, भीड़ प्रबंधन शिक्षा, प्रशासन, चिकित्सा, मानसिक स्वास्थ्य, विपणन, मौसम विज्ञान आदि में इसकी तेजी से मदद ली जा रही है जिसके अच्छे नतीजे भी मिल रहे हैं। न्याय प्रणाली तक इसे लागू कर रही है। अब माना जा रहा है कि उद्यम प्रौद्योगिकी में बढ़ते निवेश, समृद्ध डिजिटल परिवेश तथा कुशल प्रोफेशनल्स के बढ़ते ठोस आधार के कारण देश में एआई का बाजार उसके मौजूदा आकार से तीन गुना बढ़कर 2027 यानी डेढ़ साल के भीतर ही सत्रह अरब डॉलर से अधिक का हो जाएगा। तब यह एआई के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से वृद्धि करने वालों में से एक होगा। अमेरिकी समूह बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप का कहना है कि एआई अब विकल्प नहीं बल्कि व्यावसायिक जरूरत है जिसका भारतीय कंपनियां पारंपरिक वृद्धि के रास्तों को पार करने व अंतर्राष्ट्रीय प्लेटफॉर्म पर आत्मविश्वास के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लक्ष्य से प्रयोग कर रही हैं। विशेषज्ञों का तो यह भी कहना है कि कृषि क्षेत्रों में एआई के इस्तेमाल से उत्पादन में तीस प्रतिशत की वृद्धि संभव है। इसका सटीक उदाहरण यह है कि माइक्रोसॉफ्ट ने भारत में गन्ने की खेती के लिए कृत्रिम मेधा के इस्तेमाल पर काफी समय से काम किया है और गन्ने के उत्पादन में तीस प्रतिशत की वृद्धि और इसकी खेती में पानी के प्रयोग को आधे तक करने का भरोसा भी दिलाया है। इसमें चीनी मिलों को लंबे समय (110 दिन से अधिक) तक चलाने में मदद मिलेगी और घाटे पर भी अंकुश लगेगा। बढ़ती उपयोगिता को देखते हुए 80 प्रतिशत भारतीय कंपनियां एआई को प्राथमिकता दे रही हैं। एआई प्रोफेशनल्स की बढ़ती जरूरत को देखते हुए युवाओं के लिए भी बेहतर भविष्य के अवसर बन रहे हैं। लेकिन सावधान रहने की जरूरत भी है। आपराधिक मानसिकता के कई लोग एआई का गलत इस्तेमाल कर वित्तीय धोखाधड़ी, ब्लैकमेलिंग, किसी फोटो का आपत्तिजनक व अश्लील रूपों में परिवर्तन जैसे दांव भी चल रहे हैं जिनकी रोकथाम के रास्ते भी खोजने होंगे।

## घटती गरीबी

विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले एक दशक में भारत लगभग 27 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकालने में सफल हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या 2011-12 में 27.1 फीसदी या 34.4 करोड़ थी, जो 2022-23 में घटकर 5.3 प्रतिशत या 7.5 करोड़ रह गयी। यानी ग्यारह साल में लगभग 27 करोड़ लोगों ने अत्यधिक गरीबी से निकलने में सफलता पायी। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में घोर गरीबी 18.4 फीसदी से घटकर 2.8 प्रतिशत तथा शहरी क्षेत्रों में यह 10.7 फीसदी से घटकर 1.1 प्रतिशत रह गयी। भारत के लिए यह बड़ी उपलब्धि इसलिए भी है, क्योंकि विश्व बैंक ने अत्यधिक गरीबी का मानक भी बदल दिया है। उसने अत्यधिक गरीबी की सीमा संशोधित करके तीन डॉलर (लगभग 257 रुपये) प्रतिदिन किया है जबकि पहले यह सीमा 2.15 डॉलर थी। बैंक के मुताबिक, मुफ्त और रियायती भोजन योजना से भारत में गरीबी घटी और शहरी व ग्रामीण गरीबी में व्याप्त फर्क भी कम हुआ। रोजगार में भी वृद्धि हुई तथा ग्रामीण व शहरी, दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इस दौरान भारत में बहुआयामी गरीबी को कम करने में भी सफलता मिली है। बहुआयामी गरीबी सूचकांक स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर में कमी दर्शाता है। वर्ष 2005-06 में देश में बहुआयामी गरीबी 53.8 फीसदी थी, जो 2019-21 में घटकर 16.4 फीसदी और 2022-23 में 15.5 फीसदी रह गयी। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, 2011-12 में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश में देश के 65 प्रतिशत अत्यंत गरीब लोग थे पर अब अत्यधिक गरीबी में आयी कमी के पीछे इन्हीं पांच राज्यों का दो तिहाई योगदान है। हालांकि इस रिपोर्ट से इतर भी हाल की कई रिपोर्टों में अत्यधिक गरीबी घटने की बात रेखांकित की गयी थी। इसका कारण आर्थिक विकास दर का निरंतर मजबूत बना रहना और सरकारी नीतियां हैं। तमाम योजनाओं ने आवास, रसोई के लिए स्वच्छ ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवा तक निचले स्तर के लोगों की पहुंच बढ़ायी है। इसका परिणाम अब सामने आ रहा है।

## काँव-काँव

♦♦♦

**परमाणु बम बनाने के करीब पहुंचा ईरान- ट्रंप**
पहले अमेरिका से एनओसी लेनी चाहिये थी!

**अब चुनाव प्रक्रिया के पुराने वीडियो होंगे डिलीट**
हां, गड़बड़ी का कोई सबूत कहीं बचने ना पाये!

**टलती जा रही है एक्जियोम मिशन 4 की लांचिंग**
किसी अच्छे पंडित से गंडा ताबीज बंधवायें!

**मोदी ने उठाया डा. अंबेडकर के सम्मान का मुद्दा**
कांग्रेसी विधिमंत्री के प्रति सम्मान स्वाभाविक!

**नाईजीरियाई महिला से करोड़ों की ड्रग्स बरामद**
भारत में नशेड़ियों का भी अमृतकाल चालू है!

**कुम्हारों को फ्री में मिलेगा विद्युत संचालित चाक**
घड़ा सुराही बनाने के लिये मिट्टी खरीदनी पड़ेगी।

♦♦♦

# नरसंहार करने वाले तय करेंगे एटमी शस्त्रों का स्वामित्व?



– तनवीर जाफ़री

इस्राईल -ईरान के बीच छिड़े आधुनिक युद्ध ने पूरे विश्व को स्तब्ध व चिंतित कर दिया है। इस्राईल गत कई वर्षों से ईरान को युद्ध में खींचने की पूरी कोशिश कर रहा था परन्तु ईरान सीधे युद्ध में कूदने से बचता आ रहा था। परन्तु गत 13 जून को इस्राईल ने ईरान पर एक बड़ा हवाई हमला कर दिया। इस हमले के कुछ ही समय बाद इस्राईली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने अपने एक टी वी प्रसारण में इस हमले को उचित ठहराते हुये ईरान पर परमाणु बम बनाने का प्रयास करने का आरोप लगाया और अपनी चिंता दोहराई कि ईरान का परमाणु बम इस्राईल को नष्ट कर सकता है। इस्राईल ने ईरान के कई परमाणु वैज्ञानिक और शीर्ष सेना कमांडर भी मार दिये। इस्राईल ने 13 जून को ईरान पर हमला उस समय किया जबकि दो दिन बाद ही यानी 15 जून को ईरान और अमरीका के मध्य परमाणु समझौता होने की तारीख़ तय थी और यह समझौता किसी निष्कर्ष पर पहुँचने की उम्मीद भी की जा रही थी। परन्तु इस्राईल ने समझौते के पहले ही हमला कर ईरान को बड़ा धोका दे दिया। इस्राईली हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी यह कहकर सबको चौंका दिया कि उन्हें इस हमले की पहले से जानकारी थी और इस हमले में कई ईरानी कट्टरपंथी (परमाणु वार्ताकार) मारे गए हैं। उन्होंने ईरान को चेतावनी दी कि अगर वह समझौता नहीं करता, तो और बड़े हमले झेलने पड़ सकते हैं। यही नहीं बल्कि ट्रंप ने इस्राईल की पीठ थपथपाते हुये इस्राईली हमलों को ÷शानदार÷ बताया और कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने की इच्छा छोड़नी होगी। साथ ही ट्रंप ने अमेरिका को इस्राईल का सबसे बड़ा सहयोगी भी बताया। साफ़ है ईरान पर इस्राईल द्वारा धोखे से किये गये इस हमले का अमेरिका भी बराबर का साझीदार है।


अब ज़रा 2003 के उस दौर को भी याद कीजिये जब इराक़ में सद्दाम हुसैन के शासनकाल में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू. बुश प्रशासन, ने यह दावा किया था कि सद्दाम हुसैन के पास रासायनिक, जैविक और संभवतः परमाणु हथियार भी हैं जो वैश्विक सुरक्षा के लिए ख़तरा हो सकते हैं। यह दावा ख़ुफ़िया जानकारी पर आधारित बताया गया था। इसी 'ख़ुफ़िया जानकारी' को बहाना बनाकर अमेरिका ने 'ऑपरेशन इराक़ी फ्रीडम' के नाम से इराक़ पर बड़ी सैन्य कार्रवाई की और इराक़ को तबाह कर के छोड़ा। यहाँ तक कि स्थानीय अदालत का गठन कर सद्दाम हुसैन को फांसी पर चढ़ा दिया। इराक़ में सत्ता परिवर्तन के बाद वहां रासायनिक, जैविक और सामूहिक विनाश के हथियार होने की जानकारी ग़लत साबित हुई। वहां ऐसे हथियार होने के कोई सबूत नहीं मिले। जगज़ाहिर है कि अमेरिका द्वारा इराक़ पर सैन्य कार्रवाई वहां के तेल संसाधनों पर नियंत्रण और मध्य पूर्व में अमेरीकी सामरिक प्रभाव बढ़ाने की इच्छा के तहत की गयी । इराक़ की तबाही व सत्ता परिवर्तन के बाद अमेरिका ने यह तर्क भी दिया था कि सद्दाम हुसैन का तानाशाही शासन इराक़ी जनता और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए हानिकारक था। बहरहाल आज वही अमेरिका जिसने केवल इराक़ ही तबाह करने की कोशिश नहीं की बल्कि वह जापान पर 6 और 9 अगस्त 1945 को परमाणु बम गिराने का भी गुनहगार है.वह अमेरिका जो कोरिया, ग्वाटेमाला, इंडोनेशिया, क्यूबा, कांगो, लाओस, वियतनाम, कंबोडिया, ग्रेनेडा, लेबनान, सीरिया, लीबिया, अल साल्वाडोर, निकारागुआ, ईरान(1987) पनामा, इराक़, कुवैत, सोमालिया, बोस्निया, सूडान, अफ़ग़ानिस्तान, योगोस्लाविया जैसे देशों पर हमले करने व वहां की सत्ता को अस्थिर करने का ज़िम्मेदार हो, क्या वह अमेरिका तय करेगा कि किस देश को परमाणु शस्त्र रखना चाहिए और किसे नहीं? या फिर फ़िलिस्तीन की ज़मीन पर अमेरिका ब्रिटेन की शह पर क़ब्ज़ा जमाये बैठा वह अवैध देश इस्राईल जिसपर ग़ज़ा में लगभग 82,000 लोगों को मारने व लगभग 20 लाख लोगों को बेघर कर क्षेत्र में मानवीय संकट खड़ा का आरोप है वह तय करेगा कि परमाणु शस्त्र किसे रखना चाहिए और किसे नहीं? जो देश स्वयं पूरे विश्व में अस्थिरता फैलाने,क्षेत्रीय संघर्ष भड़काने,शस्त्रों के व्यवसाय तथा तेल जैसी सम्पदा पर गिद्ध दृष्टि रखते हों पड़ोसी देशों में फूट डलवाकर युद्ध भड़काना ही जिनका वयवसाय बन चुका हो वह देश कैसे निर्धारित कर सकते हैं कि परमाणु शस्त्र किसे रखना चाहिये किसे नहीं?

आज विश्व में जिनदेशों के पास परमाणु शस्त्र हैं उनमें सबसे बड़ा ज़ख़ीरा संयुक्त राज्य अमेरिका के पास है। इसके अतिरिक्त रूस,चीन,फ़्रांस, यूके (ब्रिटेन), इस्राईल, उत्तर कोरिया, भारत व पाकिस्तान जैसे देश भी परमाणु शस्त्र धारक देशों में गिने जाते हैं। बावजूद इसके कि ईरान अभी तक यह कहता आया है कि उसके द्वारा किया जा रहा परमाणु संवर्धन उसकी ऊर्जा सम्बन्धी ज़रूरतों को पूरा करने जैसे शांतिपूर्ण कार्यों के लिये है। फिर भी यह क्यों ज़रूरी नहीं कि मानवता का सबसे बड़ा हत्यारा देश इज़राईल जो भूखे,निहत्थे बच्चों व बुज़ुर्गों औरतों का लगातार नरसंहार करता आ रहा,जो अपनी सैन्य शक्ति और अमेरिका की शह के बल पर अपने क़ब्ज़े की ज़मीन का लगातार विस्तार करता जा रहा हो जो उसे पनाह देने वाले देश फ़िलिस्तीन के लोगों को ही उनकी मातृभूमि से बेदख़ल करने की साज़िश रच रहा हो,जो अमरीका के इशारे पर पूरे मध्य एशिया में फूट डालने वाली राजनीति कर रहा हो आख़िर क्षेत्रीय संतुलन बनाने के लिये उसके सामने ईरान जैसे देश का डटकर खड़ा होना ज़रूरी क्यों नहीं ? क्या इस पूरे मध्य क्षेत्र को अमेरिका इस्राईल के रहमो-करम पर जीने के लिये छोड़ देना चाहिये? ताकि जब चाहें और जिस देश को चाहें ग़ज़ा,यमन व लेबनान बना सकें?



निश्चित रूप से युद्ध से बुरी कोई स्थिति नहीं होती। हमेशा इस त्रासदी का शिकार बेक़ुसूर महिलाएं,बच्चे व बुज़ुर्ग होते आये हैं। युद्ध से मानवता आहात होती है। सही मायने में तो पूरे विश्व को ही न केवल परमाणु शस्त्र मुक्त बल्कि पूरा विश्व निःशस्त्र भी होना चाहिये। परन्तु अमेरिका इज़राईल जैसे देशों द्वारा जब अपनी ताक़त का दुरुपयोग दशकों से किया जाता रहा हो और यह सिलसिला लगातार बढ़ता जा रहा हो ऐसे में इन्हें 'वाक ओवर' देने के बजाये इनके सामने अपने स्वाभिमान के लिये संकल्पबद्ध होकर खड़े होना कौन सा जुर्म है ? अमेरिका व इस्राईल के सामने ईरान के सिर उठाकर खड़े होने जैसे फ़ौलादी इरादों की आज दुनिया सराहना कर रही है। परन्तु यह देश आज कभी ईरान के निष्कासित रज़ा शाह पहलवी के पुत्र के काँधे पर सवार होकर तो कभी भीतरी फूट डालकर कभी मोसाद का इस्तेमाल कर ईरान को अस्थिर करने की पुरज़ोर कोशिश में लगा है। इनकी गिद्ध दृष्टि इस बात पर टिकी है कि किसी तरह वर्तमान संकल्पवान व स्वाभिमानी ईरानी सत्ता को बेदख़ल कर अपनी पिट्ठू सरकार बनाई जाये और ईरान को अस्थिर कर यहाँ भी मनमर्ज़ी से तेल दोहन किया जा सके। परन्तु शहादत को अपना आभूषण समझने व दास्तान ए करबला से प्रेरणा लेना वाला यह देश अमेरिका व इज़राईल की घुड़कियों को कुछ भी नहीं समझ रहा। क्या ईरान को आत्मरक्षा का अधिकार नहीं ? क्या नरसंहार की इबारत लिखने वाले देश ही यह तय करेंगे कि परमाणु शस्त्र कौन रखे और कौन न रखे।

## प्रेमचंद की कहानियां



### बूढ़ी काकी

मुंह में पानी भर-भर आता था। पूड़ियों का स्वाद स्मरण करके हृदय में गुदगुदी होने लगती थी। किसे पुकारूं, आज लाडली बेटी भी नहीं आयी। दोनों छोकरे सदा दिक करते हैं। आज उनका भी कहीं पता नहीं। कुछ मालूम तो होता कि क्या बन रहा है। बूढ़ी काकी की कल्पना में पूडियों की तस्वीर नाचने लगी। खूब लाल-लाल, फूली-फूली, नरम नरम होंगी। रूपा ने भली-भांति भोजन किया होगा। कचौडियों में अजवाइन और इलायची की महक आ रही होगी। एक पूड़ी मिलती तो जरा हाथ में लेकर देखती। क्यों न चलकर कड़ाह के सामने ही बैठूं। पूडियां छन-छन कर तैयार होंगी। कड़ाह से गरम-गरम निकालकर थाल में रखी जाती होंगी। फूल हम घर में भी संघ सकते हैं; परन्तु वाटिका में कुछ और बात होती है। इस प्रकार निर्णय करके बूढ़ी काकी उकड़ू बैठकर हाथों के बल सरकती हई बड़ी कठिनाई में चौखट से उतरी और धीरे-धीरे रेंगती हुई कड़ाह के पास आ बैठी। यहां आने पर उन्हें उतना ही धैर्य हुआ जितना भूखे कुत्ते को खाने वाले के सम्मुख बैठने में होता है। रूपा उस समय कार्य-भार से उद्विग्न हो रही थी। कभी इस कोठे में जाती, कभी उस कोठे में, कभी कड़ाह के पास आती, कभी भंडार में जाती। किसी ने बाहर से आकर कहा- 'महाराज ठंडाई मांग रहे हैं।' ठंडाई देने लगी इतने में फिर किसी ने आकर कहा- 'भाट आया है, उसे कुछ दे दो।' भाट के लिए सीधा निकाल रही थी कि एक तीसरे आदमी ने आकर पूछा, 'अभी भोजन तैयार होने में कितना विलम्ब है? जरा ढोल, मजीरा उतार दो।' बेचारी अकेली स्त्री दौड़ते-दौड़ते व्याकुल हो रही थी; झुंझलाती थी, कुढ़ती थी, परन्तु क्रोध प्रकट करने का अवसर न पाती थी। भय होता, कहीं पड़ोसिनें यह न कहने लगें कि इतने में उबल पड़ीं। प्यास से स्वयं कंठ सूख रहा था। गर्मी के मारे फुंकी जाती थी, परन्तु इतना अवकाश भी नहीं था कि जरा पानी पी ले अथवा पंखा लेकर झले।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**यो ध्रुवाणि परित्यज्य अध्रुवं परिषेवते।**
**ध्रुवाणि तस्य नश्यन्ति चाध्रुवं नष्टमेव हि॥**

जो मनुष्य निश्चित यानी सही को छोड़कर अनिश्चित यानी गलत का सहारा लेता है, उसका सही भी नष्ट हो जाता है। इसलिए जब भी कोई निर्णय लें तो सही और गलत की परख अवश्य करें।

♦♦♦

# आर्थिक महाशक्ति बनने के लिए ज़रूरी है 'रेअर अर्थ' में आत्मनिर्भरता



– हरीश शिवनानी

पूरी दुनिया का ध्यान इस समय जब ईरान-इज़राइल और गाजा संघर्षों में उलझा है, इसी दौर में भारत,अमेरिका सहित अनेक देश एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे पर उलझे हैं। यह मुद्दा है धरती के गर्भ में पाए जाने वाले उन 17 दुर्लभ खनिजों का, जिनके बगैर ऑटोमोबाइल और सैन्य-रक्षा सहित विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों का निर्माण संभव नहीं। पिछले कुछ महीनों में हालात ज़्यादा विकट होने लगे हैं। 'रेअर अर्थ' की श्रेणी में आने वाले दुर्लभ खनिज केवल वाणिज्यिक, औद्योगिक संसाधन मात्र नहीं हैं, ये तकनीकी संप्रभुता, रक्षा तैयारियों और भविष्य की औद्योगिक, आर्थिक व सैन्य महाशक्ति बनने की संभावनाओं की नींव हैं। इनमें भी रेअर अर्थ मैग्नेट खासा महत्वपूर्ण है। रेअर अर्थ मेटल 17 धातु तत्वों का एक समूह है, जिसमें 15 लैंथेनाइड्स धातुओं के अलावा स्कैंडियम और यिट्रियम शामिल हैं। इनमें चुंबकीय, ल्यूमिनसेंट और इलेक्ट्रोकेमिकल के विशेष गुण होते हैं, जिनका उपयोग आधुनिक उच्च तकनीक उद्योग में किया जाता है। स्मार्टफोन, लैपटॉप और इलेक्ट्रिक वाहन बनाने के साथ मिसाइल, राडार और अत्याधुनिक हथियार बनाने के लिए ये 'अनिवार्य तत्व' हैं। रेअर अर्थ मैग्नेट सामान्य आयरन मैग्नेट से 20 गुना अधिक ताकतवर होता है और कारों तथा कई अन्य उपकरणों में लगने वाली इलेक्ट्रिक मोटरों को बनाने के लिए ज़रूरी है।

यूएस भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण डेटा पर आधारित एक नये ग्लोबल मैप के मुताबिक यों तो कई देशों में इन दुर्लभ तत्वों के भंडार हैं लेकिन सर्वाधिक चीन में 44 मिलियन मीट्रिक टन भंडार है। चीन के बाद अफ्रीका, मोरक्को और दक्षिण अफ्रीका,चिली, ब्राजील, यूक्रेन और ग्रीनलैंड में दुर्लभ अर्थ मेटल्स विशाल भंडार हैं। दिक्कत यह है कि इन देशों में इसकी खुदाई और प्रोसेसिंग बहुत महंगी है। इससे भारी मात्रा में प्रदूषण भी निकलता है। इन सब में चीन के पास ही इनकी प्रोसेसिंग की क्षमता है। वर्तमान में दुलर्भ पृथ्वी धातुओं का 61 प्रतिशत भंडार चीन में है और पूरी दुनिया में 90 फीसदी वही निर्यात करता है। इन तत्वों को एक-दूसरे से अलग करना बेहद जटिल है। इसीलिए इन्हें 'रेअर' माना जाता है। रेअर अर्थ की वैश्विक सप्लाई चेन में चीन का दबदबा है। आधुनिक इंडस्ट्री में इनका महत्व यों समझा जा सकता है कि चीन ने जब अप्रैल में रेअर अर्थ मैग्नेट समेत छह तरह के बहुमूल्य धातुओं के निर्यात पर रोक लगाने का फैसला किया तो वैश्विक कंपनियों में खलबली मच गई और ऑटोमोबाइल उद्योग को विशेष रूप से झटका लगा क्योंकि इलेक्ट्रिक वाहनों में इस्तेमाल होने वाले शक्तिशाली इंजन मैग्नेट नियोडिमियम से बनते हैं। भारत में भी टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज मोटर्स दबाव में आ गए। सुजूकी कंपनी को अपनी स्विफ्ट कार का निर्माण कुछ समय के लिए स्थगित करना पड़ा। ऐसा नहीं है कि भारत में ये दुर्लभ तत्व नहीं मिलते; भारत के पास तो विश्व में पांचवां सबसे बड़ा दुर्लभ खनिज भंडार है– करीब 6.9 मिलियन मीट्रिक टन। दुनिया में भारत की हिस्सेदारी छह फीसदी है। इनमें केरल में थोरियम सैंड के अलावा आंध्रप्रदेश, ओडिशा, राजस्थान में भी इसके भंडार हैं ; लेकिन दुनिया भर की आपूर्ति का भारत में महज एक प्रतिशत हिस्सा ही उत्पादित होता है। इन खनिजों की तलाश, खदान का काम अब तक मोटे तौर पर सरकार के जिम्मे रहा है। ब्यूरो आफ माइंस और परमाणु ऊर्जा विभाग ये काम करते रहे हैं। खनन और शोधन का काम 'इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड' के पास रहा है लेकिन यह विडंबना है कि भारत अभी ऐसी तकनीक, मैकेनिज़्म नहीं खड़ा कर पाया है जो इन खनिजों से मैग्नेट बनाकर खुद की ज़रूरतें पूरी कर सके। भारत में जितने भी दुर्लभ अर्थ मैग्नेट उपयोग में आते हैं, वे अधिकतर चीन से आयात किए जाते हैं। वर्ष 2023-24 में भारत ने 2270 टन और पिछले वित्तीय वर्ष में करीब 53,748 मीट्रिक टन मैग्नेट आयात किए। इनका करीब अस्सी फीसदी चीन से ही आयात हुआ। इस हालात को देखते हुए भारत ने अपने दुर्लभ खनिजों को रणनीतिक संपत्ति की तरह देखना शुरू कर दिया है। इसी रणनीति के चलते भारत ने पिछले 13 वर्षों से जापान के साथ चल रहे समझौते को निलंबित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिसके तहत 'इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड' द्वारा खनन किए गए दुर्लभ खनिज, विशेषकर नियोडिमियम जापान भेजे जाते थे, लेकिन भारत ने तय किया है कि वह अपने घरेलू उद्योगों की ज़रूरतों को प्राथमिकता देगा और चीन पर निर्भरता कम करेगा। इसी उद्देश्य के साथ 'इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड' ने सरकार से घरेलू स्तर पर प्रसंस्करण और रिफाइनिंग की क्षमता विकसित करने के लिए चार नए खदानों की मंजूरी मांगी है। कंपनी ने ओडिशा में एक एक्सट्रैक्शन प्लांट और इसी रणनीति के तहत एक रिफाइनिंग यूनिट भी स्थापित की गई है। राजस्थान के जोधपुर संभाग के बालोतरा क्षेत्र की सिवाना और आसपास की पहाड़ियों में इन दुर्लभ खनिजों की मौजूदगी पर केंद्र सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग की आधिकारिक पुष्टि के बाद जोधपुर में 'रेअर अर्थ एक्सीलेंस सेंटर' बनाने का प्रस्ताव भी सरकार के पास है। बालोतरा में 1 लाख 11 हजार 845 टन दुर्लभ मृदा तत्व ऑक्साइड मिलने की संभावना है। भारत का लक्ष्य है कि 2026 तक वह 450 मीट्रिक टन नियोडिमियम का उत्पादन करे और 2030 तक इसे दोगुना कर दे। भारत को वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने के लिए यह अब अनिवार्य हो गया है कि दुर्लभ तत्वों की तकनीक में अपने धुर प्रतिद्वंद्वी देश पर निर्भरता को घटाते हुए आत्मनिर्भरता के प्रयास किए जाएं।



## प्रेरक प्रसंग — अहंकार

बहुत समय पहले की बात है। एक गांव में एक मूर्तिकार (मूर्ति बनाने वाला) रहता था। वह ऐसी मूर्तियां बनता था, जिन्हें देख कर हर किसी को मूर्तियों के जीवित होने का भ्रम हो जाता था। आस-पास के सभी गांव में उसकी प्रसिद्धि थी, लोग उसकी मूर्तिकला के कायल थे। इसीलिए उस मूर्तिकार को अपनी कला पर बड़ा घमंड था। जीवन के सफर में एक वक्ता ऐसा भी आया जब उसे लगने लगा कि अब उसकी मृत्यु होने वाली है, वह ज्यादा समय तक जीवित नहीं रह पाएगा। उसे जब लगा कि जल्दी ही उसकी मृत्यु होने वाली है तो वह परेशानी में पड़ गया। यमदूतों को भ्रमित करने के लिए उसने एक योजना बनाई। उसने हुबहू अपने जैसी दस मूर्तियां बनाई और खुद उन मूर्तियों के बीच जा कर बैठ गया।

यमदूत जब उसे लेने आए तो एक जैसी ग्यारह आकृतियों को देखकर दंग रह गए। वे पहचान नहीं कर पा रहे थे कि उन मूर्तियों में से असली मनुष्य कौन है। वे सोचने लगे अब क्या किया जाए। अगर मूर्तिकार के प्राण नहीं ले सके तो सृष्टि का नियम टूट जाएगा और सत्य परखने के लिए मूर्तियों को तोड़ा गया तो कला का अपमान हो जाएगा। अचानक एक यमदूत को मानव स्वाभाव के सबसे बड़े दुर्गुण अहंकार को परखने का विचार आया। उसने मूर्तियों को देखते हुए कहा, कितनी सुन्दर मूर्तियां बनी हैं, लेकिन मूर्तियों में एक त्रुटी है। काश मूर्ति बनाने वाला मेरे सामने होता, तो मैं उसे बताता मूर्ति बनाने में क्या गलती हुई है। यह सुनकर मूर्तिकार का अहंकार जाग उठा, उसने सोचा, मेने अपना पूरा जीवन मूर्तियां बनाने में समर्पित कर दिया, भला मेरी मूर्तियों में क्या गलती हो सकती है? वह बोल उठा कैसी त्रुटी झट से यमदूत ने उसे पकड़ लिया और कहा बस यही गलती कर गए तुम अपने अहंकार में कि बेजान मूर्तियां बोला नहीं करती।

इस कहानी की शिक्षा यही है कि अहंकार ने हमेशा इन्सान को परेशानी और दुःख के सिवा कुछ नहीं दिया।

## आपका पत्र मिला

### आधुनिक समय और योग की महत्ता

भारत सहित पूरी दुनिया में योग दिवस बड़े उल्लास उत्तम स्वास्थ्य की आकांक्षा के साथ मनाया गया। यह स्वाभाविक भी है। योग आज की अवधारणा नहीं बल्कि शताब्दियों पहले इसे हमारे मनीषियों ने प्रतिपादित किया था। यह ऐसी चीज है जिसका विकल्प आज तक नहीं ढूंढा जा सका है। आधुनिक अंग्रेजी चिकित्सा पद्धतियां जीवन की सुरक्षा का दावा भले ही करें लेकिन अब कई असाध्य बीमारियां ऐसी भी हैं जिनको ठीक कर पाना अभी भी उनके बस में नहीं है। जबकि हमारी योग पद्धति को यदि जीवन के आरंभिक दिनों से ही अपना लिया जाए तो बीमारियां होने का काफी सीमा तक प्रश्न ही नहीं उठता। यह अपने आप में चमत्कारिक है। यह भी आश्चर्य की बात है कि हमारे मनीषियों ने इस क्रिया को शारीरिक मुद्राओं के आसनों में ही खोजा जो पूरे शरीर के प्रत्येक हिस्से को स्वस्थ रखने में पूरी तरह सफल रहा है। वास्तव में प्रकृति पर आधारित कोई भी सिद्धांत और उससे प्रतिपादित की गई क्रिया का आज भी कोई जवाब नहीं है जो उसी तरह से कारगर हो सके, जिसमें किसी तरह की कमी या दोष न हो। यह अच्छी बात है कि लंबे समय तक अपनी इस अनमोल विरासत को विस्मृत रखने के बाद भारतीयों का इसके प्रति रुझान जागा ही नहीं, बल्कि और अधिक पुष्ट हुआ है। लेकिन यह भी ध्यान रखा जाना चाहिए कि योग की क्रिया किसी विशेष अवसर के लिए ही नहीं होती बल्कि वास्तविक लाभ प्राप्त करने के लिए इसका सतत अभ्यास आवश्यक है क्योंकि तभी हमारी शारीरिक संरचना उसके अनुकूल और अनुरूप बन सकेगी। तभी यह सही अर्थों में उपयोगी भी होगा। केवल प्रचार के उद्देश्य से योग की क्रिया का प्रदर्शन किसी भी दृष्टि से लाभकारी नहीं होगा। इसलिए आवश्यक है कि अपने जीवन में यौगिक क्रियाओं की निरंतरता को बनाए रखा जाए।

**मालविका गोस्वामी**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

# क्या म्यूजिक थेरेपी कर सकती है डिप्रेशन का इलाज?

## ध्वनि और संगीत कैसे हील करते हैं आपका मन



आज की भागदौड़ और अत्यधिक दबाव वाली जिंदगी में, जहां हर कोई अपने काम और चुनौतियों में उलझा है, डिप्रेशन और तनाव जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। इनसे निपटने के लिए अक्सर लोग दवाइयों और पेशेवर थेरेपी का सहारा लेते हैं, जो निश्चित रूप से प्रभावी होती हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि हमारे आसपास ही एक ऐसा प्राकृतिक माध्यम मौजूद है जो इन चुनौतियों से उबरने में मदद कर सकता है? हम बात कर रहे हैं म्यूजिक थेरेपी की। यह एक ऐसा अद्भुत विज्ञान है जिसमें संगीत और ध्वनि का उपयोग करके व्यक्ति को मानसिक, भावनात्मक और यहां तक कि शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए किया जाता है। म्यूजिक थेरेपी न केवल तनाव को कम करने में सहायक है, बल्कि यह डिप्रेशन के इलाज में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आइए इस लेख में जानते हैं कि कैसे संगीत की यह शक्ति हमें मानसिक शांति और बेहतर जीवन की ओर ले जा सकती है।

**म्यूजिक थेरेपी क्या है?**

म्यूजिक थेरेपी एक वैज्ञानिक और संरचित प्रक्रिया है, जिसमें प्रशिक्षित थेरेपिस्ट संगीत, ध्वनि, और लय का उपयोग करके व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को सुधारते हैं। इसमें गाने सुनना, गाना गाना, वाद्य यंत्र बजाना, या संगीत रचना शामिल हो सकता है। यह थेरेपी मस्तिष्क के उन हिस्सों को सक्रिय करती है, जो भावनाओं, स्मृति, और तनाव प्रबंधन से जुड़े होते हैं।

**डिप्रेशन में कैस मदद करती है?**

वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार, संगीत मस्तिष्क में डोपामाइन और सेरोटोनिन जैसे खुशी के हार्मोन को बढ़ाता है, जो डिप्रेशन के लक्षणों को कम करते हैं। धीमें और ठहराव वाले धुन तनाव हार्मोन कोर्टिसोल को कम करती हैं, जिससे चिंता और बेचैनी से राहत मिलती है। उदाहरण के लिए, शास्त्रीय संगीत, भक्ति भजन, या प्रकृति की ध्वनियां (जैसे बारिश या पक्षियों की चहचहाहट) मन को शांत करती हैं। वहीं, उत्साहपूर्ण संगीत ऊर्जा और प्रेरणा बढ़ाता है।

**म्यूजिक थेरेपी के लाभ**

म्यूजिक थेरेपी मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए कई लाभ प्रदान करती है। यह भावनाओं को व्यक्त करने का एक शक्तिशाली माध्यम है, जिससे दबी हुई भावनाएं बाहर आती हैं और मन हल्का होता है। शोध बताते हैं कि 20-30 मिनट का म्यूजिक थेरेपी सत्र तनाव और चिंता को 50त्न तक कम कर सकता है। डिप्रेशन में नींद की कमी को दूर करने के लिए शांत संगीत सुनने से गहरी नींद आती है। इसके अलावा, वाद्य यंत्र बजाना या गाना गाने से आत्मविश्वास बढ़ता है और जीवन में सकारात्मकता व प्रेरणा का संचार होता है।

**कैसे शुरू करें?**

म्यूजिक थेरेपी शुरू करने के लिए आपको किसी प्रशिक्षित म्यूजिक थेरेपिस्ट की मदद लेनी चाहिए। वे आपकी मानसिक स्थिति के अनुसार संगीत का चयन करते हैं। घर पर भी आप शास्त्रीय संगीत, ध्यान संगीत, या अपने पसंदीदा गाने सुन सकते हैं। रोजाना 15-30 मिनट शांत जगह पर संगीत सुनें, गहरी सांस लें, और भावनाओं को महसूस करें। बांसुरी, सितार, या पियानो की धुनें विशेष रूप से प्रभावी होती हैं।



# क्या होगा अगर आप एक महीने तक चाय न पीएं?

चाय आजकल हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन गई है, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि अगर आप एक महीने तक चाय पीना छोड़ दें तो आपके शरीर पर क्या असर होगा? आइए, जानते हैं कि चाय को छोड़ने से आपकी सेहत पर क्या सकारात्मक प्रभाव पड़ सकते हैं।



**नींद में सुधार**

चाय में कैफीन की अधिक मात्रा होने के कारण यह हमारी नींद में खलल डालती है। विशेष रूप से रात को सोने से पहले चाय पीने से शरीर में कैफीन का स्तर बढ़ जाता है, जिससे नींद में रुकावट आती है और गहरी नींद मिलना मुश्किल हो जाता है। चाय को छोड़ने से शरीर में कैफीन की मात्रा घटती है, जिससे आपकी नींद में सुधार होता है। जब आप चाय नहीं पीते हैं, तो आपका शरीर ज्यादा रिलैक्स होता है और आप आसानी से सो सकते हैं। इससे नींद की गुणवत्ता में भी सुधार होता है और आपको ताजगी का अहसास होता है। चाय छोड़ने से रात की नींद और दिनभर की ऊर्जा में फर्क साफ महसूस किया जा सकता है।

**चिंता और तनाव में कमी**

चाय में मौजूद कैफीन हमारे मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है और चिंता, तनाव, और घबराहट की स्थिति पैदा कर सकता है। यह चिंता को और बढ़ा देता है, जिससे मन में बेचैनी और दबाव महसूस होता है। जब आप चाय छोड़ते हैं, तो शरीर से कैफीन की अधिकता कम हो जाती है, और इससे आपका मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। आप खुद को ज्यादा शांत और संतुलित महसूस करते हैं। इसके अलावा, आप नकारात्मक विचारों से बचने में सक्षम होते हैं और एक सामान्य मानसिक स्थिति में रहते हैं। यह मानसिक स्थिरता और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता को बढ़ाता है।

**पाचन तंत्र में सुधार**

चाय में मौजूद टैनिन नामक तत्व पाचन क्रिया को प्रभावित करता है और यह कब्ज जैसी समस्याओं को जन्म दे सकता है। जब आप चाय पीते हैं, तो टैनिन पेट में एसिड का स्तर बढ़ा सकता है, जिससे पाचन तंत्र सही से काम नहीं करता। चाय छोड़ने से पाचन में सुधार होता है और आपके शरीर को आसानी से भोजन को पचाने में मदद मिलती है। इसके अलावा, कब्ज और अपच जैसी समस्याओं से राहत मिलती है, जिससे आपको बेहतर पाचन और स्वस्थ आंतरिक तंत्र मिलता है। साथ ही, चाय को छोड़ने से आप अधिक हल्के और ऊर्जावान महसूस करते हैं।

**अधिक ऊर्जा महसूस करना**

चाय में मौजूद कैफीन से तात्कालिक ऊर्जा मिलती है, लेकिन यह शरीर के लिए आदत बन जाती है और समय के साथ आपकी ऊर्जा का स्तर गिर सकता है। जब आप चाय छोड़ते हैं, तो आपका शरीर प्राकृतिक रूप से ऊर्जा उत्पन्न करता है, और आपको अधिक ताजगी और जोश महसूस होता है। बिना चाय के शरीर में थकान कम होती है और आपका मनोबल भी उच्च रहता है। आप बिना किसी कैफीन के सहारे खुद को सक्रिय और ऊर्जावान महसूस करते हैं, जिससे आपकी कार्यक्षमता भी बेहतर होती है। चाय छोड़ने से यह आत्मविश्वास और उत्साहीता को बढ़ावा मिलता है।

**वजन घटाने में मदद**

चाय में जब शक्कर मिलाई जाती है, तो यह एक उच्च कैलोरी स्रोत बन जाता है, जो वजन बढ़ने का कारण बन सकता है। खासकर अगर आप चाय में ज्यादा चीनी डालते हैं, तो यह शरीर में अतिरिक्त कैलोरी का संचय कर सकता है, जिससे वजन बढ़ सकता है। चाय छोड़ने से आप इन अतिरिक्त कैलोरीज़ से बच सकते हैं और वजन घटाने में मदद मिलती है। इसके अलावा, चाय के बिना शरीर को ज्यादा पानी और पोषण मिलता है, जो वजन घटाने के प्रयासों को और भी प्रभावी बनाता है। चाय छोड़ने से शरीर में प्राकृतिक रूप से मेटाबोलिज्म बढ़ता है और कैलोरी बर्न होने में मदद मिलती है।

# गर्मियों में ऐसे दूर भगाएं थकान और दर्द

गर्मी का मौसम में अक्सर तेज धूप और अधिक तापमान की वजह से डिहाइड्रेशन जैसी समस्याएं होती हैं। इसके साथ ही, बहुत से लोग दोपहर की थकान और सिरदर्द जैसी समस्या से भी जूझते हैं। यह दर्द न केवल आपको असहज करता है, बल्कि प्रोडक्टिवीटी और रोजमर्रा की जिंदगी पर भी नकारात्मक असर डालता है। दरअसल, गर्मी के दिनों में दिनों में सिरदर्द के कई कारण हो सकते हैं, लेकिन उनमें से एक मुख्य कारण गर्मी का प्रभाव और उसमें होने वाली लापरवाही है। अक्सर लोग जब दोपहर सिर में भारीपन महसूस होता है,

तो तुरंत दवा लेना एक आसान विकल्प समझते हैं। लेकिन, क्या हर बार दवा खाना ही एकमात्र समाधान है? अच्छी बात यह है कि ऐसा नहीं है। भले ही दवाएं तात्कालिक राहत देती हों, लेकिन वे अक्सर अपने साथ कुछ साइड इफेक्ट्स भी लाती हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक आप इस स्थिति से बचने के लिए कुछ आसान उपाय अपना सकते हैं, जो किफायती होने के साथ बेहद कारगर और सुरक्षित भी हैं। ये उपाय बिना किसी साइड इफेक्ट के आपके शरीर को अंदर से ठंडा रखने और सिरदर्द से मुक्ति दिलाने में मदद करते हैं। आइए, इस लेख में ऐसे ही कुछ प्राकृतिक तरीकों के बारे में विस्तार से जानते हैं।



**पर्याप्त पानी और हाइड्रेशन**

डिहाइड्रेशन गर्मियों में सिरदर्द का सबसे बड़ा कारण है। पानी की कमी से मस्तिष्क को ऑक्सीजन कम मिलती है, जिससे दर्द और थकान होती है।

रोजाना 2.5-3 लीटर पानी पिएं। नारियल पानी, नींबू पानी, या छाछ जैसे इलेक्ट्रोलाइट युक्त पेय हाइड्रेशन बनाए रखते हैं। छोटे-छोटे घूंटों में पानी पीने की आदत बनाएं।

**अचानक तापमान बदलाव से बचें**

गर्मी से सीधे ठंडे एसी कमरे में जाना या ठंडे से गर्म वातावरण में अचानक जाना सिरदर्द का कारण बन सकता है। तापमान का यह अचानक बदलाव संवेदनशील लोगों में माइग्रेन को ट्रिगर कर सकता है। इससे बचने के लिए, तापमान को धीरे-धीरे समायोजित करें। बाहर से आने पर कुछ देर सामान्य तापमान में रुकें और शरीर को वातावरण के अनुकूल होने दें।

किसी भी अलग तापमान वाले माहौल में जाने से पहले थोड़ा समय लें। साथ ही, इस बात का ध्यान रखें कि अगर आप दोपहर में गर्मी से घर आए हैं, तो तुरंत ठंडा पानी न पिएं। कुछ देर सामान्य तापमान में रुकने के बाद ही पानी पिएं।

**हल्का और पौष्टिक आहार**

गर्मियों में भारी और तला-भुना खाना सिरदर्द को बढ़ा सकता है। तरबूज, खीरा, दही, और हरी सब्जियां जैसे ठंडे और हाइड्रेटिंग खाद्य पदार्थ खाएं। समय पर भोजन करें, क्योंकि अनियमित खानपान ब्लड शुगर के स्तर को प्रभावित करता है, जो सिरदर्द का कारण बन सकता है। कैफीन और चीनी का अधिक सेवन न करें। अदरक की चाय या नींबू-पानी में शहद मिलाकर पीना ताजगी देता है।

**गर्मी में भी अच्छी नींद लें**

गर्मी में नींद की कमी सिरदर्द और थकान को बढ़ाती है। रात में 7-8 घंटे की गहरी नींद लें। गर्मी से बचने के लिए हल्के सूती बिस्तर, पंखा, या ठंडा कमरा सुनिश्चित करें। सोने से पहले गुनगुना पानी पिएं और स्क्रीन टाइम कम करें। दोपहर में 15-20 मिनट की पावर नैप लें, इससे थकान दूर होती है।

# क्या रोज चावल खाने से शरीर का फैट बढ़ता है?

चावल भारतीय भोजन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जिसके बिना भारतीय भोजन की कल्पना करना थोड़ा कठिन है। देश के लगभग हर कोने में, यह रोजमर्रा के आहार का एक अभिन्न हिस्सा है, चाहे वो गरमागरम दाल-चावल हो या स्वादिष्ट बिरयानी। हालांकि, पिछले कुछ समय से यह धारणा तेजी से फैली है कि रोज चावल खाने से शरीर का वजन और फैट बढ़ता है, जिसकी वजह से बहुत से लोग चावल को अपनी डाइट से पूरी तरह बाहर कर रहे हैं।

**चावल और पोषण** - चावल कार्बोहाइड्रेट का प्रमुख स्रोत है, जो शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है। 100 ग्राम सफेद चावल में 130 किलोकैलोरी, 2.7 ग्राम प्रोटीन, 28 ग्राम कार्बोहाइड्रेट और 0.3 ग्राम फैट होती है। देखा जाए तो इसमें फैट की मात्रा बहुत कम है। वहीं ब्राउन राइस में फाइबर, मैग्नीशियम, और विटामिन बी अधिक होते हैं, जिससे यह सफेद चावल की तुलना में स्वास्थ्यवर्धक माना जाता है।

**क्या चावल फैट बढ़ाता है?**-विशेषज्ञों के अनुसार, चावल अपने आप में फैट नहीं बढ़ाता। वजन बढ़ने का कारण कुल कैलोरी की मात्रा और जीवनशैली पर निर्भर करता है। अगर आप अपनी दैनिक कैलोरी जरूरत से ज्यादा खाते हैं, चाहे वह चावल हो या कोई अन्य भोजन, तो अतिरिक्त कैलोरी फैट के रूप में जमा हो सकती है। चावल को तेल, घी, या भारी ग्रेवी के साथ खाने से कैलोरी बढ़ती है, जो वजन बढ़ाने का कारण बन सकता है।

# ये एक आदत 35% तक बढ़ा सकती है आंतों में सूजन का खतरा

खानपान की गड़बड़ी को सेहत के लिए कई प्रकार से नुकसानदायक माना जाता रहा है। डॉक्टर कहते हैं, यदि हम सभी कम उम्र से ही आहार में सुधार पर ध्यान दे लें तो कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से बचे रह सकते हैं। जिन चीजों को स्वास्थ्य के लिए सबसे हानिकारक माना जाता है, फास्ट फूड्स खाना उनमें से एक है। सड़क किनारे या मार्केट में लगे स्टॉल व दुकानों पर बन रहे फास्ट फूड का स्वाद यदि आप भी अक्सर लेते रहते हैं तो सावधान हो जाएं। फास्ट फूड आपके पाचन तंत्र के लिए बेहद नुकसानदेह साबित हो रहे हैं। पेट दर्द (डायरिया) से लेकर आंतों से सूजन जैसे बढ़ती कई समस्याओं के लिए इसे प्रमुख कारण के रूप में देखा जा रहा है। दिल्ली स्थित अस्पतालों से प्राप्त हो रही जानकारियों के मुताबिक ओपीडी में रोज पेट की समस्या की शिकायत लेकर मरीज पहुंच रहे हैं। इनमें सबसे ज्यादा 12 से 25 वर्ष की आयु के मरीज होते हैं। समस्या के निदान के दौरान पेट की दिक्कतों के लिए ज्यादातर लोगों में फास्ट फूड के सेवन को प्रमुख माना जा रहा है।



**फास्ट फूड के कारण बढ़ती आंतों की समस्याएं**- आजकल फास्ट फूड खाने का प्रचलन बढ़ा है। बच्चे, महिला या बुजुर्ग सभी लोग सेहत को अनदेखा कर इसका बड़े शौक के साथ सेवन कर रहे हैं, पर क्या आप जानते हैं कि फास्ट फूड्स धीरे-धीरे आपको आंतों को सुजा रहे हैं? आंतों में सूजन यानी गट इंफ्लेमेशन तब होती है जब हमारी पाचन नली की अंदरूनी दीवारों में जलन, दर्द, लालिमा या सूजन आने लगती है। यह स्थिति कई बार इन्फ्लेमेटरी बाउल डिजीज (आईबीडी) क्रोहन डिजीज या अल्सरेटिव कोलाइटिस जैसी गंभीर बीमारियों में बदल सकती है। इसकी एक बहुत बड़ी वजह है, हमारा खानपान, खासतौर पर फास्ट फूड्स का बढ़ता चलन।

**क्या कहते हैं डॉक्टर?**

डॉ. कहते हैं, फास्ट फूड का सेवन करने से आंतों में सूजन की शिकायत लेकर रोजाना 8 से 10 मरीज जिम्स में पहुंच रहे हैं। लोगों को डायरिया से बचने के लिए नशा, वसा की चीजें व बार बार एक ही तेल में तली-भुनी चीजें खाने से बचना चाहिए। फास्ट फूड में आमतौर पर अधिक वसा, नमक और चीनी होती है, जो पाचन तंत्र को परेशान कर सकती हैं और पेट दर्द, सूजन, गैस और अपच जैसी समस्याएं पैदा कर सकती है।

**आंतों से जुड़ी सूजन संबंधी बीमारियां**-कई अध्ययन भी बताते हैं कि फास्ट फूड्स से आंतों का काफी नुकसान हो रहा है। बीएमजे जर्नस में छपी रिपोर्ट के अनुसार, जो लोग हफ्ते में 3 बार से ज्यादा प्रोसेस्ड या फास्ट फूड खाते हैं, उनमें आंतों से जुड़ी सूजन संबंधी बीमारियों का खतरा 35त्न तक बढ़ जाता है।फास्ट फूड्स में मौजूद हाई फैट, शुगर और एडिटिव्स (जैसे प्रिजर्वेटिव्स और इमल्सिफायर्स) गट बैक्टीरिया को असंतुलित करते हैं, जिससे गट माइक्रोबायोम गड़बड़ाता है और सूजन बढ़ती है। आंतों की सूजन शरीर की क्रॉनिक इनफ्लेमेशन को जन्म देती है, जिससे डायबिटीज, मोटापा और यहां तक कि डिप्रेशन तक हो सकता है।

**आहार को लेकर बरतें सावधानी**

साल 2024 में इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) की रिपोर्ट में बताया गया कि 20त्न युवा आंतों से जुड़ी बीमारियों से जूझ रहे हैं, जिसमें खानपान सबसे बड़ा कारण है। इस तरह की समस्या से बचे रहने के लिए सबसे जरूरी है कि आप घर का बना ताजा खाना खाएं जिसमें फाइबर की अधिकता हो। इसके अलावा आहार में प्रोबायोटिक वाली चीजें जैसे दही, छाछ, भी होनी चाहिए। आंतों और पेट की समस्याओं को कम करने के लिए ज्यादा नमक-चीनी और डीप फ्राइड चीजें कम से कम खाएं।

# क्या लगातार खांसी आते रहना भी हृदय रोगों का संकेत है?



हृदय स्वास्थ्य की समस्याएं दुनियाभर में तेजी से बढ़ती जा रही हैं, बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी इसका शिकार हो रहे हैं। ये मृत्यु का प्रमुख कारण भी है जिसको लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को सावधान करते रहे हैं। डॉक्टर्स कहते हैं, कम उम्र से ही अगर लाइफस्टाइल और खानपान को ठीक रख लिया जाए तो हृदय से संबंधित समस्याओं के जोखिमों को कम किया जा सकता है। हृदय रोग के लक्षणों और जोखिम कारकों पर ध्यान देते रहना, डॉक्टर से नियमित सलाह लेना जरूरी है, ये आपको हृदय से संबंधित समस्याओं से बचाए रखने में मददगार हो सकता है। क्या लगातार खांसी आते रहना भी हार्ट की समस्याओं का संकेत है? अगर ये सवाल आपके मन में भी है तो आइए इसका जवाब ढूंढने की कोशिश करते हैं।

## कब हो जाना चाहिए सावधान

**क्या आप भी लगातार खांसी से परेशान हैं?**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लगातार खांसी आते रहने की समस्या सिर्फ फेफड़े नहीं, दिल की बीमारियों के लिए भी जिम्मेदार हो सकती है, इसलिए इसे अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए।

आमतौर पर जब भी हमें खांसी होती है, तो हम इसे सर्दी-जुकाम, एलर्जी या फेफड़ों की समस्या मान लेते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि लगातार खांसी आना आपके दिल की किसी गंभीर बीमारी का इशारा भी हो सकता है? कई अध्ययन इस बात की तरफ इशारा करते हैं कि हृदय की कार्यक्षमता कमजोर होना और दिल में किसी बीमारी के विकसित होने के कारण भी कई लोगों में क्रॉनिक खांसी आने की समस्या देखी जाती रही है।



**इन संकेतों पर भी दीजिए ध्यान**

वहीं ब्रिटिश हार्ट फाउंडेशन ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया गया है कि यदि खांसी रात में बढ़े, लेटने पर ज्यादा होती हो या कफ के साथ खून आता हो तो आपको और भी सावधान हो जाना चाहिए। ये कंजेस्टिव हार्ट फेलियर या किसी अन्य गंभीर समस्या का भी संकेत हो सकता है। हृदय की समस्याओं से जुड़ी खांसी के कुछ खास संकेत होते हैं, ये रात में या लेटते वक्त बढ़ जाता है। खांसी के साथ सांस फूलना, खांसी के बाद में थकावट महसूस होना, खांसी के साथ छाती में दबाव या हल्का दर्द महसूस होते रहना हृदय से संबंधित समस्याओं का संकेत हो सकता है। ऐसी दिक्कतों में तुरंत डॉक्टर की सलाह लें।

**हर खांसी हृदय रोग का कारण ही नहीं**

डॉक्टर कहते हैं, हर बार लगातार खांसी होते रहना जरूरी नहीं है कि हृदय की समस्या से ही संबंधित है, ऐसी दिक्कतें टीबी में भी देखी जाती है। लेकिन अगर खांसी के साथ दिल से जुड़े अन्य लक्षण दिखाई दें, तो इसे नजरअंदाज करना खतरे से खाली नहीं है। दो हफ्ते से अधिक समय से आपको ये दिक्कत बनी हुई है तो डॉक्टर की सलाह जरूर ले लें।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ
## सोमवार, 23 जून 2025

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ आषाढ़ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, त्रयोदशी तिथौ सोम वासरे 22/20/ कृन्तिका नक्षत्रे 15/17/ धृति योग 13/17/ गर करणे 11/46/ वृष राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** भद्रा प्राराम्भ घं.22 मि.10 से। सोम प्रदोष व्रत। मास शिवरात्रि।

**मेष :** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति बखूबी करेंगे। शेयर्स सट्टा में अर्थ लाभ होगा। वाहन मकान का सुख मिलेगा। मित्रों सहयोग प्राप्त होगा।

**वृष :** वाद विवाद पर विजय प्राप्त होगी। कार्य व्यापार में सामान्य प्रगति होगी। नियमित दिनचर्या रहेगी। राजनेता का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुन :** प्रगति के नए अवसर मिलेंगे। सामाजिक कार्यों में विशेष रूचि रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। किसी मूल्यवान वस्तु के पानी से हर्ष होगा।

**कर्क :** नए लोगों से मेलजोल बढ़ेगा। कार्य क्षेत्र का विस्तार होगा। परिवार में तनाव रहेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**सिंह :** साझेदारी के व्यापार में हानि होगी। सत्परामर्श से लाभ होगा। अभाव गस्तता दूर होगी। व्यक्तित्व विकास होगा।

**कन्या :** शारीरिक अरोग्यता रहेगी। सत्कर्म की वृद्धि होगी। संतान चिंता रहेगी। शत्रु पख की प्रबलता रहेगी।

**तुला :** समारोह तथा गोष्ठियों में जाने का अवसर प्राप्त होगा। सत्तापक्ष से अनुकूल सहयोग प्राप्त होगा। ऋण लेने की स्थिति बनेगी।

**वृश्चिक :** राजकीय सम्मान लेने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। वाद-विवाद से दूर रहें। राज्य अधिकारी वर्ग से हानि होगी। यात्रा का योग है।

**धनु :** किसी सूचना से प्रसन्नता व भाग्य को नई दिशा मिलेगी। आर्थिक व्यय की पूर्ति के लिए सट्टा लॉटरी जैसे प्रयास उपयोगी होंगे।

**मकर :** किसी मित्र के आगमन की सूचना से मन प्रसन्न होगा। व्यवसाय की स्थिति सामान्य रहेगी। भाग्य से धन बढ़ेगा।

**कुंभ :** आर्थिक लेनदेन निपट सकेगा। विरोधी की ओर से परेशानी होगी। भाग्य से धन बढ़ेगा। मन में आशंका रहेंगी।

**मीन :** आर्थिक मामलों में जीवनसाथी से विवाद होगा।व्यापार व्यवसाय में हानि हो सकती है।बढ़ते व्यय से समस्याएं होंगी।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने पर 9 बकरियों सहित एक बछड़े की मौत

माधौगढ़(जालौन)। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज लगभग समय 2 बजे मौसम ने ऐसी करबट बदली और बादल की गड़गड़ाहट के साथ गांव के पास पेड़ के नीचे बधी बकरी और एक गाय के बच्चे को आकाशीय बिजली ने चपेट में ले लिया। जिसे 9 बकरियां और एक गाय का बच्चा चपेट में आ गया जिनकी मौके पर ही मौत हो गई।

# पुलिस अधीक्षक ने किया कोतवाली का औचक निरीक्षण

**0 घास और गंदगी को देखकर एसपी ने लगाई फटकार**

**जालौन।** पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोतवाली परिसर में खड़े कंडम वाहनों की नीलामी प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। इसके अलावा साफ सफाई और अन्य आवश्यक निर्देश दिए।

एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोतवाली परिसर में झाड़ियों, घास और गंदगी के ढेर देखकर एसपी ने नाराजगी जाहिर की और कहा कि ऐसे हालात पुलिसकर्मियों की कार्यक्षमता और स्वास्थ्य दोनों को प्रभावित करते हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि झाड़ियों की सफाई, कूड़े के निस्तारण और पूरे परिसर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए नियमित व्यवस्था लागू की जाए। कोतवाली परिसर में जलभराव की समस्या पर विशेष ध्यान दिया। कहा कि बरसात के दौरान पानी भरने की समस्या से न केवल परिसर की उपयोगिता प्रभावित होती है, बल्कि इससे संक्रमण और मच्छरों के पनपने का खतरा भी बढ़ जाता है। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां भी जलभराव की संभावना हो, वहां जल निकासी की उचित और स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। एसपी ने निरीक्षण के दौरान पाया कि कोतवाली परिसर में वर्षों से जब्त या खराब हालत में खड़े वाहन न केवल जगह घेर रहे हैं,



उरई : कोतवाली का निरीक्षण करते एसपी ।

बल्कि उनके कारण परिसर की साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि इन कंडम वाहनों की सूची तैयार कर नीलामी प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाए। इसके अलावा उन्होंने कार्यालय में रजिस्टरों का रख रखाव भी देख और आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर सीओ शैलेंद्र बाजपेई, इंस्पेक्टर क्राइम जगदंबा प्रसाद दुबे, चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक कल्लू प्रसाद, रमेश चंद्र यादव, अमर सिंह, निसार अहमद, अजयवीर सिहं, यादराम, सुरेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

# पीस कमेटी की मीटिंग में परम्पराओं के तहत मोहर्रम के जुलूस निकालने की बनी रणनीति



उरई : शांति समिति की बैठक में ताजियेदारों के साथ अधिकारी ।

**सोशल मीडिया में आपत्तिजनक कमेंट करने वालों पर होगी कठोर कार्यवाही**

**कालपी(जालौन)।** आगामी सप्ताह शुरू होने वाले रंज एवं गम के प्रतीक त्योहार मोहर्रम की तैयारियों को लेकर

रविवार को ताजियादारो की मौजूदगी में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर परंपरागत तरीके से ताजिया एवं अलम के जुलूसों निकालने की रणनीति बनाई गई।

कोतवाली कालपी के सभागार में दोपहर 3 बजे क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह की मौजूदगी में उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मौजूद ताजियेदारों से कार्यक्रम के सम्बन्ध में जानकारियां ली गई उपजिलाधिकारी ने कि कहा कि पुराने परंपरागत निर्धारित मार्गो से ताजियों का जुलूस निकाला जाए, किसी भी नई परंपरा को क़ायम न करें।

उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट न करें। शांति एवं सद्भावना से त्योहार को मनाकर कालपी की गौरवशाली परंपरा को कायम रखने में सभी लोग सहयोग करें।क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जायेंगे। नगर पालिका परिषद कालपी के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला ने बताया कि त्योहार के अवसर पर रोशनी तथा सफाई की समुचित व्यवस्था रखी जायेगी। बैठक का संचालन करते हुए अतिरिक्त निरीक्षक मोहम्मद अशरफ ने कहा कि जुलूस के रुट का भ्रमण किया जायेगा। अगर कोई समस्या पैदा होती है तो उसे प्राथमिकता से निपटाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि गड़बड़ी करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक विशाल भड़ाना, विद्युत विभाग के भूपेंद्र कुमार, रिंकू पोरवाल, भगवताचार्य राम श्याम महाराज, पूर्व पालिकाध्यक्ष कमर अहमद, शिव बालक सिंह, सुरेश वर्मा, हाजी हसीब मास्टर, ताजियेदारों हिदायत खान, मुन्ना खां, नत्थू खलीफा, जमील खान, इकबाल खान, सलीम अंसारी, पप्पू सभासद, दिनेश श्रीवास, तौहीद राईन, कपिल शुक्ला, निजाम खान आदि ताजियेदारों तथा आयोजको ने विचार व्यक्त किये।

# शिक्षक नियुक्ति में फर्जीवाड़े की डीएम से की शिकायत



उरई : समाधान दिवस में डीएम से शिकायत करते अरविंद दुबे ।

**-जांच के नाम पर खानापूर्ति कर रहे सक्षम अधिकारी**

**कोंच(जालौन)।** शिक्षक नियुक्ति को लेकर फर्जीबाड़े का मामला सामने आया है जिसमें कुटरचित अभिलेखों के द्वारा नियुक्ति पायी गयी है और जब इसकी शिकायत सक्षम अधिकारियों से की गयी तो उन्होंने भी निजी स्वार्थ के चलते जांच में रुचि न दिखाते हुए गोल मोल जांच आख्या लगा दी। जिससे कूट रचना करने बाले व्यक्ति के हौंसले बुलंद हैं।

मामला ग्राम हरदोई गूजर निवासी राज किशोर रिछारिया पुत्र स्व.हरीमोहन रिछारिया से जुड़ा हुआ है। जिनकी नियुक्ति मृतक आश्रित पर होना दिखाई गयी है जबकि मृतक आश्रित का लाभ राज किशोर को हरीमोहन रिछारिया की मृत्यु के 20 वर्ष बाद पहुंचाया गया है और यह लाभ कुटरचित दस्तावेजों के आधार पर पहुंचाया गया है क्योंकि स्व. हरीमोहन रिछारिया पुत्र ठाकुरदास बिकास खण्ड कोंच के ग्राम भदेवरा स्थित प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक पद पर नियुक्त थे ऐसा उनके परिवारीजनों का कहना है जबकि यह सच नहीं वह प्राथमिक विद्यालय में किसी भी पद पर तैनात ही नहीं रहे यह बिभाग का कहना है और उनकी मृत्यु के उपरांत उनकी पत्नी शांति देवी द्वारा मृतक आश्रित नोकरी के लिए दावा प्रार्थना पत्र बिभाग को नहीं दिया गया और 20 वर्ष बाद नियुक्ति की शासन द्वारा सहमति भी नहीं ली गयी जिन प्रपत्रों पर नियुक्ति की गयी है वह प्रपत्र बिभाग में भी उपलब्ध नहीं हैं। इतना ही नहीं नियुक्ति के समय राज किशोर के बड़े भाई प्रेम किशोर रिछारिया आयुर्वेदिक स्वास्थ्य बिभाग में सेवारत थे फिर भी किन कारणों के चलते राज किशोर को मृतक आश्रित का लाभ दिया गया ऐसे कई प्रकरण नियुक्ति में गम्भीर संदेह उतपन्न करते है जिनकी जांच के लिए मुहल्ला गोखले नगर निवासी अरविंद कुमार पुत्र श्री रमेश चन्द्र ने दिन शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में समाधान अधिकारी-जिलाधिकारी को शपथ पत्र सहित शिकायत देते हुए निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। उन्होंने यह भी बताया कि नोकरी के समय जो मृत्यु प्रमाणपत्र बिभाग द्वारा दर्शाया जा रहा है वह मृत्यु प्रमाणपत्र स्व.हरीमोहन रिछारिया का नहीं है और इस नियुक्ति में खास बात यह है कि जो व्यक्ति मृतक हुआ है और जो मृतक आश्रित का दावा करके नोकरी कर रहा है उसे यह भी पता नहीं है कि वह किस पद पर तैनात था वहीं राज किशोर-बेसिक शिक्षा बिभाग का प्रामाणिक कथन है कि स्व.हरीमोहन रिछारिया प्राथमिक विद्यालय भदेवरा में प्रधानाध्यापक पर नियुक्त थे इसके उपरांत पुनः सूचना का अधिकार से मांगी गई सूचना में उक्त लोगों ने स्व.हरीमोहन रिछारिया के सम्बन्ध में लिखा कि पत्राचार रजिस्ट्रर के अनुसाए हरीमोहन रिछारिया प्राथमिक विद्यालय भदेवरा में नियुक्त ही नही रहे अब देखना है कि जिलाधिकारी द्वारा निष्पक्ष जांच हेतु किसे निर्देशित किया जाता हैया फिर जांच की कमान स्वयं संभालने के लिए तैयार है।

## खबर एक नज़र

### योग दिवस सप्ताह में हुआ विशेष योग सत्र का आयोजन

**ललितपुर।** एस.डी.पी.एस. इंटरनेशनल स्कूल में चल रहे समर कैंप का सातवाँ दिन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। इसके साथ ही बच्चों ने बैडमिंटन सहित कई अन्य खेलों में भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय के चेयरमैन कमलेश चौधरी ने कहा कि एस.डी.पी.एस. इंटरनेशनल स्कूल का समर कैंप बच्चों के लिए एक सम्पूर्ण विकास का अवसर है, योग जैसी भारतीय परंपराओं को बच्चों से जोड़ना और उन्हें आधुनिक खेलों से परिचित कराना हमारा मुख्य उद्देश्य है योग और खेलों के माध्यम से बच्चे न केवल स्वस्थ रहते हैं बल्कि आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश सिन्हा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस केवल एक दिवस नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित और सकारात्मक बनाने की प्रेरणा है। समर कैंप का यह सातवाँ दिन विद्यार्थियों के लिए संतुलन, अनुशासन और आत्मविकास की दिशा में एक प्रेरणादायक अनुभव बना।

### एसपी ने किये दो निरीक्षक व आठ उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव

**ललितपुर।** कानून व्यवस्था को चुस्त-दुस्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मुहम्मद मुस्ताक ने दो निरीक्षक और आठ उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। निरीक्षक विनोद मिश्रा को थाना प्रभारी महरौनी से थाना प्रभारी पाली और निरीक्षक राजा दिनेश सिंह को थाना प्रभारी बार से थाना प्रभारी महरौनी बनाया गया है, इसी प्रकार उप निरीक्षक अजमेर सिंह को पुलिस लाइन से थानाध्यक्ष बार, उप निरीक्षक कुलदीप राणा को चौकी इंचार्ज बांसी से चौकी इंजार्ज कैलगुआ, उप निरीक्षक संजीव धामा को थाना कोतवाली से चौकी इंचार्ज चिकलौआ, उप निरीक्षक महाराज सिंह को थाना बानपुर से चौकी इंचार्ज अमझरा घाटी, उप निरीक्षक अभिषेक पवार को थाना तालबेहट से चौकी इंचार्ज बांसी, उप निरीक्षक दिनेश कुमार त्रिपाठी को चौकी इंचार्ज चिकलौआ से थाना मड़ावरा, उप निरीक्षक संत किशोर शुक्ला को चौकी इंचार्ज कैलगुआ से थाना मड़ावरा और उप निरीक्षक मूलचन्द्र को पुलिस लाइन से थाना जखौरा पर तैनात किया गया है। इन तबादला से उम्मीद जताई जा रही है कि जनपद की कानून व्यवस्था और चुस्त दुस्त होंगी।

### मिशन जनजीवन की परियोजना का निरीक्षण करने जनपद आएंगे प्रमुख सचिव नमामि गंगे

ललितपुर। जनपदवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए चलाई जा रही मिशन जल जीवन नमामि गंगे परियोजना का स्थलीय निरीक्षण करने एवं आ रही परेशानियों का समाधान करने के लिए प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव 25 जून को जनपद के दौरे पर पहुंचेंगे, जहां वह अधीनस्थ कर्मचारियों को परियोजना के संबंध में उचित दिशा निर्देश देंगे। कार्यक्रम के अनुसार जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत जनपद में संचालित परियोजनाओं की समीक्षा बैठक स्थल निरीक्षण हेतु प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव नमामि गंगे तथा ग्रामीण जल पूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश शासन 25 जून को जनपद पहुंचेंगे, जहां वह 25 जून को ही सुबह 10 बजे जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित की जा रही पेयजल परियोजनाओं की जानकारी जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे एवं उनका स्थलीय निरीक्षण भी करेंगे। इसके बाद वह रात्रि विश्राम विकासखंड तालबेहट के अंतर्गत माताटीला गेस्ट हाउस में करेंगे और 26 जून को समय 10 बजे जनपद से झांसी की तरफ प्रस्थान कर जाएंगे।

### रोजगार मेलें प्रशिक्षार्थी का हुआ चयन

ललितपुर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में प्लेसमेन्ट-डे का आयोजन किया गया। रोजगार मेला में 20 प्रशिक्षार्थी सम्मिलित हुये। रोजगार में विभिन्न कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा नियोजक के रूप में प्रशिक्षार्थियों का सेवायोजन हेतु साक्षात्कार लिया गया जिसमें कुल 15 प्रशिक्षार्थियों का चयन किया गया। जिसमें राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, ललितपुर के 6 प्रशिक्षार्थी, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, तालबेहट का 1 प्रशिक्षार्थी, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, महरौनी के 2 प्रशिक्षार्थी, व अन्य के 6 प्रशिक्षार्थी रोजगार हेतु चयनित हुये। कार्यक्रम के दौरान श्री अनूप कुमार नामेदव, कार्यदेशक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, ललितपुर ने अपने व्यक्तिगत अनुभव द्वारा आईटीआई के सम्बन्ध में प्रकाश डालते हुये प्रतिभाग कर रहे अभ्यर्थियों को बताया कि हुनरमन्द एवं अनुभव से युक्त योग्य एवं कुशल व्यक्ति को रोजगार से सम्बन्धित कठिनाइयों का सामना नही करना पड़ता है। एवं उन्होने स्वरोजगार पर बल देते हुये बताया कि अभ्यर्थी हुनरमन्द होते हुये स्वरोजगार को अपनाये एवं दूसरो को रोजगार देते हुये स्वावलम्बी बनें। प्रशिक्षार्थियों के भविष्य निर्माण के सम्बन्ध में मार्ग दर्शन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उक्त कार्यक्रम में चन्द्रभान प्रजापति, श्रीमति रजनीश श्रीवास्तव, अनुदेशक द्वारा रोजगार मेले को सफल बनानें में विशेष सहयोग रहा।

# उपेक्षित वर्गों की आवाज लेकर सांसद से मिले मानवाधिकार कार्यकर्ता

**-चंद्रशेखर आज़ाद बोले: अब यह लड़ाई मेरी भी है**

**उरई(जालौन)।**बुंदेलखंड के उपेक्षित और बंचित वर्गों की दशा-दुर्दशा की आवाज़ लेकर अखिल भारतीय मानवाधिकार संघ का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को नगीना से सांसद और आज़ाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आज़ाद से मिला। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप याज्ञिक के नेतृत्व में सांसद को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि किस तरह से आज भी ग्राम पंचायतों, नगर निकायों व अन्य संस्थाओं में चुने गए जनप्रतिनिधियों को उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि उपेक्षित वर्गों के साथ भेदभाव और तिरस्कार की स्थितियां आज भी बदस्तूर जारी हैं। इस दौरान शैलेन्द्र याज्ञिक ने कहा कि संगठन का उद्देश्य केवल समस्याएं गिनाना नहीं है, बल्कि



उरई : सांसद को ज्ञापन सौपते शैलेन्द्र प्रताप ।

सामाजिक न्याय, आर्थिक विकास, उच्च शिक्षा और सांस्कृतिक बदलाव के लिए काम करना है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड के कई क्षेत्रों में लोकतंत्र के नाम पर उपेक्षित वर्गों के साथ मजाक हो रहा है। प्रतिनिधिमंडल की बात सुनकर सांसद चंद्रशेखर आज़ाद भावुक हो उठे। उन्होंने कहा-अब यह लड़ाई मेरी भी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मुद्दे को वे संसद में भी पूरी मजबूती के साथ उठाएंगे और देश में कहीं भी सामाजिक अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर मोंटी यादव इमिलिया, शनि यादव, दीपू मोदी सहित कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सहकारिता विभाग ने बकाया जमा न करने पर बकायेदार को जेल भेजा

जालौन। सहकारिता विभाग के वसूली अभियान में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता जालौन विजय प्रकाश वर्मा एवं सचिव मुख्य कार्यपालक अधिकारी जालौन डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक लि. उरई भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में वसूली अभियान चलाया जा रहा है। सहाव सहकारी समिति के दो लाख से बड़े बकायेदार राम बाबू पुत्र मन्नी लाल निवासी ग्राम सहाव ने सहाव सहकारी समिति से 2014 में 1 लाख 93 हजार का ऋण लिया था। 2 लाख से ऊपर हुए ऋण का नोटिस व समय सीमा देने के बाद भी जमा नहीं किया था। ऋण जमा न करने पर 2 लाख से बड़े बकायेदार को गिरफ्तार कर लिया है तथा जेल भेज दिया गया।सहकारिता विभाग की इस कार्यवाही से बकायेदारों में खलबली है ।

## यमुना पुल पर अवैध बालू लदे पांच ओवरलोड ट्रकों को पकड़कर किया सीज



उरई : चैकिंग अभियान में एसडीएम, सीओ के साथ अन्य अधिकारी ।

कालपी(जालौन)। शासकीय विभागों अधिकारियों की संयुक्त टीम के द्वारा अवैध खनन के खिलाफ अभियान चलाया गया। चैकिंग के दौरान बिना प्रपत्रों के अवैध बालू के ओवरलोड 5 ट्रकों को परिवहन करते हुए पकड़ लिया कर सीज कर दिया।

बीती शाम को उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह,क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह ,कालपी पुलिस, राजस्व कर्मियों ने संयुक्त टीम ने कालपी के यमुना नदी पुल के समीप अवैध खनन के परिवहन तथा ओवरलोड के खिलाफ चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना खनिज प्रपत्रों के ओवरलोड मौरम लादे 5 ट्रको को परिवहन करते हुए पकड़ लिया। संयुक्त टीम के द्वारा अवैध खनन भरे सभी 5 ट्रकों को पकड़ कर सीज करने की कार्यवाही की गई।उपजिलाधिकारी को मुताबिक पकड़े गये सभी 5 वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में सीज कर गल्ला मंडी कालपी के परिसर में खड़ा करा दिया गया हैं। चैकिंग अभियान की खबर मिलते ही अवैध खनन चालकों में बेचौनी फैल गई।

# उच्च अधिकारियों के साथ यमुना नदी के किनारे निरीक्षण करते जवान

**कालपी(जालौन)।** भीषण बारिश तथा नदियों की बाढ़ से बचाव के लिए प्रशासन के द्वारा कवायद तेज कर दी गई है। उच्च अधिकारियों की मौजूदगी में एसडीआरएफ की टीम के जवानों के द्वारा यमुना नदी के तटवर्ती क्षेत्र का निरीक्षण कर माक ड्रिल की योजना बनाई गई।



उरई : एसडीआरएफटीम के साथ यमुना का निरीक्षण करते एसडीएम व सीओ ।

विदित हो कि यमुना नदी की बाढ़ की वजह से पिछले कई सालों से कालपी के कई मोहल्ले तथा गांव जलमग्न हो जाते हैं। ग्रामीणों को बाढ़ से बचाव के लिए जागरुक करने के लिए प्रशासन के द्वारा का इंतजाम किए जा रहे हैं। रविवार की दोपहर को उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह, तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी, अतिरिक्त निरीक्षक मुहम्मद अशरफ, नगर पालिका कालपी के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला आदि अधिकारियों ने लखनऊ से एसडीआरएफ टीम के जवानों के साथ कालपी नगर के यमुना नदी के किनारे किलाघाट, पीलाघाट, बाई घाट क्षेत्र का निरीक्षण किया।उपजिलाधिकारी ने बताया कि निरीक्षण करने का उद्देश्य एसडीआरएफ टीम के द्वारा निकट भविष्य में नागरिकों को रेक्स्यू आप्रेशन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यमुना नदी के किनारे बने पीलाघाट तथा बाई घाट के बीच एसडीआरएफकी टीम के जवानों के द्वारा मॉक ड्रिल कराकर बरसात तथा बाढ़ से बचाव करने के लिए नागरिकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। यह कार्यक्रम 26 जून को प्रस्तावित है। माक ड्रिल कार्यक्रम में जनपद स्तरीय उच्च प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी भी हिस्सा ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि माक ड्रिल को लेकर तैयारी की जा रही है।

# योग दिवस सप्ताह में संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**ललितपरु।** पहलवान गुरुदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय पनारी के प्रांगण में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह के उपलक्ष्य में प्रातः योगाभ्यास और संगोष्ठी का आयोजन किया गया। योगाभ्यास का प्रारंभ असिस्टेन्ट प्रोफेसर प्रकाश चन्द्र विश्वकर्मा ने विभिन्न योगासन क्रियाओं का अभ्यास कर किया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि केतन दुबे जिला समन्वयक नमामि गंगे ने कहा कि इस साल की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग को अमल में लाते हुए हर किसी को हर दिन योग को अपने जीवन में शामिल करना चाहिए, हर साल अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की इस थीम का उद्देश्य है कि लोग योग को केवल सार्वजनिक स्थानों तक ही सीमित न रखें, बल्कि इसे व्यक्तिगत दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।




डॉक्टर सौरभ यादव ने कहा कि योग शरीर, मन और आत्मा को जोड़ता है, योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन के हर पहलू को प्रभावित करता है, योग अच्छी या विपरीत हर एक परिस्थिति में खुद को बैलेंस रखने की एक वैज्ञानिक और आध्यात्मिक प्रक्रिया है। वैज्ञानिक भी मानते हैं कि योग करने से शरीर और मन की सेहत बेहतर होती है, योग ने महिलाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त किया है। कनक जनकल्याण समिति के अध्यक्ष जयेश बादल ने कहा कि योग हमें प्रकृति के साथ तालमेल बिठाना सिखाता है।

संगोष्ठी के अंत में आभार व्यक्त करते हुए पहलवान गुरुदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेश कुमार झां ने कहा कि हर साल 21 जून को पूरी दुनिया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाती है, यह सिर्फ एक तारीख या औपचारिक दिन नहीं है, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा की विश्व स्वीकृति का प्रतीक बन गया है, योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को संतुलन और शांति देने की एक कला है, इस दिन का उद्देश्य हैदृ सभी को योग के लाभों से जोड़ना और उन्हें स्वस्थ जीवन की दिशा में प्रेरित करना। इस अवसर पर उपप्राचार्य असिस्टेंट प्रोफेसर रामलाल रायकवार, डीएलएड विभागाध्यक्ष असिस्टेंट प्रोफेसर रामलखन यादव, वाणिज्य विभागाध्यक्ष असिस्टेंट प्रोफेसर प्रकाश खरे,असिस्टेंट प्रोफेसर सतीश सोनगिरकर, डॉक्टर घूमन अहिरवार, असिस्टेंट प्रोफेसर उत्कर्ष जैन एवं विभिन्न विभागों से छात्र छात्राऐं उपस्थित रहे।

## तहसील समाधान दिवस पर 34 शिकायत दर्ज मौके पर तीन का निस्तारण

**माधौगढ(जालौन)।** तहसील क्षेत्र में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 37 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से महज तीन का मौके पर ही निस्तारण हो सका। शेष शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्वयं मौके पर जाकर जांच करें और तय समयसीमा में निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें।



ब्लॉक सभागार में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा के अनुरूप आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान ही प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समाधान दिवस में प्राप्त कुल 37 प्रार्थना पत्रों में से केवल तीन शिकायतों का निस्तारण अधिकारियों द्वारा मौके पर किया गया। शेष 34 शिकायतों पर उप जिलाधिकारी ने जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समयबद्ध तरीके से प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करें।इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ राम सिंह यादव, खंड विकास अधिकारी रामपुरा गजेंद्र प्रताप सिंह, तहसीलदार भुवनेन्द्र सिंह, गोहन थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार कुशवाहा समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# बाइक के कलपुर्जों के साथ पकड़ा गया चोर



बांदा : चोरी की मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा गया अभियुक्त ।

■ - मोटरसाइकिल चोरी करने के बाद उड़ाए चीथड़े
■ - मेडिकल कॉलेज से बाइक चोरी की घटना को दिया था अंजाम

**बांदा।** कोतवाली पुलिस ने मोटरसाइकिल के कलपुर्जों के साथ शातिर बाइक चोर को पकड़ा है। चोर ने मेडिकल कॉलेज से मोटरसाइकिलों की चोरियां की थी। डॉक्टरी परीक्षण के बाद अभियुक्त को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गिरोह वांछित अभियुक्त/सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। एडीशनल एसपी शिवराज ने बताया कि शनिवार की रात्रि को थाना कोतवाली नगर पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल के कुछ पार्ट्स के साथ तिन्दवारा नहर के पास खड़ा है। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर जाकर व्यक्ति को पकड़ लिया गया तथा कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्त द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि वह चोरी की मोटरसाइकिल के पार्ट्स लिए हुए है जिसे कुछ दिनों पूर्व उसने अपने साथियों के साथ मिलकर मेडिकल कॉलेज परिसर से चुराई थी। पुलिस द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल के पार्ट्स को कब्जे में लिया गया है। बता दें कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के दिनकर पुत्र रामभवन व अभिलाष कुमार पुत्र रामसजीवन निवासीगण मेडिकल कॉलेज कैम्पस बांदा ने कोतवाली नगर द्वारा अपनी मोटरसाइकिल के 11 मई व 5 जून को मेडिकल कॉलेज कैम्पस से चोरी होने के सम्बन्ध में सूचना दी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत करते हुए थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 9 जून को मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गिरोह के 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ के दौरान अपना नाम सतीश उर्फ लक्की पुत्र बदलूराम निवासी ग्राम तिंदवारा थाना कोतवाली नगर बताया। मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक विनोद कुमार सिंह, आरक्षी दीपक दूबे, सौरभ शास्त्री शामिल रहे।

## चोरी की घटना का पुलिस ने किया खुलासा

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कालिंजर पुलिस द्वारा चोरी के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर कर लिया गया। क्षेत्राधिकारी कृष्णकांत त्रिपाठी ने बताया कि विगत 03 मई की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा थाना कालिंजर क्षेत्र के ग्राम सौता में रोड के किनारे स्थित परचून की दूकान का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। इस संबंध में थाना कालिंजर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास के प्रयास किए जा रहे थे, इसी क्रम में पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को मकरी रोड बरमदेव बाबा के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी किए गए तीन हजार रुपये बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम मुख्तार उर्फसंजू पुत्र बादल खां निवासी अवन्ती नगर थाना कोतवाली नगर बताया। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमा दर्ज करने के बाद अभियुक्त को जेल भेज दिया है।

## जन सूचना अधिकार के तहत मांगी गई सूचना देने में आनाकानी कर रहे हैं

**नरैनी बांदा।** जिले में जन सूचना अधिकार कानून का कड़ाई से पालन नहीं हो पा रहा।लगातार सरकारी विभाग के कर्मी सूचना देने से कतरा रहे है।

पनगरा गांव निवासी प्रद्युम्न द्विवेदी ने शनिवार को तहसील में समाधान दिवस में पहुंच शिकायत पत्र दिया।दिए गए शिकायत पत्र में बताया कि बीते 1मई को जन सूचना अधिकार नियम के तहत विभिन्न बिंदुओं पर अधिशासी अभियंता सिंचाई प्रखंड तृतीय से सात बिंदुओं पर सूचना मांगी थी।लेकिन नियमानुसार एक महीने का समय व्यतीत होने के बावजूद कोई किसी प्रकार की सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई।शिकायत कर्ता समाधान दिवस में प्रस्तुत होकर पत्र के जरिए बताया कि जन सूचना अधिकार नियम का खुलेआम अफसर उल्लंघन कर रहे है।जिससे कही न कही विभागीय लोग भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए सूचना दाता को सूचना नहीं उपलब्ध कराई जाती।शिकायतकर्ता प्रद्युम्न द्विवेदी ने उचित कार्यवाही की मांग की है।

# हिस्ट्रीशीटर सहित पकड़े गए दो गांजा तस्कर



बांदा : गांजा के साथ पकड़े गए तस्कर ।

■ नाकाबंदी कर मटौंध पुलिस ने किया गिरफ्तार
■ उड़ीसा से गांजा लाकर जनपदों में करते थे सप्लाई

बांदा। जनपद की मटौंध पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। नाकेबंदी कर पुलिस ने दो अंतर्जनपदीय गांजा तस्करों को पकड़ा है। जिनके कब्जे से भारी तादाद में सूखा गांजा बरामद हुआ है। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने अभियुक्तों को जेल भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना मटौंध पुलिस द्वारा अवैध गांजे की तस्करी करने वाले 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। एसपी पलाश बंसल ने बताया कि शनिवार की रात्रि थाना मटौंध पुलिस द्वारा गश्त एवं वाहन चेकिंग के दौरान भूरागढ़ पुल के पास से 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से कुल 12.64 किलोग्राम अवैध सूखा गांजा सहित परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि अवैध गांजे को उड़ीसा से लाई जाती हैं तथा बांदा व आसपास जनपदों मे बिक्री करते हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना नाम आफाक अहमद उर्फपल्हड पुत्र हयाद अहमद निवासी हिमौली थाना बिंवार जनपद हमीरपुर, तेजपाल अहिरवार पुत्र गरीबा अहिरवार निवासी रतौली थाना बिंवार जनपद हमीरपुर बताया। एसपी ने बताया कि अभियुक्त आफाक अहमद बिवांर थाने का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। उसके विरुद्ध दर्जनों मुकदमे दर्ज है। पिछले काफी समय से वह गांजा का कारोबार कर रहा था। उड़ीसा से गांजा लाकर जनपदों में यह सप्लाई करते थे। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष संदीप कुमार सिंह, भूरागढ़ चौकी प्रभारी अनिल कुमार साहू, मुख्य आरक्षी विमल मिश्रा, आरक्षी अश्वनी कुमार उपाध्याय तथा आशुतोष राजपूत शामिल रहे ।

## खबर एक नज़र

### करें योग, रहें निरोग...



**बांदा।** स्वस्थ्य जीवन शैली के लिए योग परम् आवश्यक है। हर व्यक्ति को नियमित रूप से योग करना चाहिए। योग करने से बीमारियां भी कोसों दूर रहती है। इसलिए स्वस्थ जीवन के लिए योग की शैली जरूर अपनाएं। रेलवे इंस्टियूट में 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन मण्डल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा के निर्देशन एवं वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में किया गया। योग शिविर में योग गुरु संजय कुशवाहा ने कर्मचारियों को योग का प्रशिक्षण दिया एवं कई तरह के योगासन भी करवाए। योग शिविर में मुख्य अतिथि एडीएसटी रामकृत सिंह यादव एवं कार्मिक विभाग से कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक मनोज अग्रवाल, कार्यालय अधीक्षक अनिल कुमार गुप्ता, स्टेशन प्रबंधक मनोज शिवहरे, वरिष्ठ खण्ड अभियंता विकाश सिंह, वरिष्ठ खण्ड अभियंता रुपेश कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।
फोटो-22-03
बांदा-योग करते रेलवे कर्मचारी

### रोजगार मेले में 140 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के युगचेतना महाविद्यालय में आयोजित रोजगार मेले में कुल 140 अभ्यर्थियों को रोजगार मुहैय्या कराया गया।
युगचेतना महाविद्यालय के प्राचार्य डाण् अनिल कुमार पाण्डेय ने बताया कि आयोजित रोजगार मेले में कुल 162 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया था। इस मेले में हिस्सा ले रही दस कंपनियों ने 140 अभ्यर्थियों का चयन किया है। अर्थव फाउंडेशन ने 13ए सेंडेक इंडिया ने 12ए यस कंस्ट्रक्शन ने 21ए फ्रीडम एम्प्लोयाबिल्टी एकेडमी ने 13ए केजीबीएस ने 17ए एयूफेशन एकेडमी ने 14ए एडियू ने 7ए न्यू जीवन दीप ने 12ए एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 20ए ब्राइट फ्यूचर ऑर्गेनिक ने 11 अभ्यर्थियों का चयन किया है। महाविद्यालय के प्रबंधक महामंडलेश्वर स्वामी ज्योतिर्मयानंद महाराज ने चयनित अभ्यर्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डाण् अनिल कुमार पाण्डेयए प्रद्युम्न साहूए आलोक पालए श्रवण कुमारए वीरेंद्र साहूए रविंद्र प्रताप सिंहए हरिओम तिवारीए सारिका फातिमाए मोहिनीए मीना आदि मौजूद रहे।

### हल्का लेखपाल बालू का अवैध खनन कराकर वसूली कर रहा है

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, नरैनी बांदा।** हल्का लेखपाल बालू का अवैध खनन करा कर वसूली कर रहा है।मना करने पर कहता है कि अधिकारियो को पैसा पहुचता है। मिली जानकारी के अनुसार दिव्यांग सेना के महासचिव और जमवारा गांव निवासी इरशाद हुसैन पुत्र सुलेमान ने समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर बताया है कि हल्का लेखपाल रामकिशोर वर्मा द्वारा लहुरेटा गांव में केन नदी से बालू का अवैध खनन कराया जा रहा है।एक दर्जन ट्रैक्टर यह कार्य कर रहे हैं।पत्र में बताया है कि जब उन्होंने इस विषय पर लेखपाल से बात की तो लेखपाल ने कहा कि ट्रैक्टरों से वसूली कर एसडीएम साहब को देना पड़ता है।बताया है कि उनके द्वारा एतराज करने पर उन्हें लेखपाल धमकी दे रहा है।जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है।

## बाइक सवार दो लोगों को ट्रैक्टर चालक ने मारी ठोकर दोनों गंभीर रूप से हुए घायल रेफर

अतर्रा बांदा। आज दिन रविवार को शाम लगभग 5रू00 बजे एक बाइक में दो सवार नवयुवकों को ट्रैक्टर चालक ने ठोकर मार दिया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को 112 नंबर के माध्यम से सरकारी अस्पताल नरैनी रोड अतर्रा लेकर के आए प्रथम उपचार के बाद दोनों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार सरकारी अस्पताल नरैनी रोड अतर्रा के फार्मासिस्ट सुभाष ने बताया कि ग्राम सभा छतौनी निवासी सुरेंद्र कुमार पुत्र ओंकार उम्र लगभग 23 वर्ष तथा गौतम गंभीर पुत्र राजाराम उम्र लगभग 19 वर्ष एक बाइक में सवार होकर अपने घर जा रहे थे तभी इंग्लिश शराब ठेका के पास ट्रैक्टर चालक ने के द्वारा जोरदार ठोकर मार देने से सुरेंद्र कुमार का लेफ्ट पैर टूट जाने की बात उपस्थित डॉक्टर के द्वारा बताई गई। तथा उसके साथी गौतम गंभीर को गंभीर चोटें अंदरुनी लगी होने की बात बताई गई।

# आपसी सौहार्द से मनाए त्यौहारए कोई भी नई परम्परा न करें शुरु-डीएम

**महोबा।** आगामी मोहर्रम त्यौहार के दृष्टिगत जनपद स्तरीय शान्ति समिति की बैठक जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई ।

बैठक में डीएम ने कहा कि शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिये गए हैं कि त्यौहारों के दौरान कोई नई परम्परा शुरु नहीं की जाएगीए पूर्व की भांति आयोजन किया जाएगाए उन्होंने सभी उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिये कि वे क्षेत्र में जाकर आयोजन के रुट की व्यवस्थाओं का जायजा लें। उन्होंने कहा कि निर्धारित रुट पर ही जुलुस निकाला जाये तथा ताजियों की हाइट कम रखी जायेए जिससे विद्युत तारों से उनका सम्पर्क ना हो और किसी प्रकार की घटना से बचा जा सके।

उन्होंने सभी उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिये कि जुलूस के आयोजकोंए जुलूस का समय एवं वॉलेटिंयर्स के नम्बर अपने पास उपलब्ध रखेंए ताकि कोई भी अव्यवस्था न हो पाए। अधिशासी अभियंता विद्युत एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका त्यौहार के दौरान अभियान चलाकर विद्युत एवं सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखेंए इसके लिए पूर्व से ही आयोजन स्थलों का भ्रमण कर लें। यदि मार्ग में जर्जर तार हैं तो उन्हें दुरुस्त करा लें ताकि कोई घटना घटित न हो। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि त्यौहार के दौरान एम्बुलेंस भी सक्रिय रहेंगी। यातायात व्यवस्था बेहतर तरीके से व्यवस्थित की जाएए वाहनों को एकत्र न हो दें। जिलाधिकारी ने कहा कि धर्मगुरु किसी भी प्रकार के धार्मिक आयोजन की सूचना अपने क्षेत्र के थानों में अवश्य दें। किसी भी प्रकार की अफवाह या संदेहास्पद व्यक्तिध्अराजक तत्व के बारे में तत्काल प्रशासन को सूचित करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद में सभी त्यौहारों के आयोजन में जनपदवासियों का सहयोग प्राप्त होता है और शान्ति व सौहार्द के साथ त्यौहार मनाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि त्यौहारों के दौरान पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंहए अपर जिलाधिकारी वि0रा0 राम प्रकाशए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशारामए समस्त उप जिलाधिकारीध्क्षेत्राधिकारीए अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सहित विद्युतए पेयजल एवं अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीए समाजसेवी शिव कुमार गोस्वामीए राम जी गुप्ताए शहर काजी आफाक हुसैन एवं सभी धर्मों के धर्मगुरुध्गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## वार्डो में साफ-सफाई व्यवस्था का ईओ ने किया औचक निरीक्षण

**महोबा।** रविवार की सुबह 6ण्00 बजे नगर पालिका परिषद महोबा के अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार ने नगर के रायकोट वार्डए जारीगंज एवं बंधान वार्ड में रायकोट वार्ड के सभासद राजेश सिंघानिया एवं जारीगंज वार्ड के सभासद अशफाक के साथ पैदल गली.गली घूमकर औचक निरीक्षण किया। वार्डवासियों ने अधिशासी अधिकारी से अपनी समस्याओं से अवगत करायाए जिस पर अधिशासी अधिकारी ने प्रभारी सफाईनायक सीताराम एवं बंधान वार्ड प्रभारी सफाईनायक धनीराम को लोगों की मांग के अनुरूप साफसफाई कराने के निर्देश दिये। ईओ ने सफाईनायकों को निर्देशित किया कि दोनों पालियों में उपस्थित रहकर अपने.अपने वार्डो में सफाई कराना सुनिश्चित करें। साथ ही बरसात के दिनों में सफाई नायक इस बात का विशेष ध्यान रखें कि उनके क्षेत्र में कहीं वॉटर लॉगिंग की समस्या उत्पन्न न हो।

# केन नदी के किनारे के ग्रामों के लोगों के द्वारा लाल सोने की लूट कर रहे हैं

**स्वतंत्र भारत संवाददाता नरैनी बांदा।** केन नदी के किनारे मौजूद ग्रामों में खुलेआम ट्रैक्टरों के माध्यम से अवैध खनन और ढुलाई का कार्य किया जा रहा है।स्थानीय और सरहद से जुड़े इलाकों के बालू माफिया ट्रैक्टरों के जरिए बालू की भरकर निकालने का काम कर रहे है। पुलिस की मिली भगत से बालू का क्षेत्र में अवैध व्यापार फल फूल रहा है। करतल क्षेत्र के बिलहरका और गिरवा क्षेत्र में जरर के मजरा छनिहा पुरवा में अवैध रूप से खननबका कार्य हो रहा है।यह यूपी और मध्यप्रदेश के माफिया मिलकर करवा रहे है। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों के बताया कि दिन रात ट्रैक्टर धमाचौकड़ी मचाए हुए है।बता दे कि केन नदी सहित अन्य नदियों में लगातार बालू की निकासी कार्य जोरो पर किया जा रहा है। तमाम जगह रात के अंधेरे में नदियों से बालू की अवैध निकासी की जाती है। जरर गांव के छानिहा पुरवा मवई के नजदीक केन नदी किनारे दिन के उजाले में ट्रैक्टरों के जरिए बालू लोड कर निकलने का कार्य किया जा रहा है।इस जगह में जनपद सहित मध्य प्रदेश के माफिया भी बालू की लोडिंग और निकासी करवाते है।खनिज माफियाओं के द्वारा यह बताया जाता है कि वह स्थानीय पुलिस और चौकी में हफ्ता देकर बालू लोड करवाने का कार्य करते है।नदी किनारे स्पष्ट तौर पर ट्रैक्टर के पहियों के निसान दिखाई देते है।जो कि इस बात का गवाह है।इस समय खनिज माफिया जोरो पर अवैध खनन का कार्य लगातार करवा रहे है।बरसात के पहले खनिज माफिया बालू को एकत्र करने में जुटे पड़े है।



# पंचायत चौपाल में जिला पंचायत अध्यक्ष ने सरकार की योजनाओं की गिनाई उपलब्धियां

**हमीरपुर।** जनपद के विकास खण्ड मुस्करा के ग्राम पंचायत बिहूंनी व ग्राम पंचायत ऐंझी में विकसित भारत अमृत काल के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा जिलापंचायत अध्यक्ष जयंती सन्तराम राजपूत द्वारा पंचायत चौपाल लगाई गई। सर्व प्रथम ग्राम चौपाल में जिलापंचायत अध्यक्ष व पदाधिकारियों ने पण्डित दीनदयाल उपाध्याय तथा ड्रा0 प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यापन किया गयाएतदुपरांत ग्रामीणों द्वारा पुष्प भेट कर सभी का सम्मान किया। इस दौरान भाजपा के पदाधिकारियों ने भाजपा शासन काल मे मुख्यमंत्री योगी व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में जनकल्याण हेतू संचालित की जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी।इस दौरान उपस्थित लोगों को जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती सन्तराम राजपूत ने संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा देश व प्रदेश के रहवासियों के जनकल्याण हेतू विभिन्न योजनाएं संचालित है जिनका लाभ सीधा आमजन को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों का सम्मान रखते हुए किसान सम्मान निधि योजना संचालित की जिसका लाभ सीधे किसान के खाते में जा रहा है।बुन्देलखण्ड में सिचाई और पेयजल की विकराल समस्या थी जिसके लिए सरकार ने नदी से नदी को जोड़ा तथा पेयजल की समस्या दूर करने के लिए हर घर नल हर घर जल पहुँचाने के लिए नमामि गंगे योजना को संचालित कियाए आयुष्यमान योजनाएपीएम आवास योजनाएजनधन योजनाएस्वच्छ भारत मिशन एमुख्यमंत्री किसान दुर्घटना बीमा व मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से निजात दिलाईएवर्षो पुराना मुद्दा राममंदिर का व अनुच्छेद 370 और 35 । को हटाया गया।वही कहा कि महिलाओ व पुरुषों को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा हैएकहा नारी शक्ति वंदन अधिनियम सहित लोगो के जंकल्यान के लिए सैकड़ो योजनाएं संचालित की है।उन्होंने कहा जनपद की कोई भी समस्याओ के निराकरण के लिए हम सदैव तत्पर रहते है अगर कोई अधिकारी कर्मचारी काम न करे तो तत्काल मेरे नम्मर पर फोन करे मेरा फोन 24 घण्टे खुला रहता है।इस दौरान जिला पंचायत सदस्य मुस्करा करन सिंह राजपूतएब्लॉक प्रमुख मुस्करा वीरनारायण राजपूतए प्रमोद अग्रवालए पहाडी भिटारी प्रधान तेजप्रताप राजपूतएमनोज राजपूतएमंडल महामंत्रीए भूपेंद्र राजपूत एधर्मपाल नेता आदि सैकड़ो की संख्या में महिलाएं व पुरुष इकन्त्रित रहे ।

## सोते समय युवक की नृशंस हत्या

**- खुलासे को लेकर एसपी ने लगाई कई टीमें**

**बांदा।** घर में सोते समय युवक की नृशंस हत्या कर दी गई। सूचना के मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने घटना का जायजा लिया। इधर खुलासे को लेकर एसपी ने अलग-अलग कई टीमें लगाई है।

चिल्ला थाना क्षेत्र के डिघवट गांव निवासी 25वर्षीय धर्मेद्र पुत्र कल्लू निषाद शनिवार को घर पर अकेला था। उसकी मां गायत्री देवी पड़ोसी गांव पलटू पुरवा पैरालाइस की दवा लेने चली गई थी। रात को किसी वक्त घर में घुसे अज्ञात लोगो ने नुकीले सामान से सिर, गर्दन, प्राइवेट पार्ट में गोद कर हत्या कर दी। सुबह जब देर तक वह कमरे से बाहर नही निकला तो मौके पर पहुंचे पडोसी राजेश निषाद ने देखा तो उसका शव खून से लथपथ चार पाई में पड़ा था। मौत की खबर मिलते ही परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। मौत की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। सूचना पर पहुंची फॉरेसिंग टीम ने साक्ष्य जुटाए। मृतक के चाचा शिवलाल ने बताया कि उसकी किसी से कोई रंजिस नही थी। वह आविवाहित था। दो भाईयो में बड़ा था। छोटा भाई महेंद्र निषाद कर्नाटक में रह कर मजदूरी करता है। धर्मेद्र मां के पास रहकर गांव में मजदूरी करता था। पिता की 15वर्ष पहले मौत हो गई थी। घटना का कारण अज्ञात है। सीओ सदर राजबीर सिंह का कहना है मामला हत्या का है सिर पर चोट लगने से उसे हेडइंजरी हुई है। घटना की तहरीर मिलते ही रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। एसपी पलास बसंल का कहना है कि अबैध सबंधो को लेकर हत्या की गई है। घटना का खुलासा करने के लिए चार टीमे लगाई गई है।

# बसपा मुखिया मायावती को जनता इस बार बनाएगी प्रदेश का मुख्यमंत्री- शिवबाबू



चित्रकूट ब्यूरोः बहुजन समाज पार्टी ने रविवार को चित्रकूट विधानसभा के भैसौंधा सेक्टर के ंव गांव में बैठक का आयोजन किया। जिसमें सेक्टर बूथ का गठन करने के साथ कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर सक्रिय रहते हुए संगठन को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया गया।

बैठक में बसपा जिलाध्यक्ष अधिवक्ता शिवबाबू वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में भाजपा सरकार हर मोर्चे पर असफल नजर आ रही है। देश के अधिकतर प्रदेशों की तरह उत्तर प्रदेश में भी हर स्तर पर सरकारी कार्यकलापों के साथ ही विभिन्न विभागों में भ्रष्टाचार और हिस्सेदारी के आरोपो से घिरे तबादलों की आमचर्चा साबित कर रही है कि भ्रष्टाचार नीचे से लेकर ऊपर तक है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में हाल ही में हुई सिपाही भर्ती को लेकर ऐसा प्रचारित किया जा रहा है जैसे यह कोई बहुत बड़ा और नया कार्य हुआ हो, जबकि पुलिस में ऐसी भर्ती रूटीन कार्य है ताकि बैकलॉक की बुराई पुलिस विभाग में भी न आए, किंतु इस भर्ती में सर्व समाज को सही हक मिला है या नहीं, इस पर भी चिंता होनी चाहिए। पूर्व में तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती के नेतृत्व में बसपा सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में कानून का राज का न्याय युक्त माहौल स्थापित करने के लिए एकमुश्त 1.20 लाख नए पद सृजित करके पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ पुलिस भर्ती की थी। जिस शांति व्यवस्था का लाभ बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्गों को मिला। उन्होंने कहा कि भाजपा ने केन्द्र में अपने 11 वर्षों के कार्यकाल के बारे में जो अपार उपलब्धियां वर्णित की है, वे जमीनी हकीकत में लोगों की गरीबी, बेरोजगारी, दुःख-दर्द नहीं दूर कर सकीं हैं और इसका जवाब आने वाले चुनाव में उत्तर प्रदेश जनता देगी। उन्होंने कहा कि इस बार आम जनता बहुजन समाज पार्टी को स्पष्ट जनादेश देने का पूरा मन बना चुकी है। जिसके बाद एक बार फिर उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती बनेंगी। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव में बहुजन समाज पार्टी अपने जमीनी कार्यकर्ताओं को मौका देगी।

## चरखारी पुलिस ने 01 वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**महोबा ।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक व जनपदवासियों में सुरक्षित परिवेश की भावना जागृत किये जाने के उद्देश्य से जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे वांछितध्वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित की गयी पुलिस टीम उप निरीक्षक रमेश कुमार यादव मय हमराह कर्मचारियों के नेतृत्व में टीम ने थाना चरखारी में पंजीकृत मुण्अण्संण् 30ध्2025 धारा 352ध105ध115;2द्धठछै से सम्बन्धित 01 वाछिंत अभियुक्त अंकेश राजपूत पुत्र जयप्रकाश राजपूत उम्र करीब 26 बर्ष निवासी ग्राम कमालपुरा थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा को थानाक्षेत्र अन्तर्गत सूपा चौराहा कस्बा चरखारी से गिरफ्तार किया है ।

# न्यायिक अधिकारियों के साथ जिला जज ने किया योगाभ्यास



चित्रकूट ब्यूरोः उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीश आवास परिसर में 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला जज ने न्यायिक अधिकारियों के साथ योगाभ्यास कर योग के महत्व के बारे में बताया।

कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि योग अपने आप में एक व्यापक शब्द है। योग हमारे शरीर, आत्मा एवं चित्त को शुद्ध करने के लिए किया जाता है। योग इतना प्रभावशाली है कि यदि किसी व्यक्ति को रोग होता है, तो योग में उसका निदान संभव है। विशिष्ट प्रकार की योग क्रियाएं करने से व्यक्ति अपने आपको भीतर से शुद्ध कर सकता है। आज की भागदौड़ की जिन्दगी में थोड़ा समय स्वयं एवं योग के लिए अवश्य निकालें, जिससे स्वस्थ्य भारत का निर्माण हो सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वर्णिका शुक्ला ने बताया कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है, जो आज पूरी दुनिया के लिए स्वास्थ्य और संतुलन का प्रतीक बन चुका है। बताया कि हर साल 21 जून को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज न केवल भारत, बल्कि वैश्विक स्तर पर जन-जन को जोड़ने वाला पर्व बन गया है, यह भारत के उस संदेश को सशक्त करता है जिसमें 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' की भावना निहित है।

इस मौके पर परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राकेश कुमार यादव, विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट की विशेष न्यायाधीश रेनू मिश्रा, अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारती, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम विदिशाभूषण, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय अंजलिका प्रियदर्शिनी, प्रभारी प्रशासनिक अधिकारी रितेश सिंह, सदर नाजिर राजेश यादव, कंचन सिंह, अनुराग जायसवाल, अनुराग चन्देल आदि न्यायिक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## दो मरे होने पर तीसरी बच्ची को डाॅ0 अनामिका ने जन्मा

इटावा। जिला अस्पताल व सैफई अस्पताल से रिफर से घबराकर एक मुस्लिम दंपति शिवम हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर कचौरा रोड डलीवरी हेतु तौफीक अपनी पत्नी हसीना को लेकर पहुंचे जहां डाॅ0 अनामिका राजपूत ने बड़ी सूझबूझ से बच्ची का जन्म हो सका। प्रसूता भी सकुशल ठीक है जबकि प्रसूता के पेट में तीन बच्चे थे दो बच्चे मरे होने के बाद डाॅ0 अनामिका राजपूत ने तीसरी बच्ची को जन्म व प्रसूता को सही सलामत देखकर पति सहित पूरा परिवार बहुत खुश नजर आया और शिवम हस्पिटल व रिसर्च सेंटर की भूरि भूरि प्रशंसा की।

# आदर्श रामलीला मंडल राजेश कसेरे मंत्री प्रबल त्रिपाठी उपाध्यक्ष बने



स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद ।आदर्श रामलीला मंडल मानस मंच की वार्षिक आम बैठक का आयोजन भारतीय पाठशाला में संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता जयप्रकाश गुप्ता ने की

इस वार्षिक बैठक में अध्यक्ष ने नई कार्यकारिणी एवं पिछली वित्तीय वर्ष की आय व्यय की कार्यवाही की पुष्टि की गई। आदर्श रामलीला मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता ने बताया कि सभी सदस्यों की आम सहमति के अनुसार राजेश कसेरे को मंत्री के रूप में चुना गया। पूर्व मंत्री प्रबल त्रिपाठी को उपाध्यक्ष के रूप में कार्यकारिणी में स्थान दिया गया है। संजीव नारायण दीक्षित को कोषाध्यक्ष सूर्य प्रकाश भारद्वाज को संयोजक दीपक मिश्रा को बारात संयोजक एवं श्याम सुंदर गुप्ता को बारात सह संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। बैठक का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत दीक्षित ने किया। इस अवसर पूर्व सभासद रामनिवास गुप्ता नारद कौशल किशोर दुबे किशन कुमार कसेरे लल्ला पांडे कालीचरण मिश्रा अखिलेश बाजपेई सुनील शुक्ला मोहित शुक्ला अनुज शुक्ला सोना वर्मा रवि बाजपेई पीयूष कसेरे आकाश कसेरे मदन मोहन एवं शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

# विद्या भारती का दस दिवसीय नवचयनित आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का हुआ शुभारम्भ

स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद। विद्या भारती की ओर से संचालित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज श्यामनगर फर्रुखाबाद में विद्या भारती पूर्वी उत्तरप्रदेश के भारतीय शिक्षा समिति कानपुर प्रांत द्वारा आयोजित नवचयनित आचार्य प्रशिक्षण का उद्घाटन विद्या भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री राममनोहर सांसद मुकेश राजपूत विद्या भारती कानपुर प्रांत उपाध्यक्षा मीरा वर्मा प्रदेश निरीक्षक अयोध्या प्रसाद संभाग निरीक्षक अजय रामकरन विद्यालय कोषाध्यक्ष गुरविंदर सिंह प्रधानाचार्य रामकृष्ण बाजपेई श्रीनारायण आदि ने मां सरस्वती पर पुष्पांजलि अर्पण कर दीप प्रज्वलित के साथ सरस्वती वंदना से शुभारंभ हुआ

सरस्वती वंदना के उपरांत विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीनारायण मिश्र ने अतिथियों का परिचय एवं स्वागत एवं अभिनन्दन अंगवस्त्र व



श्रीफल करके किया गया

प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में क्षेत्रीय संगठन मंत्री राममनोहर ने शिक्षा विषय को लेकर प्रशिक्षार्थियों से चर्चा परिचर्चा के साथ उद्बोधन प्रारम्भ किया और कहा संसार की सबसे पवित्रतम वस्तु ज्ञान है ज्ञान से ही मानव महामानव बन सकता है । पृथ्वी पर चार अवस्थाएं हैं जिनमें पदार्थ प्राण जीव एवं ज्ञान अवस्था है। मनुष्य को ज्ञान की आवश्यकता है वह जिज्ञासु प्रवृत्ति का होता है जिसके लिए शिक्षा प्राप्त करता है शिक्षा के द्वारा करुणा दया क्षमा उदारता विनम्रता आदि गुणों का विकास होता शिक्षा से समर्पण आता है।

पिछले 100वर्षों के आंकड़े इकट्ठे किये जाये तो जानकारी मिलती है कि शिक्षा का स्तर बड़ा है शिक्षित लोगों की संख्या बड़ी है विद्यालय कालेज विश्वविद्यालय बड़े हैं फिर भी समाज में आपसी सम्बन्ध बिगड़े अनाचार अत्याचार बढा है क्यों इस विषय को लेकर सुधारात्मक समाधान सुझावों से भी अवगत कराया।सांसद मुकेश राजपूत ने सभी प्रशिक्षार्थियों को अपने उद्बोधन में समाज में शिक्षा के माध्यम से समाज को सुसंस्कारित बनाने का कोई काम कर रहा है वह एक मात्र शिक्षा संस्थान विद्या भारती के विद्यालय एवं आप सब करते हैं एवं प्रशिक्षार्थियों को अभिनंदन एवं शुभकामनाएं भी दी।

# महिला कर्मियों ने वन स्टाफसेंटर पर किया योग



स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत करो योग रहो निरोग वन स्टाफ सेंटर में पीड़िताओं एवं वन स्टाफसेंटर पर कार्यरत सभी महिला कर्मियों ने योग किया । जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चंद्रा ने के निर्देश पर योगाभ्यास करने के निर्देश दिए गए थे योग की प्रैक्टिस कराते हुए हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ़वीमेन की जेंडर स्पेशलिस्ट निर्मला राजपूत ने योगाभ्यास की प्रैक्टिस कराई गई जिसमें वन स्टाफसेंटर से काउंसलर रागिनी एवं केश वर्कर विजेता एवं वीना महिला कांस्टेबल कविता महिला होमगार्ड आदि ने सामूहिक योग किया। सूर्य नमस्कार अनुलोम विलोम कपालभाति प्राणायाम आसन कराए गए।

# अमृतपुर पुलिस चौकी पर दबंगों का कब्जा नहीं बैठ रहा है कोई पुलिसकर्मी

स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद । अमृतपुर की पुरानी ब्रिटिश कालीन पुलिस चौकी को जनसंयोग से मरम्मत करवाकर सुसज्जित किया गया था लेकिन चौकी के नाम पर यहां एक सिपाही भी नहीं बैठता है और यहां पर एक दबंग परिवार का कब्जा हो गया है। अमृतपुर थाना अध्यक्ष तथा क्षेत्राधिकारी के दिलचस्पी न लेने से इस चौकी पुलिस विहीन वीरान पड़ी है




अमृतपुर के संजीव कुमार अग्निहोत्री ने इस चौकी को ग्रामीणों से कब्जा मुक्त कराने के लिए जन सहयोग से एक कदम आगे बढ़ाया। जिसमें उन्हें ग्रामीणों का सहयोग मिला और सन 1942 में बनाई गई इस पुलिस चौकी के दिन बहुरने के आसार नजर आने लगे। परंतु कई प्रयासों के बाद भी खाली पड़ी इस चौकी का उद्घाटन नहीं हो सका। सन 1990 में चौकी से थाना बनाया गया जो कस्बे से 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थापित है। तब से लेकर आज तक खाली पडी इस चौकी की भूमि अपने सुंदरीकरण के लिए तरस रही है। चौकी पर बनी हवालात दो कमरे पूजा स्थल इस बात का इंतजार कर रहे हैं कि कब मुख्यमंत्री का आदेश हो और पुलिस की नींद टूटे और अपनी इस जमीन पर पुलिस चौकी स्थापित कर इसे लोगों से कब्जा मुक्त कराये।

परंतु कई बार इसके प्रयास के बावजूद ऐसा नहीं हो सका। बीते दिवस 21 जून को समाजसेवी संजीव कुमार अग्निहोत्री ने संपूर्ण समाधान दिवस में लिखित फरियाद करते हुए अधिकारियों को अवगत कराया कि वह पुलिस चौकी की इस भूमि की तरफ ध्यान दें। इसे उद्घाटन के दायरे में लाएं और यहां पर योजना अनुसार कार्य करें।

पुलिस चौकी के भवन पर स्थानीय एक दबंग परिवार ने कब्जा कर लिया है और वह उसे गैराज के रूप में इस्तेमाल कर अपना ट्रैक्टर तथा कृषि यंत्र रख रहे हैं

कई बार इस समाजसेवी के द्वारा अधिकारियों को अवगत कराया गया।

तत्कालीन पुलिस कप्तान रहे आलोक प्रियदर्शी के नाम का पत्थर यहां लगा हुआ है। जिस पर पहली फरवरी 2025 को इन्हीं के हाथों उद्घाटन होना था। परंतु किसी कारण के चलते यह नहीं हो सका और पुरानी पुलिस चौकी दुल्हन की तरह सजी की सजी रह गई। पुलिस विभाग का इस पुलिस चौकी के प्रति बदलता नजरिया का क्या कारण हो सकता है इसको लेकर तरह.तरह की चर्चाएं होती रहती हैं। आखिर वह कौन सी ताकत है जिसकी वजह से पुलिस विभाग अपनी ही जमीन पर कब्जा करने से पीछे हट रहा है। जबकि कस्बा निवासियों ने सहयोग करते हुए हजारों रुपए का चंदा इकट्ठा किया इसकी बाउंड्री वॉल बनवाई अंदर के ऊबड खाबड स्थल को मिट्टी से समतल किया गया और समाजसेवी द्वारा इसे सजाकर इसका बोर्ड लगवाया गया और उद्घाटन का इंतजार किया गया। जिसे बीते महीनो में उद्घाटन की तारीख दी गई और इस चौकी पर क्षेत्राधिकारी थानाध्यक्ष ने लोगों को एकत्रित कर इसके बारे में बताया भी था। लोगों से जानकारियां ली उनसे बातचीत की और इस भूमि पर चौकी स्थापित करने का वादा भी किया। परंतु पुलिस के सारे वादे हवा हवाई साबित हुए। इससे यह पता चलता है कि हो ना हो सभी की समस्याओं को दूर करने वाला यह पुलिस विभाग भी किसी ऐसी अदृश्य शक्ति के इशारे पर है जो अपनी पुलिस चौकी पर कब्जा करने से पीछे हट रहा है। जबकि संपूर्ण कस्बा यह चाहता है कि जल्द से जल्द इस स्थान पर पुलिस चौकी पुनः स्थापित की जाए। जिससे लोगों का कानून के प्रति विश्वास कायम हो और कस्बा निवासी अपने द्वारा की जा रही इस सहायता के प्रति प्रफुल्लित हो सकें।

# खबर एक नज़र

## बिना अनुमति के ताजियेदार रूट न बदलें.-यशवंत सिंह

इटावा। कोतवाली के सामने एसडी इंटर कालेज सभागार में शुक्रवार को मोहर्रम के अवसर पर निकलने वाले ताजिया जुलूस को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता सदर कोतवाली प्रभारी यशवंत सिंह ने की। बैठक में ताजियादारों व पीस कमेटी के लोगों तथा स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। कोतवाली प्रभारी यशवंत सिंह ने कहा के ताजिए प्रशासनिक मानकों अनुसार ही बनाएं। विशेष रूप से उनकी ऊंचाई पर खास ध्यान दिया जाए ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। कोतवाली प्रभारी यशवंत सिंह ने कहा कि जुलूस निर्धारित रूट से ही निकाले जाए किसी प्रकार से रास्ता परिवर्तन बिना अनुमति लिए ना किया जाये। बैठक में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मोहर्रम मनाने की अपील की तथा अफवाहों से बचें और सोशल मीडिया पर कोई भी समस्या पर विवाद की स्थिति में फौरन पुलिस को सूचित करें। पीस कमेटी की बैठक में पचराहा चौकी इंचार्ज कासिफ हनीफ निर्तिश कुमार रस्तोगीए गुलशेरए रफत अलीए डैनी गुप्ताए हसनैन वारसीए असलम खांए चौधरी मुमताजए आलोक दीक्षितए जमीरउद्दीनए उर्फ गुड्डू इकबाल खांए गुड्डू अलीए शमशादए हनी वारसीए मुन् बिलालए बाबू खां आदि मौजूद रहे।

## वानिकी प्रभाग ने योगाभ्यास एवं पौधारोपण किया

इटावा। 11वां अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर सामाजिक वानिकी प्रभागए जिला गंगा सुरक्षा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति के संयुक्त तत्वाधान में नगर वन इटावा में योगाभ्यास एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख बढ़पुरा गणेश राजपूत ने बताया कि योग का उद्देश्य हमारे जीवन का समग्र विकास करना है। या इसे ऐसे कह सकते है कि जीवन का सर्वांगीण विकास करना। सर्वांगीण विकास से तात्पर्य यहाँ शारीरिकए मानसिकए नैतिकए आध्यात्मिक व सामाजिक विकास से है। योग जीवन जीने की कला है। उपप्रभागीय वनाधिकारी विमल कुमार सिंह ने कहा कि योग दिवस के अवसर पर विश्वभर में बड़े पैमाने पर योगाभ्यास सत्र आयोजित किए जाते हैंए जिसमें लाखों लोग भाग लेते हैं। इस दिन स्कूलोंए कॉलेजों और विभिन्न संगठनों द्वारा योग शिविर और कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है। योग शिक्षक शेखर राजपूत ने बताया कि योग के नियमित अभ्यास से शारीरिक लचीलापनए मांसपेशियों की मजबूती और मानसिक शांति प्राप्त होती है। प्रधानाचार्य कार्य यादव ने कहा कि योग भारत की एक प्राचीन विरासत है। योग व्यक्ति को स्वस्थ रखने के साथ ही समग्र कल्याण को भी बढ़ावा देता है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने लीडर्स इंटरनेशनल स्कूल के सभी छात्र.छात्राओं को एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत फलदार पौधे वितरण किए गए। कार्यक्रम में डॉण् मंजेश कुशवाहए रविंद्र कुमारए वन क्षेत्रीय अधिकारी बढ़पुरा अशोक कुमार शर्माए प्रबल प्रताप सिंहए डीपीओ नमामि गंगे संजीव चौहानए रविंद्र मिश्राए सुनील कुमारए अनिल चौहानए जेआरएफ.डॉण् संगीताए शिवानी सिंहए ज्योति वर्मा एवं शिवांगी आदि मौजूद रहे।

## महिला को मारपीट कर किया घायल

बकेवरए इटावा। स्थानीय कस्बे के आजादनगर मुहाल में नामजद लोग दीवाल तोड़ने का विरोध करने पर महिला को मारपीट कर घायल किया। कस्बे के आजाद नगर मुहाल की रहने वाली महरून्न पत्नी इकराम ने थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया है कि पडोस के ही नामजद लोग उसके घर की पक्की दीवाल तोड़ने लगे जब महिला ने दीवाल तोड़ने का विरोध किया तो आरोपित एक राय होकर गाली.गलौज करते हुए हाथो में लिये लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया पुलिस ने घायल महिला को इलाज के लिए 50 शैय्या अस्पताल भेजने के बाद एहसानए मौसिम के अलावा शोहिल निवासीगण आजाद नगर मुहाल कस्बा बकेवर इटावा के विरुद्ध मामला दर्जकर जांच पड़ताल शुरू की।

## सीढ़ी से गिरे अधेड़ ने इलाज दौरान दम तोड़ा

इकदिलए इटावा। चार दिन पहले छत की सीढ़ी से गिरे कर घायल हुए अधेड़ ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही घर मे कोहराम मच गया। गांव नगला मान सिंह के रहने वाले बृजेश ;50द्ध पुत्र जादव सिंह 17 जून मंगलवार देर शाम को छत से उतरने के दौरान पैर फिसल ने गिर कर घायल हो गए थे। जीने के पास पड़े घायल को परिजन लोग जिला अस्पताल ले गए वहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत देख उसे सैफई मेडिकल कॉलिज रेफर कर दिया। वहां शनिवार सुबह साढ़े चार बजे इलाज के दौरान अधेड़ ने दम तोड़ दिया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक के बेटा सनी ने बताया कि जीना से गिरने के बाद उनके सिर में चोट आ गई आई थी। मृतक मजदूरी का काम करके परिवार का भरणपोषण का रहा था। अधेड़ की मौत के बाद बेटा सनीए बेटी दिव्याए और पत्नी कृष्णा देवी के साथ परिजनों का रोरोकर हाल बेहाल है।

## दो डबल डेकर बसों की टक्कर

इटावा। शहर में शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया जब आईटीआई के पास दो निजी डबल डेकर बसें आपस में टकरा गईं। हादसे के वक्त दोनों बसों में करीब 100 से अधिक यात्री सवार थे। गनीमत रही कि किसी यात्री के हताहत होने की सूचना नहीं है। लेकिन घटना के बाद यात्रियों में अफरा.तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसारए बसों की रफ्तार काफी तेज थी और संकरी सड़क पर ओवरटेक के प्रयास में दोनों बसें टकरा गईं। टक्कर के बाद यात्रियों को घंटों बसों में ही बैठा रहना पड़ा। सबसे बड़ी चिंता की बात यह रही कि किसी भी ट्रेवल्स कंपनी ने यात्रियों का किराया वापस नहीं किया। जिससे लोग और भी अधिक नाराज नजर आए। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों बसों को सिविल लाइन थाने ले जाया गया। पुलिस ने दोनों बस चालकों और ट्रेवल्स कंपनियों के जिम्मेदारों से पूछताछ शुरू कर दी है। फिलहालए पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। यात्रियों ने मांग की है कि ट्रेवल्स कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और भविष्य में इस तरह की लापरवाही न होए इसके लिए प्रशासन को सख्त दिशा.निर्देश जारी करने चाहिए।

# पढ़ने लिखने वाले बच्चों की सहायता 1000 स्कूली बैग बाँटे

स्वतंत्र भारत संवाददाता

फीरोजाबाद । श्री राज राजेश्वरी केला देवी समिति द्वारा हुंडा वाले बाग़ पर छैल बिहारी गेस्ट हाउस में एक कार्यक्रम का आयोजन किया है जिसमें नगर विधायक मनीष असीजा और महापौर कामिनी राठौर शामिल हुए समिति द्वारा जरूरतमंद पढ़ने लिखने वाले एक हजार बच्चों को स्कूली बैग वितरित किए गए साथ ही साथ 6 जरूरतमंद परिवारों को प्रत्येक परिवार को ग्यारह हजार रुपए की आर्थिक मदद भी समिति द्वारा की गई इस दौरान समिति के पदाधिकारी अजय गुप्ता ने बताया कि समिति द्वारा यह कार्यक्रम पिछले 15 वर्षों से लगातार किए जा रहे हैं हमारी समिति में समाज सेवियों का सहयोग रहता है रविवार को एक हजार पढ़ने लिखने वाले जरूरतमंद बच्चों को स्कूली बैग वितरित किए गए हैं आने वाले नवंबर माह में समिति द्वारा 151 जोड़ो का विवाह भी कराया जाएगा इस अवसर पर नगर विधायक मनीष असीजा ने समिति को इक्कीस हजार रुपए से सहयोग किया वहीं पार्षद देश दीपक यादव ने पांच हजार देकर बच्चों का प्रोत्साहन किया इस अवसर पर पार्षद हरिओम गुप्ता चटनी राहुल जैन इसौली वाले प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य समिति सदस्य जितेंद्र जैन सुधीर चक रोहित चौहान फिरोजाबाद व्यापार मंडल के साथ गण मान्य नागरिक रहे मौजूद ।

# समाजवादी पार्टी के नेता के ऊपर मारपीट कर जान माल की धमकी देने का अभियोग दर्ज

छिबरामऊ कन्नौज। मोहल्ला बजरिया निवासी संजीवन बेगम पत्नी मोहम्मद आरिफने प्रभारी निरीक्षक संबोधित लिखित प्रार्थना पत्र कोतवाली में दिया

मोहल्ला बजरिया निवासिनी संजुम बेगम मैं लिखित प्रार्थना पत्र में कहा है कि रात्रि 9रू00 बजे प्रार्थना के पति मोहम्मद आरिफअपनी दुकान पूर्वी बाईपास से वापस आ रहे थे इस समय संतोष गुप्ता पुत्र अज्ञात अमन गुप्ता पुत्र संतोष गुप्ता निवासी बजरिया वी रशीद फारूकी पुत्र अज्ञात ने उन्हें लाठी डंडों वह एन हथियारों से बेरहमी से मारपीट कि प्रार्थिनी के पति जब घर की तरफभागे तब बढ़ी बढ़ी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए घटना का अभियोग कोतवाली में पंजीकृत किया गया प्रभारी निरीक्षक विश्वाकांत तिवारी ने बताया कि दोषियों के खिलाफकठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# श्री सागर सिंह सोमवती पीजी कॉलेज के प्रांगण में योग दिवस के उपलक्ष पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया

छिबरामऊ कन्नौज । श्री सागर सिंह सोमवती पीजी कॉलेज के प्रांगण में योग दिवस के उपलक्ष पर सूर्य नमस्कार योग मुद्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री सागर सिंह सोमवती पीजी कॉलेज के प्रांगण में योग दिवस के उपलक्ष में सूर्य नमस्कार योग मुद्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर अमरेश सिंह ऑब्जर्वर फर्स्ट डॉक्टर आरके पचौरी ऑब्जर्वर सेकंड आरके वर्मा के साथ छात्र छात्राओं ने योग दिवस पर योग कार्यक्रम में भाग लिया ऑब्जर्वर डॉ आरके पचौरी ने छात्र.छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि योग से शरीर स्वस्थ व मन प्रफुल्लित रहता है कार्यक्रम को प्रधानाचार्य डॉक्टर अमरेश सिंह द्वारा संबोधित किया गया ऑब्जर्वर सेकंड आरके वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि योग क्रिया से शरीर व मां को शांति मिलती है एक से एक जटिल बीमारियों का उपचार योग क्रिया द्वारा संभव है ।

# 18 वर्ष के युवाओं को सदस्य बनाकर गांवों में पीडीए चौपाल लगाए



फर्रुखाबाद ।समाजवादी लोहिया वाहिनी की मासिक बैठक आवास विकास स्थित पार्टी कार्यालय पर पर आयोजित की गई जिसमें विशेष रूप से वोट बढ़ाने पी डी ए के लोगों को पार्टी से जोड़ने 18 साल के युवाओं को पार्टी का सदस्य बनाना व पी डी ए की चौपाल को सभी पदाधिकारी अपने गांव क्षेत्र में लगाएं व समाजवादी पार्टी की सरकार में जनता के हित में लिए गए फैसलो के बारे में भी बताए जिलाध्यक्ष अनुराग यादव ने कहा जो पदाधिकारी पार्टी कार्यक्रमों में हिस्सा नहीं ले रहे ऐसे निष्क्रिय पदाधिकारियों को पदमुक्त किया जाएगा वहीं पर पार्टी के प्रति निष्ठा व लग्न को देखते हुए शुभम कुमार को जिला सचिव पद पर व अमन यादव को सदर विधानसभा महासचिव सोनू श्रीवास्तव को जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया बैठक में अभय यादव फ्रंटल संगठन प्रभारी रामपाल यादव लोहिया वाहिनी जिला महासचिव अमन चतुर्वेदी अभय यादव विपिन यादव साबिर मंसूरी अंकुर चक योगेश यादव आशीष यादव अनमोल यादव प्रांजुल सिंह ब्रम्हकिशोर सिंह अनूप सभासद मोहित कुमार आशीष चंदन नगला सौरभ कुमार राहुल यादव श्यामू यादव अंकित कुमार अंशुल पाल प्रमोद यादव सचिन श्रीवास्तव तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे

## एसएसपी ने चयनित आरक्षियों को आवश्यक निर्देश दिए

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने रिजर्व पुलिस लाइन पहुँचकर आरक्षी नाण्पुण् सीधी भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण जेटीसीए आरटीसी के सम्बन्ध में समस्त चयनित आरक्षियों को प्रशिक्षण के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये एवं उन्हें कड़ी मेहनतए प्रशिक्षण में साइबर अपराधए अन्य टेक्निकल जानकारी प्राप्त करने हेतु प्रेरितकिया। उन्होंने कहा कि पुलिस बल में अनुशासन सर्वोपरि है और समय का पाबंद होना पुलिस कर्मी का मूल कर्तव्य है। अन्त में सभी को सोशल मीडिया से उचित दूरी बनाने एवं कम से कम प्रयोग करने के सम्बन्ध में जागरूक किया गया और पुलिस विभाग की सोशल मीडिया नीति के अनुसार ड्यूटी या वर्दी से सम्बन्धित कोई पोस्टए फोटो या वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित न करने के सम्बन्ध में सभी को आवश्यक दिशा.निर्देश दिये। इस दौरान समस्त राजपत्रित अधिकारीए कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 184 मरीजों का हुआ उपचार

स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद।अमृतपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्रीआरोग्य मेले में आयुर्वेदिक होम्योपैथिक तथा एलोपैथिक पद्धति से मरीज का उपचार किया गया

ग्रामीण क्षेत्रों में मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराकर प्राथमिक स्तर पर ही रोगों की पहचान व इलाज सुनिश्चित किया जाता है।

मेले की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉण् गौरव वर्मा ने की। स्वास्थ्य मेले में सुबह से ही मरीजों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। डॉण् वर्मा की देखरेख में स्वास्थ्य टीम ने विभिन्न रोगों की जांच की जिसमें मलेरिया के 10 टाइफाइड के 8 बलगम के 5 शुगर के 16 तथा हीमोग्लोबिन के 2 मरीजों की जांच की गई।154 मरीजों को एलोपैथिक पद्धति से निःशुल्क परामर्श व दवाएं वितरित की गईं। इस दौरान पैरामेडिकल स्टाफमौजूद रह आयुर्वेदिक कैंप ने खींचा लोगों का ध्यान मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले के अंतर्गत आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया जो उच्च अधिकारियों के निर्देशन में लगाया गया था। इस शिविर की अगुवाई आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉण् शैफली भदौरिया ने की। उन्होंने आने वाले मरीजों को



आयुर्वेद की विधियों के बारे में बताया और कुल 30 मरीजों को औषधीय परामर्श व आयुर्वेदिक दवाएं वितरित कीं। डॉ शैफली ने आमजन को योग खानपान और दिनचर्या में सुधार के माध्यम से बीमारियों से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि किस प्रकार नियमित आयुर्वेदिक पद्धति अपनाकर जीवनशैली जनित रोगों से बचा जा सकता है। चिकित्सा विभाग की टीम का एलोपैथिक और आयुर्वेदिक चिकित्सा दोनों पद्धतियों को एक साथ उपलब्ध कराने के प्रयास को ग्रामीणों ने खूब सराहा। स्वास्थ्य मेले में बच्चों बुजुर्गों और महिलाओं की संख्या विशेष रूप से अधिक रही।

# श्री रामए खाटू श्याम मंदिर के लिए धूमधाम से हुआ भूमि पूजन

## – डीजे के भक्ति गीतों पर निकली शोभा यात्रा

छिबरामऊए कन्नौज। विशुनगढ़ रोड स्थित रामलीला मैदान में श्री रामए खाटू श्याम मंदिर के लिए धूमधाम से भूमि पूजन किया गया। इससे पहले सिद्ध पीठ मां कालिका देवी मंदिर से डीजे के भक्ति गीतों के साथ पूजित ईटों की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।

सभी श्याम भक्त सिद्ध पीठ मां कालिका देवी मंदिर पर एकत्रित हुए। यहां विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेयए उनके पति राजेश प्रकाश पांडेयए श्री खाटू श्याम बाबा सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता आदि ने अयोध्या और खाटू धाम से लाई गई पूजित ईटों की विधि विधान के साथ पूजा की। तत्पश्चात ढोल नगाड़ों और डीजे की धुनों के साथ भव्य शोभा यात्रा प्रारंभ हुई। इसका समापन रामलीला मैदान में हुआ। यहां शक्तिपीठ गमा देवी के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्रीए पंडित रमाकांत शुक्लाए पंडित शिवानंदए विशाल दीक्षितए शिखर दुबे ने



अर्चना पांडेय व राजेश पांडेय से खाटू श्याम एवं राम दरबार का पूजन कराया। रामलीला मैदान के ईशान कोण में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फावड़ा चलाकर विधि विधान पूर्वक पूजित ईटों से श्री राम एवं कलयुग के अवतारी शीश के दानी श्याम बाबा के मंदिर का शिलान्यास किया गया।

कार्यक्रम के पश्चात सभी में प्रसाद वितरित किया गया कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबेए आचार्य प्रशांतानंद चंदनए श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष देवकीनंदन मिश्राए पूर्व महामंत्री प्रतीक त्रिपाठीए विजय चौहानए हिमांशु चौहानए श्यामू चौहानए डॉ वरुण प्रताप सिंहए प्रेम मुरारी दुबेए अमर दीक्षितए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश संयुक्त महामंत्री सुशील दुबेए जिलाध्यक्ष राम जी अग्रवालए कोषाध्यक्ष यतीश स्वरूप सक्सेनाए जिला संयुक्त महामंत्री संजीव कुमार नगरए अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालूए किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ताए नरेश गुप्ता गोल्डीए प्रभाकर गुप्ताए वेद प्रकाश राठौरए सुमित गुप्ताए भाकियू ;अवधेशद्ध के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश कुमारए प्रदेश अध्यक्ष संतोष पाठक एवं श्री रामलीला कमेटी और श्री खाटू श्याम बाबा सेवा समिति के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

# सपा की पीडीए जनपंचायत में उमड़ा कार्यकर्ताओं का हुजूम





**मिर्जापुर।** सपा की पीडीए जनपंचायत का आयोजन शहर के

### बाबा साहब ने कहा था भले दुनिया में न रहूं पर संविधान के किताब में जिंदा रहूंगा : देवी प्रसाद चौधरी

महन्थ शिवाला स्थित फन सिटी के सभागार में किया गया। इस मौके पर सपा कार्यकर्ता व महिलाओं के अलावा आमजनता का हुजूम मौजूद रहा। जनपंचायत की शुरूआत बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। पीडीए जनपंचायत की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी व संचालन नगर विधानसभा सत्यप्रकाश यादव ने किया।इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा आज लोकतंत्र की रक्षा और बाबा साहब के बनाए संविधान को मजबूती के साथ लोगों के बीच लाने की जरूरत है। बाबा साहब ने अपने अंतिम संबोधन में कहा था कि मैं भले दुनिया में भले ना रहूं लेकिन संविधान की किताब में जिंदा रहूंगा। श्री चौधरी ने कहा भाजपा के लोगों ने अविश्वास पैदा किया है। अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। संविधान ही हमारा रक्षक है।

कार्यक्रम के आयोजक सपा वरिष्ठ नेता संतोष गोयल ने जनपंचायत सम्बोधित करते हुये कहा कि भाजपा की सरकार में किसान से लेकर मजदूर तक हर वर्ग मुसीबत में है। देश में उद्योगपतियों की बात हो रही है। पहलगाम का हमला बेहद दुर्भाग्य पूर्ण है, देश की बहादुर सेना ने इसका जवाब पाकिस्तान को दिया है, लेकिन इस घटना को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को अभी तक क्यों नहीं पकड़ा गया।

पूर्व सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा 2027 के चुनाव में सपा प्रदेश में मजबूती के साथ सरकार बनाएगी। कहा कि पीडीए एक राजनीतिक नहीं बल्कि भावनात्मक गठबंधन है। जो भी पीड़ित, दलित, वंचित और गरीब है वो पीडीए का हिस्सा है। इस मौके पर पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री मुन्नी यादव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, डॉ0 शक्ति श्रीवास्तव, राजकुमार यादव, वन्दना गुप्ता, झल्लू यादव, सतीश मिश्रा, गणेश केशरी, विकास केशरी, रामराज यादव, राहुल यादव, प्रिन्स राव, अर्जुन यादव, श्यामू सोनकर, रवि सोनकर, अशोक यादव, बब्लू शुक्ला, भरतलाल बिन्द, रामगोपाल बिन्द, रामजी बिन्द, अरशद अली, अमरेश सोनकर, रविन्द्र यादव, दुर्गा सिंह, रूपेश वर्मा, रोहित त्रिपाठी, संजय यादव, अहमद नवाज, चिन्तामणि यादव आदि लोग भी पी0डी0ए0 जनपंचायत में अपनी बात रखी।

## बारिश से कच्चा मकान हुआ धराशाई



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मुड़पेली गांव में बारिश से कच्चा मकान गिरकर धराशाई हो गया जिससे पीड़ित को लाखों रुपये की क्षति हुई है। पीड़ित ने क्षेत्रीय लेखपाल को सूचना दे दिया है जिससे दैवीय आपदा से क्षतिपूर्ति मिल सके मुड़पेली गांव निवासी मुंदर का कच्चा मकान बारिश से गिरकर धराशाई हो गया है। मकान गिरने से मकान के अंदर रखा गृहस्थी का सामान व खाद्यान समाग्री दबकर नष्ट हो गया है। पीड़ित ने घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल को दे दिया है जिससे पीड़ित को दैवीय आपदा राहत कोष से क्षतिपूर्ति मिल सके। मकान गिरने से पीड़ित को रहने के लिए परेशान होना पड़ रहा है। पीड़ित ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए क्षतिपूर्ति की मांग किया है। घटना की सूचना मिलने पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गोविन्द गौड़ ने मौके पर पहुंचकर आर्थिक मदद का आश्वासन दिया है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने बताया की बारिश से कच्चा मकान गिरकर क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर पीड़ित को आर्थिक मदद दिलाने का आश्वासन दिया गया है।

## सड़क पर टहल रहे युवक को बाईक सवार ने मारी टक्कर, दोनों रेफर

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बैधा गांव में शनिवार की रात्रि में सड़क पर टहल रहे युवक को तेजगति से आ रहे बाइक सवार युवक ने टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार व युवक दोनों गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों घायलों को ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के बैधा गांव निवासी खलीलउद्दीन सड़क पर टहल रहा था की गुर्गी की तरफ से जा रहे बाइक सवार पटपरा गांव निवासी दूध नाथ बाइक से जा रहा था की सड़क पर जा रहे युवक को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे युवक व बाइक सवार युवक दोनों गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घटना की सूचना एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 पर सूचना दिया। मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 के ईएमटी आशीष कुमार व पायलट इंद्रजीत यादव ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस सेवा वाहन से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक रविराज ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों की हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया है।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 250 मरीजों का हुआ उपचार



**हलिया (मिर्जापुर)।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 250मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है। उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला डॉक्टर विवेक खरे कि देखरेख में आयोजित किया गया। मेला में कुल 66मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन चिकित्सक कामेश्वर तिवारी के देखरेख में 41मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर बालकृष्ण मिश्रा के देखरेख में 53मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का डॉक्टर रविराज के देखरेख में 51मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला चिकित्सक मनीष कुमार कि देखरेख में 39 मरीजों का उपचार कर दवा वितरण किया गया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार, ड्रमण्डगंज, बरौधा मुड़पेली में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में कुल 250मरीजों का उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है। इस दौरान चिकित्सक डॉक्टर निर्मल, फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा, मनोज कुमार,सुभाष पटेल किशोर कुमार,राकेश पटेल, अरविन्द कुमार, स्टॉफ नर्स माया आदि मौजूद रहें।

## दो वर्ष की बेटी को छोड़कर महिला ने गंगा में लगाई छलांग



**चुनार (मिर्जापुर)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला टेकौर निवासिनी आरती साहनी उम्र 30 वर्ष पत्नी चंद्रशेखर साहनी ने रविवार को अपराह्न 3.30 बजे अपने घर से आकर पक्का पुल पर 2 वर्ष की बेटी को छोड़कर गंगा में छलांग लगा दी। प्रत्यक्षदर्शियो ने चुनार पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल पर अदलपुरा चौकी इंचार्ज सुरेश कुमार सिंह व व कस्बा चौकी इंचार्ज उदय नारायण मौर्य मय फोर्स पहुंचकर गोताखोरों की मदद से गंगा मे छलांग लगाई महिला का तलाश जारी है।बताया जा रहा है कि महिला की शादी लव मैरेज 11 वर्ष पहले टेकौर मोहल्ले में ही हुआ था। महिला के दो लड़कियां एक लड़का है। महिला घर से अपने 2 वर्ष के बिटिया को लेकर क्यों गंगा पक्का पुल पर आकर गंगा में छलांग लगाईइसका कोई अभी सुराग नहीं मिला। खबर लिखे जाने तक गोताखोरों द्वारा खोजबीन जारी है।

## जमुई अंडर पास पुलिया में भरा बरसात का पानी, राहगीरों को हो रही परेशानी

**चुनार (मिर्जापुर)।** जमुई चुनार मार्ग के जमुई अंडर पास पुलिया में बरसात का पानी जमा होने से स्थानीय व अन्य राहगीरों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। बाइक सवार व सायकिल सवारों ने मजबूर हो कर महिलाओं व बच्चों को अंडर पास पुलिया के ऊपर से रेलवे ट्रैक पार कर अपने गंतव्य को जा रहे हैं। बताते चले कि रेलवे क्रॉसिंग अंडर पास व जमुई अंडर पास पुलिया में बरसात का पानी जमा होने से रेलवे क्रॉसिंग के दोनों तरफ भीषण जाम लग रहा है और दोनों तरफवाहनों कि लंबी कतारे लग रही है।जिससे दो व चार पहिया वाहनों को बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।जाम इतना जबरजस्त लग रहा है कि एक से डेढ़ घंटा तक जाम में राहगीर फंसे रह जाते हैं। वहां से गुजर रहे वाराणसी रामेश्वर निवासी ललित पांडेय,सभासद गौतम बाबू जायसवाल, किशन मोदनवाल,शनि सिंह,मनीष शर्मा, अन्नू तिवारी, धर्मेंद्र चौधरी आदि ने बताया कि अंडर पास पुलिया में बरसात का पानी होने से वहां से आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया जिससे रेलवे क्रॉसिंग पर गेट बंद होने से घंटों जाम में फंसे रहने के लिए राहगीर मजबूर हैं।

## प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना से लोग बन रहे हैं स्वावलंबी



**जौनपुर।** जिला उद्यान अधिकारी डा0 सीमा सिंह राणा ने अवगत कराया कि उद्यान विभाग में पी0एम0एफ0एम0ई0 योजनान्तर्गत लोगो को स्वावलंबी बनाया जा रहा है। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा योजना से लाभान्वित उद्यमी गोबिन्द मोदनवाल ग्राम-सहाबुद्दीनपुर, तहसील- सदर जनपद जौनपुर के यहां जा कर उनके उद्योग के बारे जानकारी ली गई। गोबिन्द मोदनवाल द्वारा बताया गया कि वह पहले बेरोजगार थे और वह स्वावलंबी बनना चाहते थे, उनको इस योजना की जानकारी समाचार पत्रों तथा कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी द्वारा जानकारी प्राप्त हुई कि उद्यान विभाग में चल रही पी0एम0एफ0 एम0ई0 योजना के अन्तर्गत बेकरी उद्योग के लिए सुविधा उपलब्ध है, जिसमें उद्यमी को अच्छा लाभ प्राप्त हो सकता है। पूरी जानकारी प्राप्त कर गोबिन्द मोदनवाल ने आनलाइन पंजीयन उद्यान विभाग में पी0एम0एफ0 एम0ई0 योजना के अन्तर्गत बेकरी उद्योग के लिए कराया। प्रारम्भिक पूंजी के रूप में उन्होने 10 लाख रू0 स्वयं से उद्योग में लगाया तथा पी0एम0एफ0 एम0ई0 योजना के अन्तर्गत कैपिटल सब्सिडी के रूप में 35 प्रतिशत अनुदान देय है। उद्योग लगाने के पश्चात 60 से 70 हजार रू0 का प्रति माह शुद्ध लाभ प्राप्त हो रहा है। पहले वह स्वयं बेरोजगार थे पर अब वह चार लोग को खुद रोजगार दे रहें है। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि किसी भी प्रकार की खाद्य प्रसंस्करण इकाई लगाने हेतु डिस्ट्रीक रिसोर्स पर्सन सौरभ पटेल मो0न0-8934057791 आदित्य मौर्या मो0न0-7460034538, सुरभित गुप्ता मो0न0-9336522071, अशोक पाठक मो0न0-7355529239 करन सिंह मो0न0-9151789106 से सम्पर्क किया जा सकता है अथवा किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय में संपर्क कर सकतें है।

## गंगा में डुबकी लगाते समय श्रद्धालु के कपड़े, रुपये उचक्कों ने उड़ाया

**विंध्याचल (मिर्जापुर)।** कोतवाली क्षेत्र के दीवान घाट पर रविवार को गंगा स्नान करते समय गंगा स्नान के लिए दीवान घाट पहुंचकर अपना बैग, बनियान आदि उतार कर स्नान करनेचला गया। डुबकी लगाकर जैसेही बाहर निकला तो देखा उसके बैग और कपड़े गायब थे। बैग मेंलगभग 12 हजार रुपये भी थे। उसके पास न तो पैसे बचेऔर नहीं तन पर पहनने के लिए कपड़े। तनढंकनेके लिए एकमात्र गमछा ही शेष रह गया था। यह भी बताया कि उनके साथ और एक व्यक्ति आए हैं। उन्हीं के साथ किसी तरह वापस घर चला जाऊंगा। कोतवाली के समीप स्थित दीवान घाट विंध्याचल का प्रमुख स्नान घाट है। जहां सर्वाधिक स्नानार्थी स्नान के लिए पहुंचते हैं। इस घाट पर अक्सर ऐसी घटनाएं होती रहतीं हैं। लुटे-पिटे तीर्थयात्री रोते बिलखते चल जाते हैं लेकिन कोतवाली पुलिस जानकारी के बावजूद जरा भी हरकत में नहीं आती।

## कमरे का ताला तोड़ लाखों के जेवर, बर्तन चोरी

**जिगना (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के कुशहां गांव में बीती रात चोरों ने एक मकान के तीन कमरों का ताला तोड़कर लगभग ढाई लाख के जेवरात व घर-गृहस्थी का सामान पार कर दिया। मकान के ही एक कमरे में चोरी का माल छुपाकर रखे जाने की आशंका में पुलिस नेदूसरा ताला जड़ दिया। मकान मालिक शिवलाल प्रजापति नेआरोप लगाया कि परिवार के एक सदस्य की शह पर चोरी की घटना हुई है। शनिवार की शाम वह परिवार सहित रिश्तेदारी में चले गए थे। रविवार की सुबह घर पहुंचे तो अंदर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। टूटे बाक्स, इधर-उधर बिखरे सामान देखकर महिलाएं बिलखने लगीं। चोरों ने जेवरात के साथ बर्तन व कपड़े भी समेट लेगए। थाना प्रभारी अभय सिंह ने बताया कि मकान के एक कमरे में खिड़की से देखने पर चोरी का कुछ सामान नजर आया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला रेस्टोरेंट मैनेजर, मौत

**अहरौरा (मिर्जापुर)।** एक रेस्टोरेंट के मैनेजर ललित तिवारी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में रेस्टोरेंट के किचन में फंदे से लटकता मिला। पुलिस नेशव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टर नेमृत घोषित कर दिया। पुलिस नेशवको पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की पड़ताल में जुट गई है। अहरौरा थानाध्यक्ष अजय सेठ के अनुसार रेस्टोरेंट में 48 वर्षीय ललित तिवारी पुत्र दिवाकर लाल तिवारी निवासी मतुवा, सुरईया लहरपुर सीतापुर मैनेजर पद पर कार्यरत थे।रविवार को सुबह रेस्टोरेंट के किचन में फंदे से लटकता हुआ शव मिला। रेस्टोरेंट के किचन स्टॉफ के अनुसार ललित सुबह उठने के बाद टहलते हुए किचन की तरफ गए। काफी देर तक जब ललित किचन सेबाहर नहीं आए तो अन्य स्टॉफआशंकावश किचन मेंगए तो पर ललित को लटकता देख दहल उठे। कर्मचारियों नेरेस्टोरेंट संचालक सिद्धार्थ दुबे, दिवाकर पाण्डेय को देतेहुए पुलिसको सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस फंदे से लटकते मैनेजर को नीचे उतरवा कर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची।जहां चिकित्सक मनोज सिंह ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस घटना की जानकारी ललित के परिजनों को देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी हाऊस मिर्जापुर भेजवा दिया। फिलहाल मैनेजर के मौत के कारणों का पता लगाने में पुलिस रेस्टोरेंट के अन्य स्टाफ से पूछताछ शुरू कर दी है।

## भदौरा ब्लॉक में मनाया गया अंतराष्ट्रीय योग दिवस

**स्वतंत्र भारत सेवराई।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ब्लाक परिसर में खण्ड विकास अधिकारी के के सिंह के नेतृत्व में उत्साहपूर्ण और प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रातः काल आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में ब्लाक के सभी कर्मचारियों, सचिव, ग्राम पंचायत अधिकारियों और गणमान्य लोगों के द्वारा सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, और विभिन्न योगासनों का प्रदर्शन किया। इस आयोजन में स्थानीय लोगो की भागीदारी देखी गई, जिसने कार्यक्रम को और अधिक जीवंत बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ के के सिंह ने किया तथा योग के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किया। उन्होंने कहाकि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन भी प्रदान करता है।

## विद्यालय पेयरिंग, मर्जर के खिलाफ होगी आर-पार की लड़ाई : अमित सिंह



**जौनपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जौनपुर के अध्यक्ष एवं प्रांतीय संयुक्त महामंत्री अमित सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि परिषदीय विद्यालयों की पेयरिंग/मर्जर के विरोध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने इस मुद्दे पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करने एवं इस आदेश को तत्काल वापस लेने के लिए आंदोलन का ऐलान किया है। संयुक्त महामंत्री ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों के पेयरिंग/मर्जर के आदेश को छात्र,शिक्षक व शिक्षा विरोधी है। पेयरिंग/मर्जर की कार्यवाही बेसिक शिक्षा विभाग के लिए एक आत्मघाती कदम सिद्ध होगा। यह शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 एवं बाल अधिकार के सर्वथा विपरीत है।इससे सबसे ज्यादा प्रभावित ग्रामीण अंचल की बेटियां होंगी, क्योंकि आज भी गांवों अशिक्षा एवं गरीबी के कारण अभिभावक बच्चियों को पढ़ाने रुचि

### पेयरिंग,मर्जर की कार्यवाही वापस होने तक जारी रहेगा आंदोलन

नहीं लेते हैं ऐसे यदि विद्यालय गांव से दूर हो जाएगा तो सुरक्षा एवं सुविधा के अभाव में अभिभावक बेटियों को दूर दूसरे गांवों में पढ़ने के लिए भेजने से परहेज करेंगे।

कतिपय विद्यालयों में छात्र संख्या कम होने पर विभागीय अधिकारियों की दोषपूर्ण ढंग से मान्यता देने की नीति को जिम्मेदार ठहराते हुए परिषदीय विद्यालयों की एक किलोमीटर की परिधि में दिए गए स्कूलों की मान्यता की जांच कराकर प्रत्याहरित करने की मांग की है। वही बड़े पैमाने पर चल रहे गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों के विरुद्ध विभागीय अधिकारियों की चुप्पी पर आक्रोश व्यक्त किया है। श्री सिंह ने कहा कि कतिपय विद्यालयों में प्रदर्शित की जा रही कम छात्र संख्या में शिक्षकों का कोई दोष नहीं है।शिक्षकों को बेवजह बदनाम किया जा रहा है।नियमों का उल्लंघन करके बड़े पैमाने पर प्रत्येक जिले में मान्यता दी गई है जिसकी जांच कराई जानी चाहिए। विद्यालयों को बंद करना समस्या का हल नहीं है। इस मसले पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए आगामी 27 जून को प्रदेश के सभी जनपदों में दोपहर बाद एक बजे सभी जिलाध्यक्ष/मंत्री के नेतृत्व में संबंधित जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। पेयरिंग/मर्जर का फैसला वापस न होने पर रणनीति तय करके बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा।

इसी क्रम में आगामी 27 जून को दिन में 1 बजे जिला इकाई जौनपुर के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी महोदय जौनपुर के माध्यम से पेयरिंग/मर्जर के खिलाफ माननीय मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन दिया जाएगा।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

## 5 महिलाओं का पुलिस ने किया चालान

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मोहनदाबाद गोहना पुलिस ने अलग-अलग मामलो में ने पांच महिलाओं का शांति भग में न्यायालय चालान किया मीरा देवी पत्नी प्रेमचन्द्र चौहान सा0 वरीयासन कमालपुर कोलौरा थाना मु.बाद मऊ व विद्यावती देवी पत्नी सुरेश विश्वकर्मा सा0 हासपुर थाना मु.बाद मऊ के मध्य जमीन की कब्जेदारी व नींव खोदने को लेकर विवाद व प्रथम पक्ष की किरन देवी पत्नी महेन्द्र शर्मा उम्र 40 वर्ष सा0 भातकोल थाना मु0बाद गोहना जनपद मऊ व द्वितीय पक्ष की सविता पत्नी अवधेश उम्र 50 वर्ष सा0 भातकोल थाना मु0बाद गोहना मऊ आपसी जमीनी विवाद मे कहासुनी को लेकर शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत अन्तर्गत सुसंगत धाराओ मे चालान किया गया ।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों के लिये मुहरबन्द "खुली निविदा" वरिष्ठ मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार, इंजीनियर, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है:-

- **निविदा सूचना संख्याः 12 वर्ष 2025,** कार्य का विवरणः लखनऊ मंडल में विभिन्न CTR-TTR और अन्य इंजीनियरिंग कार्यो के संबंध में सिग्नलिंग कार्य और लखनऊ जं. मंडल के मोतीगंज (MOTG) और टिकरी (TRE) मेंआरजीएम साइडिंग के प्रावधान के संबंध में सिग्नल केबल शिफ्टिंग कार्य। अनुमानित लागतः ₹ 3,13,28,111.91, बयाना राशिः ₹ 3,06,700/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः ₹ 0.00, कार्य समापन अवधिः 09 माह।
- **निविदा सूचना संख्याः 22 वर्ष 2025,** कार्य का विवरणः लखनऊ जं. मंडल के कर्नलगंज स्टेशन पर PQRS साइडिंग और PQRS बेस डिपो के प्रावधान के संबंध में एस एंड टी संबंधित कार्य और बुढ़वल-बाराबंकी (UP और DN) में एस एंड टी संबंधित कार्य-सीटीआर (पी)-24.600 टीकेएम। अनुमानित लागतः ₹ 88,95,523.23, बयाना राशिः ₹ 1,77,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः ₹ 0.00, कार्य समापन अवधिः 06 माह।

(1) निविदाओं के बन्द होने की अंतिम तिथि एवं समयः 17-07-2025 को 15:00 बजे।

**नोटः** इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* को देखें।

मुजाधि/सिगनल-22 **वमसिदूई, लखनऊ**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का हुआ आयोजन

**स्वतन्त्र भारत सेवराई।** तहसील क्षेत्र के एशिया के सबसे बड़े गांव गहमर में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर प्रकृति की गोद में बसा गोमुख से गंगासागर का मध्य स्थल एशिया महाद्वीप के सबसे बड़े व गांव गहमर के नारायण घाट पर मुरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान आयुष मंत्रालय भारत सरकार की सहयोग से इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन व नारायण योग प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र गहमर के आयोजन से योगाचार्य डॉ. बुद्ध नारायण उपाध्याय के सानिध्य में एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर सभी ने योग किया। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ विनोद ने किया। सबसे पहले प्रार्थना, शारीरिक संचालन, खड़े होकर किए जाने वाले आसन ताड़ासन, वृक्षासन,हस्तपादासन अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन बैठकर किए जाने वाले आसन भद्रासन, वज्रासन अर्ध उष्ट्रासन उष्ट्रासन मंडूकासन,बक्रासन उधर के बाल लाकर किए जाने वाले आसन मकरासन ,भुजंगासन, सलभासन पीठ के बाल लाकर किए जाने वाले आसन सेतु बंधासन उत्तानपादासन अर्ध हलासन पवनमुक्तासन स्वासन कपालभाति क्रिया के बाद प्राणायाम नाड़ी शोधन अनुलोम विलोम प्राणायाम शीतली प्राणायाम भ्रामरी प्राणायाम इसके बाद ध्यान संकल्प के बाद अंत में शांति पाठ के साथ फल के रूप में आम का वितरण किया गया। योग गुरु के द्वारा जल योग का नजारा अदभुत रहा।

## बाढ़ संभावित क्षेत्रों का एसडीएम ने किया दौरा, ली जानकारी

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** रविवार को अवकाश के बावजूद उपजिलाधिकारी मधुबन राजेश अग्रवाल ने तहसील क्षेत्र के संभावित बाढ़ क्षेत्रों का दौरा किया। बाढ़ प्रभावित आश्रय स्थल जनता शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज दुबारी, राम सुंदर इंटर कॉलेज गाजियापुर, जूनियर हाईस्कूल सोनवर्षा एवं विभूति नारायण इंटर कॉलेज सूरजपुर का निरीक्षण किया। इन केंद्रों से सम्बद्ध बाढ़ के ग्रामों के बारे में क्षेत्रीय लेखपाल, ग्राम प्रधान तथा जनता से जानकारी ली। केंद्र में मूलभूत सुविधाओं को भी देखा। बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर लोगों को कैसे स्थापित किया जाएगा, उनके रहने, खाने पीने, विद्युत, शौचालय की व्यवस्था की जानकारी ली गई। मौके पर उपस्थित सभी कर्मचारियों तथा जनता से एसडीएम राजेश अग्रवाल ने कहा कि हमें बिल्कुल अलर्ट मोड में रहना है। सभी को मिलजुल कर सेवा की भावना से कार्य करना है। इसके पश्चात एसडीएम द्वारा सूरजपुर घाघरा नदी के किनारे चयनित मॉक ड्रिल के स्थान का भी निरीक्षण किया।

**स्वतंत्र भारत**

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

फोन : 0512-2332212, 0512-2330533

E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।**

आरएनआई रजि नं. 50969/89 डाक पंजीयन सं. के.पी./सिटी एल.पी.पी./2/96

कानपुर, सोमवार, 23 जून, 2025

# ट्रंप की खुली चेतावनी अभी भी कई टारगेट बचे हैं




**वॉशिंगटन।** ईरान के तीन न्यूक्लियर ठिकानों पर बमबारी करने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को चेतावनी दी है। ट्रंप ने कहा है कि ईरान के पास शांति या त्रासदी के बीच एक का विकल्प बचा है। अमेरिका ने शनिवार को बी-2 बॉम्बर्स के जरिए ईरान के तीन परमाणु ठिकानों- फोर्दो, इस्फहान और नातांज पर एयर स्ट्राइक की। हमलों के बाद देश को संबोधित करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि ईरान को याद रखना चाहिए कि अब भी कई टारगेट बचे हुए हैं।

ट्रंप ने कहा, यह (परमाणु कार्यक्रम) जारी नहीं रह सकता। ईरान के लिए या तो शांति होगी या फिर त्रासदी होगी, जो पिछले आठ दिनों में हमने देखी है उससे कहीं ज्यादा। याद रखें, अभी कई लक्ष्य बचे हैं। आज रात का लक्ष्य अब तक का सबसे मुश्किल था, और शायद सबसे घातक भी। लेकिन अगर शांति जल्दी नहीं आती है, तो हम सटीकता, गति और कौशल के साथ उन अन्य लक्ष्यों पर हमला करेंगे। उनमें से ज्यादातर को कुछ ही मिनटों में नष्ट किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा, मैं उन महान अमेरिकी देशभक्तों को बधाई देना चाहता हूं, जिन्होंने आज रात उन शानदार ठिकानों को उड़ाया। उम्मीद है कि हमें अब उनकी सेवाओं और इस क्षमता की जरूरत नहीं होगी। मुझे उम्मीद है कि ऐसा ही होगा। ट्रंप ने आगे कहा, मिडिल ईस्ट के धमकाने वाले ईरान को अब शांति स्थापित करनी चाहिए। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो भविष्य में हमले कहीं अधिक बड़े और आसान होंगे। 40 वर्षों से, ईरान इजरायल को मौत, अमेरिका को मौत कहता आ रहा है। वे हमारे लोगों को मार रहे हैं, उनके हाथ उड़ा रहे हैं, सड़क किनारे बमों से उनके पैर उड़ा रहे हैं। उनके जनरल कासिम सुलेमानी ने बहुत से लोगों को मार डाला। मैंने बहुत पहले ही तय कर लिया था कि मैं ऐसा नहीं होने दूंगा। यह जारी नहीं रहेगा।

# नई रणनीति : यूक्रेन तैयार कर रहा इंटरसेप्टर ड्रोन

**मॉस्को।** रूस यूक्रेन के बीच जारी जंग खत्म होती नहीं दिख रही है। हालांकि दोनों शांति समझौते के लिए दोनों पक्षों से वार्ता जारी है।

### जेलेंस्की का दावा, रूसी हमलों का ऐसे करेंगे मुकाबला

इस बीच, सामने आया है कि यूक्रेन अपने शहरों पर हो रहे रूसी ड्रोन हमलों को नाकाम करने के लिए इंटरसेप्टर ड्रोन के तेजी से विकास पर काम कर रहा है। राष्ट्रपति वोलोदिमीर ने इसका खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि यूक्रेनी अधिकारियों ने हाल के दिनों में रूसी हमलों में ईरानी डिजाइन वाले शाहेड ड्रोनों की संख्या में तेजी से वृद्धि देखी है। जेलेंस्की ने वीडियो संबोधन में कहा, हम इंटरसेप्टर ड्रोन पर भी अलग से काम कर रहे हैं, जिसका उद्देश्य शाहेड ड्रोन के खिलाफ सुरक्षा बढ़ाना है। हमारे कई घरेलू उद्योग कई प्रकार के ड्रोन बना रहे हैं। इंटरसेप्टर ड्रोन के उत्पादन में भी तेजी आई है। उन्होंने कहा कि शत्रु ज्यादा से ज्यादा शाहेद ड्रोन का इस्तेमाल कर रहा है। ऐसे में हम अलग तकनीक की तलाश कर रहे हैं।

इससे पहले वायु सेना के प्रवक्ता यूरी इहनात ने इस हफ्ते यूक्रेनी मीडिया को बताया था कि ड्रोन वायु रक्षा हमें अपने साधनों का तर्कसंगत तरीके से उपयोग करने में मदद करेगी। उन्होंने कहा, हम दुश्मन के ड्रोनों का पीछा करने के लिए लगातार दुर्लभ वायु और विमान भेदी निर्दिष्ट मिसाइलों और विमान का उपयोग नहीं कर सकते। बता दें कि रूसी सेना एक ही रात में 400 से अधिक ड्रोन हमले कर रही है। इस हफ्ते कीव पर संयुक्त हमले में 440 ड्रोन व 32 मिसाइलें दागी गई। इन हमलों में अपार्टमेंट का एक हिस्सा ढह गया था, जिसमें 28 लोग मारे गए थे।

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि हालिया अदला-बदली के दौरान रूस ने अपने ही 20 मृत सिपाहियों के शव यूक्रेन को सौंप दिए। जेलेंस्की ने घायल व मृत सैनिकों की अदला-बदली में रूस पर लापरवाही व अव्यवस्था का आरोप लगाया है।

# 'महाबम' है जीबीयू 57 एबी/एमओपी

## ईरानी परमाणु ठिकानों पर बरसाए गए | अमेरिका छोड़ किसी के पास नहीं



© US Department of Defense/AFP

**तेहरान।** अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमला बोल दिया है। इस हमले के लिए अमेरिका ने बी-2 स्टेल्थ बॉम्बर और जीबीयू 57 एबी/एमओपी बमों का इस्तेमाल किया। साधारण भाषा में कहें तो यह बम नहीं, बल्कि महाबम है। ट्रंप का दावा है कि उसने ईरान के फोर्दो परमाणु ठिकाने को नुकसान पहुंचाया है। बता दें कि यह परमाणु ठिकाना जमीन के नीचे है और बेहद मजबूत माना जाता है। ऐसे में फोर्दो परमाणु ठिकाने पर साधारण हमले से कोई खास असर भी नहीं होने वाला था। यही वजह थी कि इजरायल चाह रहा था कि अमेरिका अपने इस घातक हथियार का इस्तेमाल करके ईरान को नुकसान पहुंचाए। जीबीयू-57 मैसिव ऑर्डिनेंस पेनेट्रेटर (एमओपी) बेहद खतरनाक है। इसे खासतौर पर जमीन के अंदर बनाए गए ठिकानों पर हमले के लिए तैयार किया गया है।

यह मजबूत से मजबूत बंकर और टनल को तबाह करने में सक्षम है। यह मिलिट्री जीपीएस से चलता है कठिन से कठिन लक्ष्य को भी भेदने में कामयाब रहता है। एमओपी लंबाई में 20.5 फीट का होता है और इसका डायामीटर 31.5 इंच का रहता है। अगर वजन की बात करें तो यह 30 हजार पाउंड से कुछ कम वजनी होता है। एमओपी के अंदर 5300 पाउंड विस्फोटक होता है। बताया जाता है कि यह अपने पहले के हथियार बीएलयू-109 की तुलना में दस गुना अधिक घातक है।

**जमीन के 200 फीट अंदर तक मचाता है तबाही**

एमओपी को जो बात सबसे अलग बनाती है, वह है इसकी जमीन के अंदर तबाही मचाने की क्षमता। यह जमीन के 200 फीट के अंदर जाकर धमाका करता है। इसे एक खास किस्म की हाई-परफॉर्मेंस वाली स्टील की परतों में सुरक्षित किया जाता है। इससे एमओपी बड़े विस्फोटक पेलोड्स को ले जाने में सक्षम होता है। साथ ही इसकी जमीन के अंदर घुसने की क्षमता भी प्रभावित नहीं होती।

# अमेरिका की एंट्री के बाद ईरान के पास क्या हैं विकल्प

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** अमेरिका के ईरान पर हमले के बाद पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक हालात बेहद उलझ गए हैं और आशंका है कि अब ईरान इजरायल के बीच शुरू हुआ संघर्ष पूरे पश्चिम

### अब रूस और चीन के कदमों पर भी टिकीं निगाहें

एशिया को चपेट में ले सकता है। अमेरिका के हमले के बाद अब सभी की निगाहें ईरान पर टिकी हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने बयान में साफ कहा कि अगर ईरान अमेरिका पर हमले का जवाब नहीं देता है तो शांति स्थापित होगी और अगर ईरान ने जवाब दिया तो त्रासदी होगी। ऐसे हालात में ईरान इजरायल संघर्ष किस करवट बैठ सकता है और इसमें ईरान के लिए क्या विकल्प हो सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि ईरान के सामने अब केवल पांच रास्ते हैं। इनमें से किसी



एक को वह चुन सकता है लेकिन यह तय है कि आगे अभी जंग और तेज होगी।

पहला रास्ता यह है कि ईरान, अमेरिका के हमले के बाद पश्चिम एशिया में अमेरिकी नागरिकों और अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला कर सकता है। ऐसे में पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिका के सैन्य ठिकानों और अमेरिकी नागरिकों को अलर्ट किया गया है। अमेरिकी शहरों में भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और अहम ठिकानों की निगरानी बढ़ा दी गई है। दूसरी स्थिति में इजरायल पर भी हमले तेज हो सकते हैं। अमेरिका के हमले के कुछ देर बाद ही ईरान ने इजरायल पर मिसाइल हमले किए, जिस पर इजरायल ने भी पलटवार किया। आशंका है कि इजरायल, ईरान की सैन्य ताकत की रीढ़ इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स पर हमले भी कर सकता है। तीसरे विकल्प के अनुसार ईरान पर हमले के जवाब में उसके कथित प्रॉक्सी संगठन हिजबुल्ला और हमास भी इजरायल पर हमले शुरू कर सकते हैं। हिजबुल्ला ने तो ईरान के समर्थन में इजरायल पर हमले का एलान कर ही दिया है। हालांकि इजरायल के हमलों के बाद इनकी ताकत बेहद कम हो गई है, लेकिन ये इजरायल की परेशानी थोड़ी बढ़ा सकते हैं। चौथी स्थिति में पश्चिम एशिया में संघर्ष बढ़ने के बाद तेल की कीमतों में भी उछाल आ सकता है। दरअसल ईरान ने धमकी दी थी कि अगर लड़ाई में अमेरिका शामिल हुआ तो वे होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यापारिक जहाजों की आवाजाही को बाधित कर देंगे। साथ ही ईरान के समर्थन में हूती विद्रोही भी लाल सागर में व्यापारिक जहाजों पर हमले कर सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो इसका पूरी दुनिया पर असर पड़ेगा। पांचवीं स्थिति यह बनती है कि रूस और चीन ने हाल ही में ईरान और इस्राइल से एक दूसरे पर हमले बंद करने की अपील की थी, लेकिन साथ ही कूटनीतिक तौर पर ईरान का समर्थन किया था। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने तो अमेरिका को चेतावनी भी दी थी और ईरान पर हमले ने करने को कहा था। चीन ने भी अमेरिका पर संघर्ष को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था। ऐसे में अब रूस और चीन के अगले कदम पर सभी की निगाहें हैं।

# बेहद खतरनाक है बी2 बॉम्बर जेट

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला कर दिया है। इस हमले में जीबीयू-57 एमओपी बमों का इस्तेमाल किया गया है। वहीं, इन बमों को ठिकाने तक ले जाने के लिए अमेरिका ने

### राडार भी इन्हें नहीं पकड़ सकता

बी-2 बॉम्बर जेट लगाए थे। बी-2 बॉम्बर जेट बेहद घातक हैं। इनकी खासियत यह है कि इन्हें राडार भी नहीं पकड़ सकता। एक बी-2 बॉम्बर जेट दो जीबीयू-57 बमों को लेकर उड़ान भर सकता है। बी-2 बॉम्बर में दो पायलटों के बैठने की जगह है। यह बहुत नीचे से उड़ान भरता है। इसलिए आमतौर पर यह राडार की पकड़ से दूर रहता है। इसकी बनावट कुछ ऐसी है मानों यह एक बेहद छोटी सी चिड़ि‍या हो। इसकी फ्लाइंग विंग की डिजायन, राडार एब्जॉर्ब करने वाले मटीरियल्स इसे और भी ज्यादा खास बनाते हैं। बेहद छोटे आकार के बावजूद बी-2 की क्षमता बेमिसाल है। यह 20 टन तक का भार उठा सकता है। इसके चलते यह किसी मिशन के दौरान दो जीबीयू-57 एमओपी को साथ ले जाने की क्षमता रखता है। इतना ही नहीं, यह 80 एमके 82 बम, 16 जेडीएमए या फिर 16 परमाणु बी61/बी83 बमों को लेकर जा सकता है।

**2.1 बिलियन डॉलर है एक बी-2 को बनाने की लागत**

अमेरिका के एक बी-2 को बनाने में करीब 2.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर खर्च होते हैं। इस तरह से सबसे महंगा मिलिट्री एयरक्राफ्ट है। इसे नॉरथ्रॉप ग्रम्मैन ने तैयार किया है। एक बार ईंधन भरने के बाद यह बॉम्बर 6 हजार नॉटिकल मील की उड़ान भर सकता है। इस बॉम्बर में हवा में ही ईंधन भरने की क्षमता भी है। इस तरह यह दुनिया में किसी भी ठिकाने को निशाना बना सकता है।

## एक नज़र

### अमेरिकी हमले का इजरायल को पहले से पता था

**तेल अवीव।** ईरान और इजरायल के बीच चल रहे संघर्ष को दूसरा सप्ताह हो गया है। इस बीच, अमेरिका भी इस संघर्ष में शामिल हो गया है। अमेरिका ने रविवार को ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमला किया। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जैसे ही अमेरिका ने ईरान पर हमला किया, इजरायली अधिकारियों ने बताया कि उन्हें इस हमले की पहले से ही जानकारी थी। इजरायल के सरकारी न्यूज चैनल कान के मुताबिक, इजरायली अधिकारियों ने कहा कि फोर्डो, नतांज और इस्फहान जैसे परमाणु ठिकानों पर हमला पूरी तरह अमेरिका और इजरायल के बीच तालमेल से किया गया। इसके अलावा, इजरायली अधिकारियों ने यह भी बताया कि तेल अवीव को ईरान पर हमला करने की अमेरिका की योजना के बारे में पता था। इजरायली अधिकारियों ने यह भी बताया कि अमेरिका ने ईरान पर हमला करने के लिए अपने खास बी-2 स्टील्थ बॉम्बर्स विमानों का इस्तेमाल किया। कई बी-2 विमान, जो विशाल बंकर बस्टर बम गिराने में सक्षम हैं, ईरानी परमाणु स्थलों पर हमले से पहले गुआम में तैनात किए गए थे।

### 'ट्रंप ने ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोका'

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जमकर तारीफ की। दरअसल, अमेरिकी सेना ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर बहुत सफल हमला बोला। ट्रंप ने शनिवार रात अमेरिका को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिकी सेना ने ईरान की परमाणु सुविधाओं को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान को अब शांति की राह पर लौटना चाहिए। इसे लेकर नेतन्याहू ने कहा कि उनका साहसिक निर्णय इतिहास बदल देगा। राष्ट्रपति ट्रंप और मैं अक्सर कहते हैं कि शक्ति के माध्यम से शांति आती है। पहले शक्ति आती है, फिर शांति आती है। आज रात, डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिका ने ऐसा ही कुछ कर दिखाया है। नेतन्याहू ने ईरान के तीन मुख्य परमाणु ठिकानों फोर्डो, नतांज और इस्फाहान पर अमेरिकी विमानों की ओर से हमला किए जाने के बाद एक वीडियो संबोधन में कहा कि बधाई हो, राष्ट्रपति ट्रंप। अमेरिका की जबरदस्त और न्यायपूर्ण शक्ति के साथ ईरान की परमाणु सुविधाओं को निशाना बनाने का आपका साहसिक निर्णय इतिहास बदल देगा।

### ईरान को मिला यमन का साथ!

**यमन।** यमन के मिलिशिया समूह हूती विद्रोहियों ने धमकी दी है कि अगर अमेरिका ईरान-इज़राइल संघर्ष में शामिल होता है तो मध्य पूर्व में अमेरिकी जहाजों पर हमला किया जाएगा। हौथी विद्रोहियों के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याहा सारी ने कहा कि ईरान के खिलाफ़ इज़रायली दुश्मन के समर्थन में कोई भी अमेरिकी हमला और आक्रमण, जिसका उद्देश्य इज़रायली दुश्मन को पूरे क्षेत्र पर नियंत्रण करने में सक्षम बनाना है - इस पर चुप नहीं रहा जा सकता। अगर इज़रायली दुश्मन के साथ मिलकर ईरान पर हमले और आक्रमण में अमेरिकी शामिल होता है, तो यमन की सशस्त्र सेना लाल सागर में उसके जहाजों और युद्धपोतों को निशाना बनाएगी। सशस्त्र बल क्षेत्र में सभी गतिविधियों पर नज़र रख रहे हैं, जिसमें हमारे देश के खिलाफ़ शत्रुतापूर्ण गतिविधियाँ भी शामिल हैं, और ईश्वर की मदद से, हमारे प्यारे देश और उसके गौरवशाली लोगों की रक्षा के लिए आवश्यक वैध उपाय करेंगे।

### ऊबर कैब में नौसेना अधिकारी की पत्नी से छेड़छाड़

**मुंबई।** मुंबई में उबर कैब में यात्रा के दौरान 28 वर्षीय महिला को कथित तौर पर यौन उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। घटना की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि महिला पायलट के साथ यह घटना रात करीब 11.15 बजे हुई, जब वह दक्षिण मुंबई से घाटकोपर स्थित अपने घर लौट रही थी। पुलिस के अनुसार, पीड़ित महिला का पति नौसेना में अधिकारी है और अभी तक उसे सरकारी आवास नहीं मिला है, इसलिए वह नौसेना के आवासीय परिसर में रहता है, जबकि महिला घाटकोपर में रहती है। यह घटना तब हुई जब गुरुवार को दक्षिण मुंबई के एक रेस्तरां में डिनर के बाद पति ने महिला के लिए उबर कैब बुक की।

# अमेरिकी एडवायजरी ने पैदा की नई बहस

**नई दिल्ली।** अमेरिकी विदेश विभाग ने भारत में रहने वाले अमेरिकी नागरिकों और कामगारों के लिए लेवल 2 की ट्रैवल एडवाइजरी जारी कर एक बार फिर बहस छेड़ दी है। इस चौंकाने वाले फैसले में, अमेरिका ने अपने नागरिकों, विशेषकर महिलाओं को, भारत में किसी भी पर्यटन स्थल या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अधिक सावधानी बरतने की सलाह दी है। विदेश विभाग ने अपनी एडवाइजरी में भारत में बलात्कार, हिंसा और आतंकवाद की घटनाओं में वृद्धि का हवाला दिया है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने अपनी ट्रैवल एडवाइजरी को अपडेट करते हुए भारत में अपने नागरिकों को अधिक सावधानी बरतने की सलाह दी है। इस एडवाइजरी में अपराध और आतंकवाद को मुख्य कारण बताया गया है, जहाँ कुछ क्षेत्रों में जोखिम को %अधिक% बताया गया है। एडवाइजरी के अनुसार, भारत में हिंसक अपराध और आतंकवाद होते हैं। इसमें विशेष रूप से कहा गया है कि बलात्कार भारत में सबसे तेजी से बढ़ते अपराधों में से एक है। यौन उत्पीड़न सहित हिंसक अपराध पर्यटक स्थलों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी होते हैं। आतंकवाद के खतरे पर प्रकाश डालते हुए, अमेरिका ने अपने नागरिकों से पर्यटक स्थलों, परिवहन केंद्रों, बाजारों/शॉपिंग मॉल और सरकारी सुविधाओं से बचने का आग्रह किया है, क्योंकि ये आतंकवादी हमलों के लिए संवेदनशील माने जाते हैं। जम्मू-कश्मीर के केंद्र शासित प्रदेश के लिए विशेष चेतावनी जारी की गई है, जहाँ आतंकवाद और नागरिक अशांति के कारण यात्रा न करने की सलाह दी गई है (पूर्वी लद्दाख क्षेत्र और लेह को छोड़कर)।

# खैबर पख्तूनख्वा में नौका डूबी, सात पर्यटकों की मौत


**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को एक नौका के डूब जाने से उसमें सवार सात पर्यटकों की मौत हो गई। बचाव अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि स्वात जिले के कलाम के शाही बाग इलाके में 10 पर्यटकों को ले जा रही नौका के पलट जाने से सात लोगों की मौत हो गई, जबकि स्थानीय लोगों ने तीन अन्य को बचा लिया। बचाव अधिकारियों के अनुसार, चार पर्यटकों के शव बरामद कर लिए गए हैं। स्थानीय अधिकारियों और बचाव दलों को तैनात कर दिया गया है, लेकिन भूभाग की जटिल संरचना और सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थित होने के कारण बचाव प्रयासों में बाधा आ रही है।

# दंपती को 18 करोड़ का मुआवजा दे डॉक्टर : यूएस कोर्ट

**अटलांटा।** अमेरिका के जॉर्जिया राज्य में एक अदालत की जूरी ने एक जोड़े को 22.5 लाख डॉलर (करीब 18 करोड़ रुपये) का मुआवजा देने का फैसला सुनाया है। इस जोड़े ने एक पैथोलॉजिस्ट पर आरोप लगाया था कि उसने

### इंस्टाग्राम पर डाला था गला कटे बच्चे का वीडियो

उनके गला कटे नवजात की ऑटोप्सी (मृत्यु के बाद जांच) के खौफनाक वीडियो बिना अनुमति के सोशल मीडिया पर अपलोड किए। जूरी का फैसला डॉक्टर जैक्सन गेट्स के खिलाफ आया। माता-पिता जेसिका रॉस और ट्रेवॉन टेलर सीनियर ने जुलाई 2023 में जन्म के दौरान मारे गए अपने बेटे ट्रेवॉन टेलर जूनियर की ऑटोप्सी कराने के लिए गेट्स को नियुक्त किया था। बच्चे की डिलीवरी के दौरान उसका सिर धड़ से अलग हो गया था। माता-पिता ने अलग से उस डॉक्टर और अस्पताल पर भी मामला दर्ज किया है, जहां बच्चे का जन्म हुआ था। वह मामला अभी अदालत में लंबित है। सितंबर 2023 में दर्ज एक मुकदमे में इस जोड़े



ने कहा था कि डॉक्टर गेट्स ने उनके नवजात बेटे की ऑटोप्सी के कई वीडियो उनकी अनुमति के बिना इंस्टाग्राम पर डाले। पहले तो डॉक्टर ने उनके वकीलों के पत्र के बाद वीडियो हटा दिए, लेकिन बाद में उन्होंने वही वीडियो दोबारा पोस्ट कर दिए। डॉक्टर गेट्स के वकील इरा लिवनाट ने शनिवार को कहा कि उनके मुवक्किल आमतौर पर ऑटोप्सी से जुड़े वीडियो शैक्षणिक उद्देश्य और पारदर्शिता के लिए पोस्ट करते थे-खासतौर पर तब जब लोगों को लगता है कि अस्पताल ने लापरवाही की है। चूंकि गेट्स ने शुरुआती समय में अदालत में जवाब नहीं दिया, इसलिए अदालत ने उनके खिलाफ गलत फैसला सुनाया। इसमें उन्हें मानसिक पीड़ा पहुंचाने, निजता का उल्लंघन और धोखाधड़ी का दोषी पाया गया।

# मानसून में स्मार्ट और स्टाइलिश फैशन!

मानसून के मौसम में स्टाइल और कंफर्ट का तालमेल ज़रूरी हो जाता है। एण्डटीवी के लोकप्रिय शो हप्पू की उलटन पलटन' में मलाइका का किरदार अदा कर रहीं सोनल पंवार ने कहा, ''मेरे लिये मानसून फैशन का मतलब है स्मार्ट और स्टाइलिश दोनों होना। मैं आमतौर पर एंकल-लेंथ ड्रेसेज़ या घुटनों तक की कुर्तियां पहनना पसंद करती हूं, ताकि बाहर निकलते समय कपड़े कीचड़ से बच सकें। इस मौसम में मलमल और रेयॉन जैसे फैब्रिक बेहतरीन रहते हैं। मैं नेवी ब्लू, एमराल्ड ग्रीन और मैरून जैसे डार्क कलर्स पसंद करती हूं क्योंकि ये बारिश के मौसम में ज्यादा उपयुक्त होते हैं और इन पर पानी के दाग भी नहीं दिखते। डेनिम तो मैं पूरी तरह से अवॉइड करती हूं और उसकी जगह ढीली पैंट्स या लेगिंग्स पहनती हूं। फुटवियर की बात करें तो मुझे स्टाइलिश रबर सैंडल या क्रॉक्स बहुत पसंद हैं, क्योंकि ये फैशनेबल भी होते हैं और आरामदायक भी। एक रंग-बिरंगी प्रिंट वाली छोटी छतरी और वॉटरप्रूफ स्लिंग बैग मेरे मानसून लुक को पूरा करते हैं।''

इसी तरह 'भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी उर्फ़शुभांगी अत्रे ने अपने मानसून स्टाइल टिप्स शेयर करते हुए बताया, ''मानसून में मुझे जॉर्जेट या सिंथेटिक ब्लेंड की हल्की साड़ियां पहनना बहुत पसंद है। ब्लाउज़ के लिए मैं एल्बो-लेंथ या स्लीवलेस स्टाइल को प्राथमिकता देती हूं, जो जल्दी सूखने वाले फैब्रिक से बने हों। जब साड़ी नहीं पहनती, तो मैं ए-लाइन कुर्ती और प्रिंटेड पलाज़ो का कॉम्बिनेशन चुनती हूं। कोरल, मस्टर्ड और टर्काइज़ जैसे ब्राइट कलर मानसून के मौसम में मूड को तुरंत फ्रेश कर देते हैं।



ऐक्सेसरीज़ की बात करें तो मैं सिंपल चीज़ें रखती हूं जैसे प्लास्टिक या रेज़िन की चूड़ियां, वॉटरप्रूफबैग और क्यूट रेन-फ्रेंडली जेली शूज़। एक फ्लोरल-सेंटेड बॉडी मिस्ट और माइक्रोफाइबर टॉवल भी इस सीज़न में मेरी ज़रूरत की चीज़ें हैं।''

# नौशीन अली ने झूमकर किया घूमर नृत्य

लोकप्रिय शो 'वसुधा' के आने वाले सीक्वेंस में देवांश और मेघा की सगाई का जश्न मनाया जाएगा, जहां माहौल पूरे उत्साह, संगीत और परंपराओं से सजा होगा। लेकिन सगाई के इस जश्न में एक पल ऐसा होगा जो सबका दिल जीत लेगा - शो में चंद्रिका का किरदार निभा रहीं नौशीन अली सरदार का बेहद खूबसूरत घूमर परफॉर्मेंस। राजस्थान की परंपरा से जुड़ा घूमर महिलाओं द्वारा किए जाने वाला एक पारंपरिक लोकनृत्य है, जो नई शुरुआत के मौके पर किया जाता है। और नौशीन ने इसे पूरे सम्मान और सच्चाई के साथ पेश किया। दमदार घूमर, भावों से भरी हाथों की मुद्राएं और उनकी करिश्माई मौजूदगी, ये सबकुछ मिलकर इस परंपरा की खूबसूरती को ज़िंदा कर रहे थे। इस सीन के लिए नौशीन ने चार दिन तक जमकर रिहर्सल की, प्रोफेशनल कोरियोग्राफर से ट्रेनिंग ली और घूमर की हर बारीकी को समझने में पूरा ध्यान दिया, चाहे वो कदमों की रफ्तार हो या भावों की गहराई। नौशीन अली सरदार ने कहा, ''शूटिंग के दिन मैंने कई रीटेक्स में पूरे 22 घूमर किए ताकि इस सीन को अलग-अलग एंगल्स से शूट किया जा सके। यह परफॉर्मेंस शारीरिक रूप



से काफी चुनौतीपूर्ण थी, लेकिन उस वक्त का जोश और जज़्बात मुझे लगातार आगे बढ़ाते रहे। मैं चाहती थी कि सिर्फ डांस में ही नहीं, बल्कि मेरे जोश में भी वो गहराई नजर आए।'' मालूम हो कि ज़ी टीवी पर 'वसुधा' रोज रात सवा दस बजे ज़ी टीवी पर प्रसारित है।

## बाजार दर्पण

मिशिका
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
Cares For Your Health & Wealth...
आपका विश्वास हमारा प्रयास
वि-केयर इंडिया हेल्थ कार्ड बनवाएं और लाभ उठाएं
एक छत के नीचे सारी सुविधायें उपलब्ध है।
24X7 EMERGENCY
आपातकालीन सेवा में आपका भरोसेमंद साथी
अधिक जानकारी के लिए हॉस्पिटल रिसेप्शन पर सम्पर्क करें
9792934124, 7275534124
पता: 301डी, नियर सेंट जोसेफ स्कूल, जे.के. चौराहा, लखनऊ रोड कानपुर

उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोनः- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089